RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 144
फरीदाबाद, शुक्रवार, 01 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,018 | ▼ | 8.03 |
| निफ्टी | 15,780 | ▼ | 18.85 |
| सोना | 50,572 | ▼ | 323 /10 gm |
| चांदी | 59,377 | ▼ | 776 /kg |

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 31.00°C
न्यूनतम 27.00°C

# ठाणे के 'ठाकरे' अब महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री

## भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस को उपमुख्यमंत्री की कुर्सी मिली

## क्विक न्यूज

### 18 जुलाई से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से शुरू होगा, जो 12 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान विपक्ष अग्निपथ योजना, मंहगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रही है। बता दें कि 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग भी होनी हैं, जिसके नतीजे 21 जुलाई को आएंगे।

### इसरो ने सिंगापुर के तीन सैटेलाइट्स लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** इसरो ने सिंगापुर के तीन सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। इसरो के रॉकेट पीएसएलवी ने तीनों सैटेलाइट्स को 570 किलोमीटर ऊंचाई पर तय ऑर्बिट में स्थापित कर दिया। रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से लॉन्च किया गया। ये सैटेलाइट्स किसी भी मौसम में, दिन और रात में भी तस्वीरें ले सकेंगे।

### पत्रकार जुबैर को लेकर पुलिस आईएफएसओ सेल बेंगलुरु पहुंची

**नई दिल्ली।** ऑल्ट न्यूज के पत्रकार मोहम्मद जुबैर को लेकर दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ सेल बेंगलुरु पहुंच गई है। जुबैर को धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जुबैर ने पटियाला हाउस कोर्ट के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की है। जुबैर को सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया और चार दिन की कस्टडी की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर दिया था। जुबैर के वकील ने गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट की वैकेशनल बेंच में मामले अपील की है। इस मामले की सुनवाई आज होगी।

### संजय राउत आज ईडी के सामने होंगे पेश

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के सामने पेश होंगे। उन्होंने खुद इस बात की जानकारी दी। राउत ने कहा कि उन्हें जमीन घोटाला मामले में समन भेजा गया था। ईडी ने पात्रा चॉल जमीन घोटाला केस में पूछताछ के लिए राउत को 29 जून को हाजिर होने का नोटिस दिया था। इसके बाद, राउत के वकील ने मुंबई ईडी ऑफिस जाकर पेशी के लिए मोहलत मांगी थी। उन्होंने डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कम समय मिलने का हवाला दिया था।

### यमन में विस्फोटक, छह लोगों की मौत

**यमन।** यमन में बुधवार को एक कार बम फटने से छह लोगों की मौत हो गई। विस्फोटकों से लैस इस कार का निशाना एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी थे।

### उद्धव ठाकरे ने बुधवार रात को दे दिया था पद से इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**एकनाथ** शिंदे अर्थात ठाणे के ठाकरे ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के 20वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों को बधाई भी दी। भाजपा के समर्थन से शिंदे ने अपनी सरकार बनाई। शाम को 7.30 बजे उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही देवेंद्र फडनवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद फडणवीस ने भी ट्वीट कर लिखा- एक कार्यकर्ता के नाते पार्टी के आदेश का मैं पालन करता हूं, जिस पार्टी ने मुझे सर्वोच्च पद तक पहुंचाया, उसका आदेश मेरे लिए सर्वोपरि है।

प्रेस वार्ता में एकनाथ शिंदे ने कहा- बाला साहेब के हिंदुत्व और राज्य के विकास के एजेंडे के साथ हम साथ आए हैं। हम पिछली सरकार में रहते हुए भी कुछ कर नहीं पा रहे थे। इसमें किसी का कोई स्वार्थ नहीं है। बड़ी पार्टी होते हुए भी बीजेपी ने मुझे मौका दिया। देवेंद्र ने बड़ा दिल दिखाया। इसके लिए देवेंद्र जी का शुक्रगुजार हूं। मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी, गृहमंत्री अमित शाहजी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का शुक्रगुजार हूं।

राजभवन में फडणवीस ने मीडिया से कहा कि जनता ने महाविकास अघाड़ी को बहुमत नहीं दिया था। चुनाव के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी थी। शिवसेना ने हमारे साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन शिवसेना ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली। सत्ता के लिए बाला साहेब ठाकरे के विचारों को भी ताक पर रख दिया। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार के दो-दो मंत्री जेल में हैं। बालासाहेब ने हमेशा दाउद का विरोध किया, लेकिन उद्धव सरकार का एक मंत्री दाउद से जुड़ा हुआ है। जेल में जाने के बाद भी उसे मंत्री पद से हटाया नहीं गया। यह बाला साहेब का अपमान है। बता दें, उद्धव ठाकरे बुधवार रात करीब सवा 11 बजे इस्तीफा देने खुद ही ड्राइव कर राजभवन के लिए निकले थे। उनके साथ कार में दोनों बेटे आदित्य और तेजस ठाकरे भी थे। उद्धव जब राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने पहुंचे तो राज्यपाल ने उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था बनने तक अपने पद पर बने रहने को कहा। राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद उद्धव ठाकरे ने अपने बेटे आदित्य के साथ एक मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे अपने आवास मातोश्री पहुंचे थे।





### आंखों के सामने डूब गए बेटा बेटी तो छोड़ी थी राजनीति

**दो जून** 2000 की बात है। एकनाथ शिंदे अपने 11 साल के बेटे दीपेश और सात साल की बेटी शुभदा के साथ सतारा गए थे। बोटिंग करते हुए एक्सीडेंट हुआ और शिंदे के दोनों बच्चे उनकी आंखों के सामने डूब गए। उस वक्त शिंदे का तीसरा बच्चा श्रीकांत सिर्फ 14 साल का था। इस दर्दनाक घटना को याद करते हुए शिंदे ने कहा था, ये मेरी जिंदगी का सबसे काला दिन था। मैं पूरी तरह टूट चुका था। मैंने सब कुछ छोड़ने का फैसला किया। राजनीति भी। इस घटना को 22 साल हो चुके हैं। एकनाथ शिंदे अब महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री हैं। शिंदे का जन्म नौ फरवरी 1964 को हुआ था। वे महाराष्ट्र के सतारा जिले के पहाड़ी जवाली तालुका के रहने वाले हैं, लेकिन उनकी कर्मभूमि ठाणे रही। शुरुआत में शिंदे ठाणे में ऑटो चलाते थे। एकनाथ के पीए रह चुके इम्तियाज शेख उर्फ 'बच्चा' के मुताबिक ऑटो चालक के साथ शिंदे आरएसएस शाखा प्रमुख यानी मुख्य शिक्षक थे। आरएसएस की पृष्ठभूमि से होने के चलते उनका बीजेपी और हिंदुत्व से गहरा जुड़ाव है। ठाणे के 'ठाकरे' महाराष्ट्र के नए सीएम पिता फैक्ट्री मजदूर थे, मां ने घरों में काम किया था। शिवसेना के कद्दावर नेता आनंद दिघे से प्रभावित होकर शिंदे ने शिवसेना जॉइन कर ली। दिघे ही शिंदे के राजनीतिक गुरु थे। शिंदे पहले शिवसेना के शाखा प्रमुख और फिर ठाणे म्युनिसिपल के कॉर्पोरेटर चुने गए। बेटा-बेटी की मौत के बाद जब शिंदे ने राजनीति छोड़ने का फैसला किया, तो दिघे ही उन्हें वापस लाए थे।

### पाप बढ़ने पर सर्वनाश होता है, फिर सृजन...फिर कमल खिलता है : कंगना



**एक्ट्रेस** कंगना रनोट ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसा है। कंगना ने सोशल मीडिया पर लिखा- जब पाप बढ़ जाता है तो सर्वनाश होता है और उसके बाद सृजन होता है, और फिर जीवन में कमल खिलता है। कंगना ने अपने बयान में कहा, 1975 के बाद ये समय भारत के लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण समय है। 1975 में लोक नेता जेपी नारायण की एक ललकार, सिंहासन छोड़ो की जनता आती है से सिंहासन गिर गए थे। 2020 में मैंने कहा था कि लोकतंत्र एक विश्वास है और सत्ता के घमंड में आकर जो इस विश्वास को तोड़ता है, उसका घमंड टूटना भी निश्चित है।



### शिंदे को सीएम बनाकर भाजपा ने साधे पांच निशाने



**महाराष्ट्र** के सियासी नाटक के इस सीजन का अंतिम चरण भी आ ही गया। एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के नए सीएम बन गए। बीजेपी ने उन्हें समर्थन दिया है और मंत्रिमंडल में भी शामिल हुई है। इस क्लाइमेक्स के बाद सभी के मन में बस एक ही सवाल है। आखिर बीजेपी ने सिर्फ 49 विधायकों के समर्थन वाले एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री क्यों बनाया? बताया जा रहा है कि ऐसा करके बीजेपी ने पांच निशाने साधे हैं।

**पहला,** महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना, दोनों ही हिंदूवादी राजनीति के कॉम्पिटिटर हैं। 30 सालों से साथ होने के बावजूद दोनों ही जानते हैं कि किसी एक के बढ़ने का मतलब दूसरे का कम होना है। आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। साल-दर साल शिवसेना सिमटती गई और बीजेपी उतनी तेजी से आगे बढ़ती गई। चूंकि शिवसेना को खत्म किए बिना बीजेपी आगे नहीं बढ़ सकती, लेकिन शिवसेना खत्म हो जाए और उसका ब्लेम बीजेपी के सिर पर न आए, इसलिए शिंदे को सीएम बनाया गया।

**दूसरा,** बीजेपी ठाकरे की विरासत वाली शिवसेना को समेटना तो चाहती है, लेकिन वो यह भी नहीं चाहती थी कि महाराष्ट्र की जनता के सामने यह ठीकरा उसके सिर फूटे। यही वजह है कि इस बगावत में सबसे अहम किरदार निभाने के बावजूद बीजेपी खुद सामने नहीं आई। उधर, शिंदे बार-बार खुद को असली शिवसेना बताते रहे। और आखिरकार बीजेपी ने शिवसैनिक शिंदे को सीएम बनाकर सबसे बड़ा दांव खेल दिया।

**तीसरा,** महाराष्ट्र में बालासाहेब ठाकरे की विरासत बीजेपी की राह का बड़ा रोड़ा थी, जिसकी झंडा बरदारी फिलहाल उद्धव ठाकरे कर रहे हैं। शिंदे को सुप्रीम पावर देने से शिवसेना के संगठन में टूट पड़ने के आसार हैं। संगठन के लोग मुख्यमंत्री के खेमे में जाना चाहेंगे। इस तरह उद्धव ठाकरे की ताकत और कमजोर पड़ जाएगी।

**चौथा,** बीजेपी के एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने के दांव की एक और वजह एशिया के सबसे अमीर नगर निगम बृहनमुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन यानी बीएमसी पर कब्जे की लड़ाई है। बीजेपी का प्रमुख एजेंडा शिवसेना से बीएमसी को छीनना है। इस साल सितंबर में बीएससी के चुनाव होने हैं और इनमें बीएमसी की नजरें शिवसेना के वोट बैंक को कमजोर करने की है।

**पांचवां,** सभी जानते हैं कि बाल ठाकरे ने अपनी राजनीति की शुरुआत मराठी मानुष से की थी। यानी मराठा अस्मिता उनकी राजनीति का कोर रही है। ये बात अलग है कि 90 के दशक में हिंदूवादी राजनीति के जोर पकड़ने के बाद ठाकरे ने हिंदूवादी राजनीति की भी शुरुआत कर दी। इधर, बीजेपी राष्ट्रीय पार्टी होने की वजह से मराठी अस्मिता की राजनीति नहीं कर सकती है। इससे बाकी हिंदी भाषी बेल्ट में उस पर बुरा असर पड़ेगा। बीजेपी को ऐसे में हिंदुत्व के अलावा एक और फैक्टर की जरूरत थी। उसकी भरपाई के लिए भाजपा ने शिंदे पर दांव खेला है। शिंदे मराठा हैं और इसका फायदा बीजेपी को जरूर मिलेगा।

### भूस्खलन में धंसा आर्मी कैंप, 13 जवानों के शव बरामद

एजेंसी। मणिपुर

**मणिपुर** में कई दिनों से जारी बारिश की वजह से भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुधवार रात नोनी जिले के तुपुल रेलवे स्टेशन के पास हुए भूस्खलन की चपेट में 107 टेरिटोरियल आर्मी का कैंप आ गया।

हादसे के बाद दर्जनों जवान मिट्टी में दब गए। बताया जा रहा है कि समाचार लिखे जाने तक 13 जवानों के शव बाहर निकाले जा चुके थे, जबकि 19 जवानों को रेस्क्यू किया गया है। वहीं, 30-40 से ज्यादा दबे हुए हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से बात कर स्थिति की जानकारी ली और केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घायलों की मदद के लिए डॉक्टरों की एक टीम मौके पर रवाना हो गई है। घायलों को इलाज के लिए नोनी आर्मी मेडिकल यूनिट लाया गया है। भूस्खलन के वजह से इजाई नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ है। यह नदी तामेंगलोंग और नोनी जिलों से होकर बहती है।

### राज्यपाल ने मदरसों की पढ़ाई पर तीखी प्रतिक्रिया दी

**केरल।** राजस्थान के उदयपुर हत्याकांड मामले में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। राज्यपाल ने बुधवार को कहा कि आज कल के मदरसों में सिखाया जाता है कि ईशनिंदा की सजा सिर कलम करना है। खान ने कहा- बच्चों को पांच या छह साल की उम्र से सिखाया जाता है, जिसे वे मुस्लिम लॉ कहते हैं, यह कुरान से नहीं आया। इसे तो अलग-अलग लोगों ने एम्पायर के दौरान लिखा और इसमें सिर कलम करने की बात है। यह लॉ मदरसों में बच्चों को पढ़ाया जाता है।

**पंजाब विधानसभा सत्र में कई बड़े प्रस्ताव पास**

### अग्निपथ स्कीम के खिलाफ प्रस्ताव पास

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** विधानसभा में सेना भर्ती की अग्निपथ स्कीम के खिलाफ प्रस्ताव पास हो गया है। सीएम भगवंत मान ने यह प्रस्ताव पास किया, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर सवाल उठाए।

मान ने कहा कि अगर यह स्कीम इतनी अच्छी है तो फिर पहले भाजपा वाले अपने बेटों को अग्निवीर बनाएं। बहस में भाजपा ने इस प्रस्ताव को लाने को लेकर सवाल खड़े किए। कांग्रेस और अकाली दल ने इसका समर्थन किया। बहस के बाद इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया। सीएम मान ने कहा कि वह पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर स्कीम वापस लेने की मांग करेंगे।



उन्होंने कहा कि यह फैसला किसान आंदोलन की तरह न करें कि नुकसान होने के बाद गलती को कबूल करें। उन्होंने कहा कि भाजपा बहुमत से सत्ता में आई है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि तानाशाही चलेगा। बहस के दौरान भाजपा विधायक अश्वनी शर्मा ने कहा कि हम इस प्रस्ताव के एक्सपर्ट नहीं है। यह देश की सुरक्षा और सेना से जुड़ा मुद्दा है। हमें सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने इस स्कीम की जरूरत के बारे में खुली बताई। उन्होंने सेना के मामले में राजनीति करने पर सवाल उठाए। शर्मा ने कहा कि अगर यूपी सरकार उन युवाओं को नौकरी में पहल दे रही है तो पंजाब ऐसा क्यों नहीं करता। उन्होंने प्रस्ताव लाने पर सवाल उठाए।

### हाईटेंशन तार टूटकर ऑटो पर गिरा, सात की मौत

**पांच अन्य सवारियों ने ऑटो से कूदकर अपनी जान बचाई**

एजेंसी। सत्यसाईं

**आंध्र** प्रदेश के सत्यसाईं जिले में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक ऑटो पर हाईटेंशन वायर गिरने से उसमें आग लग गई। ऑटो में खेतों में काम करने जा रहे मजदूर बैठे थे। इनमें से सात की झुलसकर मौत हो गई, एक की हालत गंभीर है। ड्राइवर और पांच अन्य सवारियों ने ऑटो से कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने बताया कि पास के गांव के किसान ने मजदूरों को बुलाया था। ये सभी एक सेवन सीटर ऑटो में बैठकर जा रहे थे। अचानक बिजली का तार गिरा और ऑटो में आग लग गई।



तड़ीमारी मंडल के चिल्लाकोडायपल्ली गांव के पास हादसा हुआ, जब पुलिस पहुंची तो सात लोग जिंदा जल चुके थे। पुलिस के मुताबिक, सभी मजदूर थे। खेतों पर काम करने जा रहे थे। लक्ष्मी नाम की एक महिला को बचा लिया गया है, लेकिन उसकी हालत नाजुक है। मरने वाले गुड्डमपल्ली गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

**श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप का लोकार्पण हुआ, सीएम मनोहरलाल ने कहा**

### विश्वस्तरीय म्यूजियम बनाएंगे, स्वदेश दर्शन और रिसर्च-एजुकेशन को बढ़ावा देंगे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** जिले में गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप का लोकार्पण किया गया। गीता संस्थान केंद्र से आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप का लोकार्पण किया। इस अवसर पर गीता के श्लोक का उच्चारण भी किया गया। ज्ञानानंद महाराज ने मोहन भागवत को सम्मानित किया।

सरसंघ संचालक मोहन भागवत ने संबोधन में कहा कि गीता किसी एक संप्रदाय का ग्रंथ नहीं है। यह बात सही है। भारत में हिंदू परपंरा में गीता है। हिंदू समाज उसका ट्रस्टी है। जब तक सृष्टि है, तब तक गीता की प्रासंगिकता है। गुरु नानक देव आपने दोष न लिवे करता। कृष्ण तो युद्ध लड़े ही नहीं, केवल रथ के पहिए ही दौड़ाए। भगवान की रीति है कि वो माध्यम से कराता है। अर्जुन को लड़ने के लिए गीता का उपदेश दिया गया, परंतु गीता में अहिंसा का उल्लेख है। इसलिए कर्त्तव्य करों और निर्मल मन से करो।



ज्योतिसर में स्थापित भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा।

### हरियाणा देवों की भूमि : बंडारू दत्तात्रेय

**मोहन** भागवत ने कहा कि गीता जीवन विद्या है। संपूर्ण विश्व से अपना जीवन बनता है। गीता की आज जरूरत है। सृष्टि में पर्यावरण बिगड़ गया है। जगह जगह कट्टरता है। आपस में द्वेष है। मनुष्य का मन संकुचित हो रहा है। संपूर्ण मानवता की एकता की बात तो करता है परंतु पड़ोस में ही गुट बनाकर लड़ता है। मुझे कुरुक्षेत्र में आने का सौभाग्य मिला। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा हरि का है। हरियाणा देवों की भूमि है।

### मानव समाज जब तक रहेगा, तब तक गीता रहेगी : ज्ञानानंद महाराज

**हरियाणा** गीता का केंद्र है। कुरुक्षेत्र को न केवल देश में बल्कि दुनिया के मैप में स्थान मिलेगा। भगवत गीता एक मजहब का ग्रंथ नहीं है। पूरे मानव जीवन को संदेश देने वाली है गीता। मानव समाज जब तक रहेगा, तब तक गीता रहेगी। गीता ज्ञान संगठन के ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कहीं न कहीं बुराई से भी अच्छाई निकल सकती है। धृतराष्ट्र की वाणी से पहला शब्द अधर्म नहीं निकला। आज एक महत्वपूर्ण दिवस है। भगवद् गीता का अवतरण स्थल ज्योतिसर अपनी पहचान खोता जा रहा था। 2014 में जब सरकार आई तो ज्योतिसर की चर्चा हुई। ज्योतिसर को उसका स्वरूप मिले, यह युग युगातंर के लिए एक प्रेरणा बनी रही। सरकार ने जो निर्णय लिया, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को द्वापर युग में इसी धरती पर अपने विराट स्वरूप के दर्शन कराए थे। हमारा प्रयास उसी ऐतिहासिक घटना को 21वीं सदी में जींवत करने का है। इंद्रदेवता के आदेश पर कुरुक्षेत्र में पहुंचे हैं। आज गुप्त नवरात्रि का महत्वपूर्ण दिन भी है। इस दिन किए जाने वाला कोई भी कार्य फलदायी होता है। भगवान श्री कृष्ण की विराट स्वरूप प्रतिमा का अनावरण हुआ है। बता दें कि भगवान श्री कृष्ण का यह विराट स्वरूप 40 फीट लंबा और 35 टन वजनी है। विख्यात मूर्तिकार डॉ. राम सुतार और उनके पुत्र अनिल सुतार ने 80 कारीगरों की मदद से करीब तीन साल में इसे तैयार किया है।

# डॉक्टर्स-डे
## इतिहास और महत्व



डॉक्टर विधानचंद्र रॉय

**भारत** में एक जुलाई को डॉक्टर विधानचंद्र रॉय के जन्मदिन के रूप में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने 1991 में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरुआत की थी। देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र रॉय को सम्मान देने के लिए यह मनाया जाता है। उनका जन्मदिवस और पुण्यतिथि दोनों इसी तारीख को पड़ती है। इस दिन डॉक्टरों के महत्व पर प्रकाश डाला जाता है। हमारे जीवन में डॉक्टरों द्वारा दिए गए योगदान को सराहा जाता है।

विधानचंद्र रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना के खजांची में हुआ था। वे अपने विद्यार्थी जीवन में मेधावी छात्र रहे और इसी कारण उन्होंने अन्य छात्रों के मुकाबले अपनी शिक्षा जल्दी पूरी कर ली। रॉय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भारत में और उच्च शिक्षा इंग्लैंड से पूरी की। विधानचंद्र रॉय डॉक्टर के साथ-साथ समाजसेवी, आंदोलनकारी और राजनेता भी थे। रॉय बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री बने। विधानचंद्र रॉय ने डॉक्टर के रूप में कॅरियर की शुरुआत सियालदाह से की साथ ही वे सरकारी डॉक्टर भी रहे। असहयोग आंदोलन आदि में रॉय ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुरुआत में उन्हें लोग महात्मा गांधी, नेहरू के डॉक्टर के रूप में जानते थे। महात्मा गांधी के कहने पर उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा। डॉक्टर्स डे, विधानचंद्र रॉय के जन्मदिन के दिन मनाने का सबसे बड़ा कारण था कि वे जो भी आय अर्जित करते थे, सब कुछ दान कर देते थे। रॉय एक रोल मॉडल हैं। आजादी के आंदोलन के समय उन्होंने घायलों और पीड़ितों की निस्वार्थ भाव से सेवा की।

डॉक्टर्स डे मनाने के पीछे उद्देश्य, डॉक्टर्स के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें समाज में सम्मान का स्थान देना है। दुनिया में किसान और जवान के समान ही डॉक्टर की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है, जिनके बिना समाज की कल्पना असंभव है। रोगी जब डॉक्टर के पास जाता है तो वह याचक के रूप में होता है और डॉक्टर दानी। डॉक्टर रोगी को मौत के मुंह से भी निकालकर ले आता है। डॉक्टर आयुर्वेदिक, ऐलोपैथी, यूनानी आदि अलग-अलग चिकित्सा पद्धतियों के जरिए मरीज को ठीक करने का प्रयास करता है। विश्व भर में कोरोना जैसी खतरनाक महामारी के चलते डॉक्टर्स भी अपनी भूमिका तत्परता से निभा रहे हैं। 'थैंक्यू डॉक्टर' बोलकर जरूर डॉक्टर्स का शुक्रिया अदा करना चाहिए। डॉक्टर्स सबसे जरूरी: किसी भी व्यक्ति के हर दिन एक से नहीं रहते। अगर वे आज स्वस्थ है, तो कल को बीमार भी हो सकता है। ऐसे में उसे डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। डॉक्टर के पास कई ऐसे मरीज भी आते हैं, जिन्हें देखकर लगता है कि इनकी जान बचाना अब नामुमकिन है, लेकिन डॉक्टर्स अपने ज्ञान और दवाओं के जरिए उस मरीज को एक नई जिंदगी देते हैं। हालांकि, जब खबरें सामने आती हैं कि डॉक्टर्स की टीम पर हमला हुआ, तो ये हर किसी को निराश करती हैं।

जब भी कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, तो वो डॉक्टर के पास ही जाता है, क्योंकि डॉक्टर ही लोगों को छोटी ही नहीं कई गंभीर और खतरनाक बीमारियों से भी बचाते हैं। डॉक्टर को यूं ही भगवान के समान दर्जा नहीं दिया जाता है, उसके पीछे उनकी मेहनत साफ नजर आती है। एक व्यक्ति जब किसी भी बीमारी का शिकार होता है, उसके साथ कोई दुर्घटना होती है या फिर किसी गंभीर बीमारी की चपेट में लोग आते हैं आदि। ऐसे मुश्किल भरे वक्त में डॉक्टर ही उन्हें ठीक करते हैं और एक नई जिंदगी देने का काम करते हैं। वहीं, इस बार कोरोना काल में तो डॉक्टर्स की महत्वता को हर किसी ने पहचाना। दुनिया ने देखा कि कैसे डॉक्टर्स ने दिन-रात काम करके मरीजों की जान बचाई। डॉक्टर्स के सम्मान में ही हर साल एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। तो चलिए इस दिन के इतिहास और महत्व के बारे में जानते हैं।

## राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं और रोगियों को शीघ्र स्वस्थ लाभ की प्रार्थना और सभी को सदा स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।



डॉ. मनोज राय मेहता

### डॉक्टर केवल अपनी काबिलियत और निष्ठा से कार्य का निर्वाह कर रोगी की सेवा कर अपने काम से यह दर्जा हासिल करते हैं।

**पूरे विश्व** में डॉक्टर्स को बहुत सम्मान दिया जाता है। भारत वर्ष में भी उन्हें पूरा समाज सम्मान पूर्वक आदर के साथ देखता है। यह दिवस भारत में एक जुलाई को मनाया जाता है जो कि डॉ. बिधान चन्द्र रॉय के जन्म व मरण दिवस के साथ सन्निपतित है। डॉ. बी.सी. रॉय एक महान चिकित्सक और पशिचम बंगाल के दूसरे मुख्य मन्त्री भी थे। एक महान स्वतंत्रता सैनानी होने के साथ शिक्षा विद् भी थे। महात्मा गाँधी के द्वारा स्थापित आन्दोलनों से भी उन्होंने सक्रिय भाग लिया था। डॉ. बी.सी. रॉय के नाम से विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में अग्रणी डॉक्टरों को पुरस्कृत किया जाता है। यह पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर पर दिये जाते हैं। भारत वर्ष में डॉक्टरों की तुलना भगवान से की जाती है किन्तु जीवन-मृत्यु इंसान के हाथ में नहीं होती। डॉक्टर केवल अपनी काबिलियत और निष्ठा से कार्य का निर्वाह कर रोगी की सेवा कर अपने काम से यह दर्जा हासिल करते हैं। आज विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अनेक जटिल समस्याओं का शल्य चिकित्सा, रेडियेशन प्रणाली व दवाईयों से सम्भव हो पाया है आज निदान व उपचार के व्यापक साधन उपलब्ध है। प्रत्येक डॉक्टर समर्पण, कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी व लगन से अपना कार्य करता हैं। वह अक्सर हमे सम्भावित मृत्यु तथा अंग भंग से बचाता है इसलिए लोग उसे जीवनदाता भी कह देते हैं। कई बार जटिल समस्याओं से जूझते हुये चिकित्सक हार भी जाते है। डॉक्टर भी इंसान ही हैं और अपनी निष्ठा व चेष्ठा के साथ काम करते हैं। कुछ रोगियों के परिजन डॉक्टरों से दुर्वव्हार करते हैं और हिंसक भी हो जाते हैं। इस प्रकार का आचरण कतई गवारा नहीं है। यह समाज में अराजकता का प्रतीक है और डॉक्टरों को हतोत्साहित करता हैं।

राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं और रोगियों को जल्द स्वस्थ लाभ की प्रार्थना और सभी को सदा स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।



डॉ. नीती पंजीता
दंत चिकित्सक



डॉ. जी.ए. नौमनी
कंसल्टेंट कार्डियोलॉजी



डॉ. संदीप मलहोत्रा
फिजिशयन एवं छाती रोग विशेषज्ञ



डॉ. लोकेश गर्ग
फिजिशयन एवं छाती रोग विशेषज्ञ



डॉ. निर्मेश वर्मा
निदेशक, सवन्या इमेजिंग सेंटर



डॉ. प्रशांत गुप्ता
एमडी (पैथोलॉजी)
















डॉक्टर दिवस पर विशेष

# डॉक्टरों के अभाव में नहीं मिल रहा बेहतर इलाज

**कविता।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के दौरान बीके अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाई गई है। जिसके तहत यहां नया कोविड-19 अस्थाई अस्पताल भी 96 बिस्तरों का बनाया गया है। लेकिन अस्पताल में चिकित्सकों व स्टाफ की संख्या नहीं बढ़ाई। जिससे यहां कार्यरत चिकित्सकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

चिकित्सकों का कहना है कि वह अकेले कार्य तो करना चाहते हैं, लेकिन अस्पताल की रीढ़ कही जाने वाली स्टाफ नर्सें ही अस्पताल में कम हैं। ऐसे में मरीजों को सुविधाएं कैसे उपलब्ध करवाएं। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए मजबूरी में निजी अस्पताल में जाना पड़ रहा है। अस्पताल के डाक्टरों के तबादले के बाद यहां नए डाक्टरों को तैनात नहीं किया जाता।

बीके सिविल अस्पताल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आए दिन नई-नई योजना तैयार की जा रही है। जिनमें ढांचागत सुविधाओं के साथ आधुनिक उपकरण लगाने की योजनाएं भी शामिल हैं। लेकिन अस्पताल में फिलहाल जो भी सुविधाए है, उनके माध्यम से यहां आने वाले मरीजों को इलाज करने वाले डाक्टर व स्टॉफ की अस्पताल में भारी कमी है। स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा चिकित्सकों व स्टॉफ की कमी को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन मिला था, लेकिन




गंभीरता नहीं दिखाई जाती।

**स्वास्थ्य कर्मियों की कमी:** आरटीआई कार्यकर्ता तरूण चोपडा ने की आरटीआई के जबाव में पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया गया था कि अस्पताल में चिकित्सकों के पद खाली है। दो सौ बिस्तरों के सिविल अस्पताल में जहां 55 चिकित्सकों की पोस्टे है, उनमें तीन सीनियर मेडिकल ऑफिसर, एक डिप्टी मेडिकल सुप्रीटेंडेंट और दो मेडिकल ऑफिसरों की पोस्ट खाली है। वही अस्पताल में 90 स्टाफ नर्से होनी चाहिए। लेकिन यहां फिलहाल 70 स्टाफ नर्सों की पोस्ट खाली है। नर्सिंग स्टाफ की संख्या दस होनी चाहिए। लेकिन यहां आठ पोस्ट खाली है। प्रयोगशाला में 14 लैब टेक्नीशियनों में 10 पोस्ट खाली है। रेडियोलॉजिस्टों की संख्या छह होनी चाहिए, लेकिन अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की पोस्ट भी खाली है। ऑपरेशन थियेटर में हेल्प के लिए नौ पोस्ट खाली है। ईसीजी के लिए तीन पोस्टों में मात्र एक टैक्नीशियन है, दो पोस्ट खाली है। अस्पताल में अल्ट्रालॉजिस्ट की पोस्ट खाली है। जिस कारण मरीजों को भारी परेशानी होती है। वहीं उन्होंने आरटीआई के जबाब में बताया है कि डॉक्टर, स्टाफ नर्स और अन्य स्टाफ की संख्या बढ़ाने के लिए उच्च स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिख चुकी है।

# नीरज चोपड़ा ने जेवेलिन थ्रो में फहराया झंडा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि नीरज चोपडा के ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद आधिकारिक कार्यक्रमों से फ्री होने के कुछ समय बाद ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए विश्व के अलग-अलग देशों में जाकर अपना नियमित अभ्यास कर भारत देश को पदक देने का कार्य कर रहे हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपडा 90 मीटर की दूरी पार करने के लिए दिन रात विभिन्न



एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा।

स्थानों और विभिन्न वातावरण में जाकर अथक अभ्यास कर रहे हैं। राजकुमार मिटान ने बताया कि 14 जून को तुर्कु में पावो नैरोमी गेम्स में 89 मीटर 30 सैंटीमीटर की बेहतरीन थ्रो कर रजत पदक विजेता बनकर भारत देश का मान बढ़ाया। फिनलैंड कुआर्तने में बारिश के चलते हुए टूर्नामेंट में 86 मीटर 69 मीटर की अच्छी थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर भारत की झोली में दिया। कुओर्तने में बारिश के कारण खेल मैदान पर फिसलन की समस्या का सामना करते हुए तीसरी थ्रो करने के बाद गिर भी गये थे, मगर नीरज चोपडा ने गिरने के बाद भी अपने बुलंद हौंसलों से खडे होकर अपने आपको चोटिल होने से भी बचाया। नीरज चोपडा अब 30 जून को होने वाली डायमंड लीग में खेलकर अपने खेल प्रदर्शन को और बेहतर करने का कार्य करेगा। 21 जुलाई से 23 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करेगा।

# बरसात ने दी गर्मी और उमस से राहत पर शहर में दिखा जलभराव

## एनआईटी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से जलभराव से मिली राहत

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**कुछ** दिनों से लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस भरे माहौल ने शहर के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया था। तपती गर्मी के कारण जहां लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों को करने में परेशानी आ रही थी। वहीं गर्मी के कारण वायरल और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा था। लेकिन बृहस्पतिवार सुबह मौसम के करवट लेने से लोग काफी राहत महसूस कर रहे है।

सुबह करीब नौ बजे शुरू हुई बरसात दोपहर बाद तक रुक-रुक कर जारी रही। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम की लापरवाही के कारण बरसात के दौरान शहर की व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बरसात में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार



जवाहर कालोनी 60 फुट रोड पर भरे बरसात के पानी से गुजरते लोग।

की है। तीनों जोनों में देखरेख के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**राहत के साथ झेलनी पड़ी परेशानी :** दिनभर जमकर हुई बरसात ने जहां लोगों के तन और मन को खूब ठंडक दी है, वहीं दूसरी तरफ शहर के कई इलाकों में बरसात के कारण लोगों को परेशानियां झेलने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। हार्डवेयर से व्हर्लपूल चौक तक सड़क निर्माण न होने से जहां बरसाती पानी भर गया, वहीं दिनभर यहां वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भी शहर के कई इलाकों में जल भराव के कारण लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा बुरी तरह स्थित एनआइटी विधानसभा क्षेत्र की थी। यहां विभिन्न सड़कें बरसाती पानी में जलमग्न हो गई। हार्डवेयर चौक से व्हर्लपूल चौक तक सड़क निर्माण के लिए की गई खुदाई की वजह से स्थित बुरी तरह बिगड़ गई। पहले ही यहां जाम लगा रहता था। अब बरसात आने यहां स्थिति और बिगड़ गई।

**कई सड़कों के निर्माण से राहत :** एनआइटी औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में बनी दो प्रमुख सड़कों के निर्माण से बरसात के बाद जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो गई। वर्ना इन स्थानों पर जरा सी बरसात के बाद ही स्थिति बद से बदतर हो जाती थी। इसके अलावा निगमायुक्त यशपाल यादव द्वारा पिछले दिनों उठाए गए ठोस कदमों की वजह से भी इस बार भारी बरसात के बावजूद शहर में स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में रही। जिसके तहत शहर में सफाई अभियान चलाए गए थे और वर्षो से जाम नालों व सीवर की सफाई करवाई गई थी। जिसके कारण दिनभर आई बरसात के बाद पहले के मुकाबले इस बार जलभराव की समस्या कम उत्पन्न हुई है। वहीं दूसरी तरफ एनएचएआई के दावों के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की समस्या का समाधान पूरी तरह अभी भी नहीं हो पाया है। जगह जगह बरसाती पानी भरने की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे।



सेक्टर 22-23 की मैन रोड पर हुआ जलभराव।

## जलभराव से निपटने को नोडल अधिकारी नियुक्त

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद में तीन फ्लड प्रोटेक्शन जोन बनाए गए हैं। जिनके नोडल अधिकारी के रूप में एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गौरव अंतिल, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार व एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद व नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इंदरजीत कुलड़िया को नियुक्त किया गया है। वाहनों के आसान आवागमन व ट्रैफिक जाम की स्थिति के समाधान के लिए फरीदाबाद पुलिस सहित सम्बंधित सभी विभागों की सहायता भी ली जाएगी। इनमें पुलिस विभाग, एमसीएफ, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, इरीगेशन, एफएमडीए, एनएचएआई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जलभराव के समाधान के लिए रहेंगे तैनात व एसीपी, एसडीएम स्तर के अधिकारी भी निगरानी करेंगे।



उपायुक्त जितेंद्र यादव

## संक्षिप्त समाचार

### विकास ने यूनिवर्सिटी में लिया प्रथम स्थान



**फरीदाबाद।** जैसा कि सर्वविदित है कि एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। हर साल संस्थान से निकले हुए बच्चे अच्छी जगह पर नौकरी पाकर अपना व संस्थान का नाम रोशन करते हैं। विगत कई वर्षों से संस्थान के विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी में भी उच्च स्थान प्राप्त करना संस्थान के लिए गौरव एवम हर्ष का विषय रहा है। इसी क्रम में इस बार भी यहां के छात्र विकास ने पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेस रोहतक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकास ने 600 में से कुल 514 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान से ये उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ संस्थान की छात्रा नेहा ने 499/600 अंक लेकर चौथा स्थान एवम पुष्प 490/600 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। छात्रों द्वारा हासिल की गई यह सफलता उनके माता पिता एवम संस्थान के सभी अध्यापकों एवं स्टाफ के लिए गर्व का विषय है। चेयरमैन एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स ओर प्राचार्य डा. अर्पणा राणा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परिश्रम के ऊपर हमेशा विश्वास रखना चाहिए । मेहनत के बल पर हर मुकाम जीवन मे पाया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर किया आयोजित



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एसडीजीएस क्लब, यूथ रेडक्रॉस व हेल्थ क्लब, भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के सौजन्य से नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रैशर और स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की अहम् भूमिका रही। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने सभी का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए सभी को बधाई दी। भारत विकास परिषद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराया और साथ ही डॉ. सूरज प्रकाश जी (संस्थापक भारत विकाश परिषद्) के जीवन पर प्रकश डालते हुए उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए विवरण प्रस्तुत किया। राजकुमार अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। जिनका विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। जिसमें सीटी स्कैन मशीन, ईसीजी मशीन, इको, टीएमटी, डायलिसिस सेंटर, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड आदि की कम कीमत पर सेवाएं दी जा रही हैं। डॉ. मनोज शुक्ल ने सफल कार्यक्रम के आयोजन पर सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

### रमेश चुने गए प्रधान



**फरीदाबाद।** म्यूनिसिपल इम्पलाइज फैडरेशन की इकाई मैकेनिकल वकर्स यूनियन का चुनाव फैडरेशन के प्रधान रमेश जागलान, महासचिव दशरथ कुमार, उपप्रधान शाबीर खान की देख में संपूर्ण हुआ। जिसमें मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार अतर सिंह भडाना व रमेश पहलवान रहे। कुल मत 823 थे। जिसमें से 695 वोट पड़े। 401 वोट अतर सिंह भडाना को व 288 वोट रमेश पहलवान को मिले, 6 वोट रद्द हुए व फेडरेशन प्रधान रमेश जागलान ने विजयी उम्मीदवार अतर सिंह भड़ाना को विजय होने पर आगामी तीन वर्ष के लिए प्रधान घोषित किया। इस अवसर पर फेडरेशन कोषाध्यक्ष रन सिंह भड़ाना, ड्राइवर यूनियन प्रधान नेत्रपाल शर्मा, महेन्द्र कुमार, नरेश बैंसला, राजपाल तेवतिया, राजेन्द्र बैंसला, महावीर पोसवाल, रामबीर, राजेन्द्र, सीताराम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी कर्मचारी साथियों ने नवनिर्वाचित प्रधान को बधाई दी। नवनियुक्त प्रधान ने सभी का धन्यवाद किया।

### वर्ल्ड गेम्स इन लाइन हॉकी में तीन खिलाड़ियों का चयन



हिमांशु



प्रांजल



सिमरन

**फरीदाबाद।** जिले के तीन हॉकी खिलाड़ियों का चयन वर्ल्ड गेम्स में इनलाइन हॉकी के लिए हुआ है। यह तीनों खिलाड़ी सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में चल रही एकेडमी में स्केटिंग कोच जॉन डेविड से ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस बारे में जब पायनियर संवाददाता कविता ने जॉन डेविड से बात की तो उन्होंने बताया कि मानव रचना स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र प्रांजल, एमवीएन स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा सिमरन और मानव रचना युनिवर्सिटी से बीबीए कर रहा हिमांशु उनके पास पिछले कई सालों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह नेशनल गेम्स में भी खेल चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों पंजाब में ट्रायल के बाद कैम्प में हिमांशु और प्रांजल का चयन किया गया है। वहीं पंचकुला हरियाणा में ट्रायल और कैम्प के दौरान सिमरन का चयन हुआ है। तीनो ही जुनियर ग्रुप में है। उन्होंने बताया कि तीनों खिलाड़ियों का चयन भारतीय जुनियर इनलाइन हॉकी टीम के लिए चयन किया गया है। इसमें प्रांजल और हिमांशु का चयन जूनियर पुरूष इनलाइन हॉकी टीम और सिमरन का चयन जूनियर महिला इनलाइन हॉकी के लिए 24 अक्टूबर से 14 नवंबर 2022 तक अर्जेंटिना में आयोजित होने वाले विश्व स्केट खेल में भाग लेंगे।

### गुड़गांव नहर में गिरी गाय बचाई

**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 में गुड़गांव केनाल नहर के पास सुबह बरसात के समय एक गाय गिर गई। इसकी सूचना चौकी इंचार्ज सेक्टर-55 रणधीर को जैसे ही मिली वो तुरन्त अपने टीम के साथ वहां पहुंचे और वहां मौजूद लोगों की मदद से उस गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान चौकी इंचार्ज को हिम्मत देने से पुलिस के साथ लोगों ने मदद की व सकुशल गाय को बाहर निकाल लिया। लोगों ने भी पुलिस की तारीफ की। इस नेक कार्य के लिए इंचार्ज को पुलिस की आवाज टीम की तरफ से सेल्यूट किया गया।

# रबर प्लांटेशन बढ़ाने का काम कर रहा है एटमा

**पायनियर समाचार सवा।** फरीदाबाद

**रबर** बोर्ड ऑफ इंडिया, नेशनल रबर मिशन के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप देने में जुटा है, जिससे घरेलू स्तर पर प्राकृतिक रबर से संबंधित जरूरतें देश के अंदर ही पूरी की जा सकें। घरेलू स्तर पर प्राकृतिक रबर की खपत और उत्पादन के बीच का अंतर रबर बोर्ड और रबर उद्योग के लिए लंबे समय से चिंता का कारण बना हुआ है। वर्तमान समय में प्राकृतिक रबर की करीब 35 प्रतिशत की घरेलू मांग आयात से पूरी की जाती है।

ऑटोमोटिव टायर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटमा) की मैनेजिंग कमेटी मीटिंग में अतिथि वक्ता के रूप में अपने संबोधन में रबर बोर्ड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. के.एन. राघवन ने कहा, नेशनल रबर मिशन देश के अंदर ही पर्याप्त प्राकृतिक रबर उत्पादन की दिशा में काम कर रहा है, जिससे घरेलू उद्योग की मांग पूरी की जा सके और आयात को कम किया जा सके। डॉ. राघवन ने कहा कि नेशनल रबर मिशन का लक्ष्य गैर पारंपरिक क्षेत्रों में 5 लाख हेक्टेयर जमीन पर नए रबर प्लांटेशन को बढ़ावा देना है। नेशनल रबर मिशन के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एटमा के चेयरमैन सतीश शर्मा ने कहा, 'टायर उद्योग देश में अच्छी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी कीमत वाले रबर उत्पादन के लिए प्लांटेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। एटमा के कुछ सदस्य पहले से ही रबर बोर्ड के साथ



मिलकर पूर्वोत्तर में रबर प्लांटेशन बढ़ाने की दिशा में एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट को नॉर्थ ईस्ट मिशन ऑफ टायर इंडस्ट्री फॉर रबर ऑग्मेंटेशन (एनईमित्रा) नाम दिया गया है। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में 2 लाख हेक्टेयर में रबर प्लांटेशन करना है। इस प्रोजेक्ट के तहत जून, 2021 में प्लांटेशन की शुरुआत भी कर दी गई थी।'

देश में रबर प्लांटेशन के लिए केरल और तमिलनाडु पारंपरिक क्षेत्र हैं। गैर पारंपरिक क्षेत्रों में पूर्वोत्तर के सात राज्यों सहित कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। नेशनल रबर मिशन 2025-26 में पूरा हो जाएगा। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए करीब 95,000 हेक्टेयर जमीन की पहचान प्लांटेशन के लिए की जा चुकी है। डॉ. राघवन ने यह भी स्पष्ट किया कि नेशनल रबर मिशन के तहत 5 लाख हेक्टेयर में नए रबर प्लांटेशन का लक्ष्य एनईमित्रा प्रोजेक्ट के अतिरिक्त है। रबर बोर्ड ने बेहतर उत्पादन वाली सात प्रजातियां भी विकसित की हैं, जिनमें से दो प्रजातियां खास पूर्वोत्तर के लिए हैं।

# डायग्नोस्टिक लैब ऑरेंज हेल्थ ने रखा कदम

## भारत के सबसे बड़े बाजार में कदम रखने से टेक इनेबल्ड डायग्नोस्टिक लैब को कस्टमर बेस बढ़ाने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रणी** हेल्थ टेक स्टार्टअप और भारत की सबसे तेज डायग्नोस्टिक लैब सर्विस प्रदाता ऑरेंज हेल्थ ने दिल्ली में अपनी सेवाएं शुरू करने का एलान किया है। यह कदम कंपनी की महत्वाकांक्षी विस्तार योजना का हिस्सा है। इस लॉन्चिंग के साथ ही गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली एवं गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर के लोग घर बैठे मात्र 60 मिनट में स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। उन्हें छह घंटे के अंदर जांच की रिपोर्ट मिल जाएगी।

स्वास्थ्य जांच की यह सुविधा हफ्ते में सातों दिन सुबह 6 से रात के 10 बजे तक उपलब्ध होगी। इसमें




रुटीन और स्पेशलाइज्ड दोनों तरह की 1,000 से ज्यादा डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा मिलेगी। इनमें बायोकेमिस्ट्री, सीरोलॉजी, हेमैटोलॉजी, फ्लॉसीटोमेट्री और मॉलीक्युलर बायोलॉजी से लेकर कोविड आरटीपीसीआर तक की जांच की सुविधा शामिल हैं।

दिल्ली के लोगों को तेज और सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य जांच सुविधा देने के लिए ऑरेंज हेल्थ ने पहले से ही एनसीआर में दो प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। जल्द ही एक और प्रयोगशाला स्थापित कर दी जाएगी। मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से ग्राहकों को सैंपल कलेक्शन के 6 घंटे के भीतर कंपनी की स्टेट ऑफ द आर्ट और एनएबीएल प्रमाणित लैब से रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी। दिसंबर, 2020 में ध्रुव गुप्ता और तरुण भाबरा ने ऑरेंज हेल्थ की स्थापना की थी। कंपनी अब तक 10 लाख से ज्यादा ग्राहकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान कर चुकी है और देश की सबसे ज्यादा रेटिंग वाली डायग्नोस्टिक लैब में से है। दिल्ली में कदम रखने को लेकर ऑरेंज हेल्थ के सह-संस्थापकों ध्रुव गुप्ता और तरुण भांबरा ने कहा, 'अपनी विस्तार योजना के तहत हम दिल्ली एनसीआर में ऑरेंज हेल्थ स्टेट ऑफ द आर्ट डायग्नोस्टिक सर्विस की लॉन्चिंग को लेकर उत्साहित हैं। इस चरण में गुरुग्राम, नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद में सर्विस प्रोवाइड करेंगे, जो भारत का सबसे बड़ा मार्केट है। इंटरनेट की ज्यादा पहुंच, ट्रैफिक की परेशानी और लैब में जाने पर संक्रमण के खतरे को देखते हुए ग्राहक तेजी से घर बैठे स्वास्थ्य जांच की सुविधा को अपना रहे हैं। यह बिल्कुल अन्य डिजिटल सेवाओं जैसा ही है। लॉन्चिंग से पहले के चरण में गुरुग्राम और नोएडा में हजारों लोगों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी है और उन सबने तेजी, भरोसे और सुविधा के मामले में हमें पसंद किया है।'

# दो नए साइबर थाने अपराधियों पर कसे जाएंगे शिकंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**साइबर** अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक कार्यालय के आदेश तथा फरीदाबाद पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोडा के दिशा निर्देश में शहर में दो नए साइबर थाने स्थापित किए गए हैं। आपको बता दें कि इससे पहले फरीदाबाद में एक साइबर थाना कार्यरत था।

अब नए साइबर थाने खुलने से इन थानों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। इसके अलावा फरीदाबाद में चार साइबर सेल पहले से काम कर रही हैं तथा प्रत्येक थाने में एक साइबर हेल्प डेस्क कार्यरत है। डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा तथा डीसीपी बल्लबगढ़ कुशल सिंह ने अपने-अपने जोन में खुले इन नए साइबर थानों का उद्घाटन करते हुए पुलिस आयुक्त की इस पहल को सराहनीय बताया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद के तालाब रोड ओल्ड फरीदाबाद में पहले से चल



रहे साइबर थाने को साइबर थाना एनआईटी जोन घोषित किया गया है। जिसके प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत पहले से नियुक्त हैं। अब सेंट्रल जोन के सेक्टर 17 थाने की पहली मंजिल पर स्थापित किए गए साइबर पुलिस स्टेशन का कार्यभार इंस्पेक्टर सतीश तथा बल्लभगढ़ के सेक्टर 8 पुलिस थाने की पहली मंजिल पर स्थापित साइबर थाने का कार्यभार इंस्पेक्टर नवीन को सौंपा गया है। साइबर पुलिस थाना एनआईटी के पर्यवेक्षक एसीपी मुनीश सहगल, साइबर पुलिस थाना सेंट्रल के पर्यवेक्षक एसीपी विनोद कुमार तथा साइबर थाना बल्लभगढ़ के पर्यवेक्षक एसीपी सुरेन्द्र श्योराण को नियुक्त किया गया है। यह डीसीपी मुख्यालय की देखरेख में कार्य करेंगे।

# सीवरेज और नाले के ओवरफ्लो होने पर करें कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बारिश** के मद्देनजर नगर निगम फरीदाबाद ने जनता की समस्या के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जलभराव व सीवर लाईन/नाला आदि के ओवरफलो की समस्या को लेकर जनता कंट्रोल रूम पर संपर्क कर सकती है। आने वाले दिनों में लगातार बारिश की संभावना के मध्यनजर किसी प्रकार की आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों की टीमें तैनात की गई हैं।

भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर नगर निगम ने तैयारी कर ली है और आपात स्थिति व जलभराव से निपटने के लिये अधिकारी तैनात रहेंगे। नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव ने बताया कि आने वाले दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए नगर निगम ने सभी आवश्यक प्रबन्ध किये हैं । आम जनता की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम को 24 गुना 7 संचालित किया



सैनिक कॉलोनी रोड पर बहता सीवर का पानी। (फाइल फोटो)

जाएगा। कंट्रोल रूम के लिए दूरभाष संख्या 0129-241649, 2418224, 2411664 जारी किया है। आम जनता इन्हीं नंबरों पर जलभराव सीवर लाईन/मैन होल/नाले आदि के ओवरफलो आदि के बारे शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा खेम चंद, सहायक अभियंता इस नियंत्रण कक्ष की कार्य प्रणाली को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त निगमायुक्त ने इन समस्याओं के तुरंत निवारण के लिए आयुक्त के निजी सचिव के कार्यालय में फोन नं-0129-2416464 पर वार्ड नं 1 से 7, अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय में फोन नं-0129-2411914 पर वार्ड नं- 8 से 14, अतिरिक्त निगम आयुक्त कार्यालय में फोन नं-0129-2425525 पर वार्ड नं-15 से 21, संयुक्त आयुक्त कार्यालय में फोन नं- 0129-2411946 पर वार्ड नं- 22 से 28, स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में फोन नं-0129-2420095 पर वार्ड नं-29 से 35 निवारण सुनिश्चित करेंगे।

# पैंशनरों के लिए आठ को लगेगा मोबाइल नवीनीकरण कैंप

**फरीदाबाद।** जिला खजाना अधिकारी संजय छोंकर ने बताया कि हरियाणा प्रदेश सेवानिवृत पैंशनरों के लिए आठ जुलाई को मोबाईल नवीनीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिला खजाना कार्यालय में लगने वाले इस शिविर का समय प्रात: 10:00 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा। इस शिविर में हरियाणा सरकार से सभी सेवानिवृत पैंशनरों के मोबाईल नंबर अपडेट किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कैंप उन पैंशनरों के लिए अति उपयोगी साबित होगा जिनका मोबाईल नंबर उनके व्यक्तिगत आनलाईन पैंशन दस्तावेज पर खजाना कार्यालय में रजिस्टर नहीं हैं। मोबाईल नंबर रजिस्टर होने पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की पैंशन संबंधित जानकारी खजाना कार्यालय से आसानी से प्राप्त हो सकती है।

# 112 क्रिटिकल स्थानों पर जल निकासी प्रबंधन देखेंगे 16 वरिष्ठ अधिकारी

## मानसून में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन की उच्च स्तरीय टीम तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बरसाती जल निकासी प्रबंधों को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**मानसून** में जिला में जलभराव की स्थिति से निपटने को लेकर 16 वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। इन अधिकारियों को जलभराव की पूर्व की घटनाओं के आधार पर आवंटित क्षेत्रों को विजिट करने को भी कहा गया है।

इस बाबत गुरुवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि अधिकारी जिला में जलभराव वाले चिन्हित 112 स्थानों पर स्वयं जाकर जल निकासी के इंतजाम देखें और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत उनके पास भेजें। इस मामले में शुरू से ही सचेत रहें और की गई कार्यवाही से उन्हें अपडेट करते रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जलभराव वाले ऐसे 112 स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर पिछले सालों में हुए जलभराव होता रहा है। ऐसे में जरूरी है कि इन स्थानों पर समय रहते आवश्यक इंतजाम किए जाएं। इन 112 स्थानों पर 16 वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में साइट विजिट करते हुए सुनिश्चित करें कि पंप सैट चालू हालत में हों, उनको चलाने के लिए कर्मचारी निर्धारित हो, फ्यूल की उपलब्धता हो।

**कंपनियों को बरसात में वर्क फ्रॉम होम की सलाह** : डीसी ने जिला में कार्यरत कॉरपोरेट्स से भी अपील करते हुए कहा कि भारी बरसात के पूर्वानुमान होने पर वे अपने यहां कार्यरत स्टाफ को वर्क फ्रॉम होम के लिए कहें, ताकि सड़कों पर यातायात का दबाव कम हो और जल निकासी में किसी प्रकार की परेशानी ना आए। जिला में बरसात होने पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए 300 सिविल डिफेंस के वालंटियर की अलग से ड्यूटी लगाई जाएगी, जो शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात सुचारू करने में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करेंगे।

**बरसात होने पर बंद रहेंगे एनएमटी** : बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बरसात होने पर जिला में बनाए गए नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट (एनएमटी) बंद रखे जाएंगे, इसके लिए धारा 144 लागू के तहत आदेश जारी किए जाएंगे। अंडरपास में भी यदि एक लेवल से उपर पानी भर जाए तो उन्हें बेरिकेटिंग करवाकर बंद करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान लोग आवागमन के लिए वैकल्पिक रोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि जिला में जलभराव संबंधी शिकायतों के लिए जिला प्रशासन द्वारा हैल्पलाइन नंबर-1800-180-1817 तथा 0124-4753555 जारी किया गया है।

# रक्त डोनेशन ड्राइव के दौरान 227 यूनिट रक्त एकत्रित

## डीएलएफ फाउंडेशन ने वर्ष की थीम एकजुटता के साथ कार्य में रक्तदान अभियान चलाया



गुरुग्राम में रक्त डोनेशन ड्राइव के दौरान रक्तदान करती युवतियां।

**गुरुग्राम।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में डीएलएफ फाउंडेशन ने रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम के सहयोग से दो सप्ताह तक चलने वाले रक्तदान अभियान का आयोजन किया। इस वर्ष का थीम एकजुटता के कार्य के रूप में रक्तदान ड्राइव है। यह ड्राइव गुरुग्राम के विभिन्न डीएलएफ क्लबों में 16 जून से 29 जून 2022 तक आयोजित किया गया।

डीएलएफ फाउंडेशन की सीईओ गायत्री पॉल ने बताया कि प्रतिभागियों को रक्तदान के बाद की निगरानी और चिकित्सा मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी स्थानों को उचित चिकित्सा सहायता, बेड और डॉक्टर उपलब्ध कराए गए थे। इस पहल में शहर के विभिन्न हिस्सों में रहने लोगों की भागीदारी रही। कई दिनों तक चलने वाले इस शिविर के दौरान 227 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान में कुछ भी खर्च नहीं होता है, लेकिन इससे दुनिया में किसी जरूरतमंद के लिए हो सकता है। प्रत्येक वर्षभर 120 मिलियन यूनिट रक्तदान किया जाता है। यह वैश्विक जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। कई रोगियों को ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है, उन्हें सुरक्षित रक्त समय पर नहीं मिल पाता है। इस अवसर पर सुपर-लक्जरी ऑपरेशंस-डीएलएफ के वाईस प्रेसिडेंट गिरीश सहगल ने कहा कि रक्तदान सबसे कीमती उपहार है, जो एक व्यक्ति किसी को जीवन का उपहार दे सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## एक जुलाई से शुरू होगा डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा

**गुरुग्राम।** जिला में बाल मृत्यु दर में कमी लाने व डायरिया को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बच्चों को ओआरएस घोल पिलाने और जिंक टेबलेट खिलाने समेत स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए 1 जुलाई से डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा की शुरूआत की जा रही है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को बताया कि जिला में डायरिया नियंत्रण पखवाड़े को सफल बनाने व अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया का होना एक आम बात है। जिसके चलते कई बार बच्चे की मृत्यु भी हो जाती है। इस बीमारी का एकमात्र उपचार ओआरएस घोल एवं जिंक की गोली है जिसके माध्यम से बाल मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने उपरोक्त पूरे अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि बदलते मौसम के कारण वातावरण में गर्मी व उमस बढ़ने से डायरिया यानी अतिसार का प्रकोप बढ़ने की संभावना बनी रहती है। इन्ही कारणों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

## रेलवे सुरक्षा बल ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी



**गुरुग्राम।** गुरुवार को यहां रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित बल सदस्यों के बीच दौड़ प्रतिस्पर्धा हुई। आरपीएफ थाना प्रभारी निरीक्षक नितिन मेहरा ने बताया कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के अन्य ब्रांच के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य करना था। बल सदस्यों को शारिरिक फिटनेस पर ध्यान देने के लिए मोटिवेट किया गया। इस आयोजन के दौरान दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे। जिनके द्वारा स्टाफ के कार्य की सरहाना की व सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे आयोजित किया गया, जिसमें आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे स्टेशन के अन्य स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। नितिन मेहरा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शारीरिक तंदुरुस्ती बनी रहती है। भविष्य में भी शरीर को तंदुरुस्त रखने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शरीर के साथ मानसिक तंदुरुस्ती भी बनी रहती है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को योग के प्रति भी जागरुक किया और कहा कि अपनी दिनचर्या में योग को भी शामिल करें।

## पानी में डूबने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हुई

**सोहना।** रिठौज निवासी भूरु के घर का आंगन और दीवारें पिछले डेढ़ वर्ष से जिस काव्या की किलकारियों से गूंज रहा था। उस काव्या की दर्दनायक मौत से भूरु के घर में सन्नाटा पसरा हुआ है। काव्या को दुनिया में लाने वाली जननी से दादी की आंखों के आंसु रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। भोंडसी थाना के गांव रिठौज में बुधवार की शाम यहा के निवासी भूरु के घर में डेढ़ वर्ष पहले जन्मी काव्या की पानी के कुंडा में डूबने से मौत हो गई थी। कुंडा में मात्र डेढ फुट पानी था। बुधवार की शाम रिठौज में एक डेढ़ वर्षीय बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गई। बच्ची घर में ही बने पानी के छोटे कुंडे में नहाते समय गिर गई और जब तक परिजन उसे देख पाते, बच्ची की डूबने से मौत हो चुकी थी। हालांकि बच्ची को आसपास के डाक्टरों को भी दिखाया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## तीन बच्चों के पिता का संदिग्ध हालत में शव पेड़ पर लटका मिला

**सोहना।** शहर के दमदमा मार्ग पर सड़क से एक सौ मीटर दूर 28 वर्षीय युवक का संदिग्ध हालत में पेड़ पर शव लटका मिला। मृतक तीन बच्चों का पिता था। मृतक बुधवार की शाम को घर से 500 रुपये लेकर निकला था। गांव-गांव फेरी लगाकर बाइक पर बर्तन बेचने वाला 28 वर्षीय कालू का गुरुवार की सुबह शहर के दमदमा मोड़ पर नीम के पेड़ से शव लटका मिला है। कालू के गले में उसकी ही शर्ट के एक हिस्सा से गले में फांसी का फंदा लगा है। दूसरा सिरा पेड़ की शाखा से करीब 10 फुट ऊंचाई पर बंधा है। मृतक की चप्पल के साथ बनी करीब 6 फुट ऊंची दीवार पर रखी हुई है। मृतक की बाइक पेड़ से करीब 25 मीटर पहले कच्चे रास्ते के किनारे मिट्टी के ढेर पर पड़ी हुई मिली है। कालू के बाए पैर के टकने से पर चोट का निशान है। जिससे खून बहता हुआ नजर आ रहा है। कालू के पैर में यह चोट पत्थर की दीवार को चढ़ते समय लगी होने की आशंका जताई जा रही है।

## बिजली कटौती के विरोध उतरे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता

**सोहना।** बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस पार्टी नेता सतबीर पहलवान ने कार्यकर्ताओं के साथ निगम के एक्सईएन कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। पहलवान ने 10 से 12 घंटा बिजली कटौती करने तथा निगम कर्मचारी व अधिकारियों पर पूरी लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने दोपहर बाद तीन बजे अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली निगम के एक्सईएन कार्यालय के सामने अपने 40 से 50 कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पहुंचे। जहां पर निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों पर बिजली कटौती कराने तथा लाइन पर होने वाली खराबियों को जल्द से जल्द ठीक न करने का आरोप लगाया। निगम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान ने बताया कि दमदमा मोड शहर के अंदर सिटी-2 फीडर पर आता है।

# गुरुग्राम से कजाकिस्तान में एमबीबीएस करने गया युवक नदी में डूबा

**गुरुग्राम।** जिले के गांव सिधरावली से साउथ कजाकिस्तान मेडिकल अकादमी से एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया छात्र हिमांशु कुमार वहां नदी में नहाते हुए बह गया। उसे बचाने के लिए गया उसका दोस्त भी नदी में बह गया। यह हादसा रविवार 26 जून को हुआ था। दोनों युवकों की तलाश जारी है, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों को विदेश मंत्रालय व कजाकिस्तान में भारतीय दूतावास ने संपर्क साधकर सांत्वना भी दी है।



नदी में नहाते समय बचने का प्रयास करता हिमांशु, इनसेट में हिमांशु कुमार का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार पुत्र सिधरावली गांव निवासी भूपेंद्र सिंह एवं सोना देवी का पुत्र हिमांशु कुमार डेढ़ माह पूर्व ही साउथ कजाकिस्तान के शिमकैंट सिटी स्थित मेडिकल अकादमी से एमबीबीएस (जनरल मेडिसिन) की पढ़ाने के लिए गया था। यह कोर्स पांच साल का है। परिजनों के अनुसार रविवार 26 जून को हिमांशु के कुछ दोस्त वहां अक्षु नदी में नहाने के लिए गए। पहाड़ों के बीच से यह नदी निकलती है। हिमांशु ने उस दिन अपने पिता भूपेंद्र सिंह से भी फोन पर बात की और बताया कि वह नदी में नहाने नहीं जा रहा। दोस्तों द्वारा बार-बार कहने पर वह उनके साथ नदी में नहाने के लिए चला गया। नदी में नहाते समय हिमांशु कुमार तेज बहावे के साथ पानी में बह गया। जब वह डूबने लगा तो उसने अपने बिहार निवासी दोस्त आदील को बार-बार आवाज लगाई। उसे पहले तो दोस्तों ने उसकी चीख-पुकार नहीं सुनी। वह चिल्लाते हुए पानी के बीच समाता जा रहा था। आदील ने इसे गंभीरता से लिया और वह हिमांशु को बचाने के लिए उसकी तरफ चला गया। बाकी दोस्तों ने जब उसे देखा तो लकड़ी पकड़ने की बात कहने लगे।

# भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह के नेतृत्व में लगाए गए 250 पौधे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



जेवर विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण करते भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह।

**जेवर** विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी युवा नेता एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह व मंडल की समस्त टीम ने क्षेत्र व गांव दयानतपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कई जगहों पर वृक्षारोपण किया। इस दौरान टीम द्वारा 250 पेड़ लगाए गए।

जिला कार्यकारिणी सदस्य मनजीत सिंह ने कहा कि पौधों से पर्यावरण शुद्ध होता है। हमें हमेशा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधों को काटना नहीं चाहिए। पौधे राष्ट्र की अमूल्य निधि होती हैं। उन्होंने समस्त मंडल की टीम ने योगी सरकार द्वारा चलाए गए वृक्षारोपण अभियान के तहत करीब 35 करोड़ पेड़ लगाई जाएंगे। यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा कुशल नेतृत्व मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है। आज मोदी-योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह भाटी, पप्पू सिंह, मंडल महामंत्री शिवकांत, बूथ अध्यक्ष भोजराज आदि उपस्थित रहे।

# 22 जुलाई का दिन घोषित हो राष्ट्रीय ध्वज दिवस : शील मधुर

**गुरुग्राम।** हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत भूतपूर्व डीजीपी शील मधुर ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम राष्ट्रपति के सचिव केडी त्रिपाठी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अनुरोध किया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष होने को हैं।



राष्ट्रपति के सचिव केडी त्रिपाठी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते भूतपूर्व डीजीपी शील मधुर।

इस खुशी में हम आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहे हैं, परन्तु अभी तक देश की आजादी के प्रतीक, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग-बलिदान के प्रतीक अपने देश के राष्ट्रीय ध्वज के लिए आज तक राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित नहीं कर पाए हैं। इस ऐतिहासिक चूक को ठीक कर राष्ट्रीय ध्वज दिवस की अविलम्ब घोषणा की जाए। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज के मौजूदा स्वरूप, प्रारूप का सृजन कर स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता दी थी। इसीलिए 22 जुलाई को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में घोषित किया जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि विश्व के सभी ताकतवर देश अपने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में प्रतिवर्ष अपना राष्ट्रीय ध्वज दिवस बड़े धूमधाम से मनाते हैं, जिससे देशभक्ति की भावना और प्रबल होती है। शील मधुर ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले 26 जनवरी 2021 से आयोजनों के माध्यम से दिल्ली और हरियाणा में राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# अमेजन फैशन को वार्डरोब रिफ्रेश सेल के दौरान मिली बैक टू ऑफिस रेंज की जबर्दस्त मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** फैशन ने हाल ही में 22 जून की आधी रात को अपनी वार्डरोब रीफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) के अपने 10वें संस्करण का समापन किया। इस सेल में फैशन और ब्यूटी कैटेगरी के उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांग में जोरदार वृद्धि देखने को मिली। यहां ग्राहकों ने परिधान, घड़ियां, फैशन एवं कीमती आभूषण, हैंडबैग, लगेज और बैकपैक, मेकअप, स्किनकेयर, हेयरकेयर, बाथ एंड बॉडी आदि श्रेणी में जमकर खरीदारी की।

अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर एवं हेड सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, जहां स्पोर्ट्स वियर इस साल भी लोगों की पहली पसंद रहा, वहीं इस साल डब्ल्यूआरएस के दौरान, हमें बैक टू ऑफिस रेंज की जबर्दस्त डिमांड देखने को मिली है। खास तौर पर, मिलेनियल्स और जेनजी जो कि सबसे बड़ा वर्किंग कस्टमर बेस है, उनकी ओर से जूते और शर्ट की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिली है। जहां बहुत से कार्यालय फिर से खुल गए हैं और शादी का मौसम भी अपने शबाब पर है, ऐसे में कुर्ती, कुर्ती सेट और साड़ियों में बढ़ती दिलचस्पी के साथ महिलाओं के लिए एथनिक वियर फिर से डिमांड में है। हमने कस्टमर मोस्ट लव्ड प्रोग्राम भी पेश किया है, जिसमें हम ग्राहकों को हाई रिव्यू और हाई रेटेड फैशन प्रोडक्ट खोजने में मदद कर रहे हैं। हमें इस कार्यक्रम के हमारे सेलेक्शन में ग्राहकों से बढ़ती रुचि देखने को मिली है। जहां तक ब्यूटी का सवाल है, हमें आई शैडो पैलेट, आईलाइनर, काजल और मस्कारा सहित आई मेकअप की बिक्री में जोरदार इजाफा देखने को मिला है।

पिछले दो वर्षों में, ब्रांड को देखने को मिला है कि न केवल महानगरों और टियर-2 शहरों में बल्कि छोटे शहरों में भी बहुत सारे ग्राहक अब ऑनलाइन परचेज कर रहे हैं। आज, अमेजन.इन पर 70 फीसदी से अधिक ग्राहक ऑर्डर और 86 फीसदी से अधिक नए ग्राहक टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। भारत के लगभग 100 फीसदी पिन कोड के ग्राहक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से खरीदारी कर रहे हैं। फैशन रिटेल सेलर्स के टियर-2 और 3 शहरों के साथ अधिक जुड़ाव के साथ, ब्रांड ने सुनिश्चित किया कि वे जो कलेक्शन पेश कर रहे हैं।

# शादीशुदा महिला को बंधक बनाने पर एसपी से मिले लोग

**मेवात।** राजस्थान के जयपुर से एक शादीशुदा महिला को लालच देकर फिरौती की नियत से एक युवक द्वारा बंधक बनाकर दबंग व दादागिरी से बंधक बनाकर रखने का मामला प्रकाश में आया है।

इस मामले में हरियाणा तथा राजस्थान के कुछ मौजिज लोगों ने पुलिस कप्तान वरुण सिंगला से गुरुवार को उनके लघु सचिवालय नूंह स्थित कार्यालय में मुलाकात थी और सारी कहानी से अवगत कराया। जिले के जाने-माने समाजसेवी रमजान चौधरी एडवोकेट एवं पीड़ित पक्ष का कहना है कि नूंह जिले के नुनेरा गांव का एक व्यक्ति राजस्थान के जयपुर से एक शादीशुदा महिला को लालच में फंसाकर वहां से ले आया। उसने फर्जी दस्तावेज तैयार करके गुरुग्राम अदालत में शादी की पटीशन भी लगाई, लेकिन अदालत ने उसे रद्द कर दिया।

# नेकेड बॉय नायका ने भूमि पेडनेकर को ब्रांड एंबेसडर बनाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**लॉन्जरी** के बारे में न तो कभी खुलकर बात की गई और न ही कभी कोई चर्चा हुई, लॉन्जरी पर बातचीत लंबे समय तक बंद दरवाजों के पीछे तक ही सीमित रही। ऐसे कई मौके आते है जिनके बारे में आप लोगों को बताना चाहते है जैसे लॉन्जरी लेते समय किसी स्टोर हेल्पर के साथ एक असहज परिस्थिति में पड़ना या फिर आपको कभी कोई लॉन्जरी इतनी आरामदायक लगती है कि आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को भी उसके बारे में बताना चाहती है! लेकिन रोजमर्रा की बुनियादी जरूरत होने के बावजूद इसके बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती है! नेकेड (NYKD) बाय नायका को उम्मीद है कि वह इस परम्परा को खत्म कर देगा और सभी को आरामदायक ब्रा के बारे में बताएगा, जो स्पष्ट रूप से महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा आरामदायक परिधान होना चाहिए। ब्रांड ने अपना नया कैंपेन शुरू करने के लिए लोकप्रिय और बेबाक भूमि पेडनेकर के साथ पार्टनरशिप की है।

भूमि, जो समसामयिक मुद्दों के बारे में आवाज उठाने और अपने प्रभाव का उपयोग करने के लिए प्रसिद्ध है, अब वो एक और ऐसे मुद्दे को लोगों को सामने लेकर आ रही है, जो खुद उनके अपने दिल के करीब भी है -द एव्रीडे कम्फर्ट ऑफ वूमन! इस कैंपेन के जरिए, वे हर दिन महिलाओं द्वारा उठाए जाने वाले बुनियादी, वास्तविक मुद्दों पर चर्चा करने से जुड़ी असुविधा और झिझक को दूर करने की उम्मीद करती है, खासकर जब ब्रा जैसी वॉर्डरोब की जरूरी चीजों की बात आती है।

अपने शुरुआत से ही, नेकेड बाय नायका ने महिलाओं को उनके इंटीमेट वियर के मामले में सही जानकारी देकर उनकी मदद करने को अपना मिशन बना लिया है। नेकेड का उद्देश्य महिलाओं को गलत आकार, गलत स्टाइल, ब्रा हिक्की और बल्की ब्रा, जो टी-शर्ट के नीचे दिखाई देती है, जैसी ब्रा खरीदने के दौरान उनके सामने आने वाली सामान्य समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। 'एज गुड ऐज नेकेड' नाम से शुरू किए गए इस 360-डिग्री कैंपेन के लिए दो फिल्म तैयार की गई है जिसमें, भूमि ब्रा से जुड़ी आम गलतफहमियों को दूर करने के साथ ही ब्रा से जुड़ी महिलाओं की आम समस्याओं पर खुलकर बात करेगी। भूमि के साथ शुरू किए गए इस कैंपेन का लक्ष्य सही लॉन्जरी को खोजने की प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ ही कम्फर्ट का जश्न मनाना है। नेकेड बाई नायका की ब्रांड एंबेसडर, भूमि पेडनेकर ने कहा यह आश्चर्य की बात है कि हम अक्सर खुद को ब्रा जैसी वॉर्डरोब की जरूरी चीजों के बारे में अनजान पाते हैं। मैं खुद कई वर्षों तक गलत विकल्पों, गलत फिटिंग वाली ब्रा और डिस्कम्फर्ट के साथ रही, जब तक कि मुझे सही ब्रा नहीं मिली।

नेकेड बाय नायका की बिजनेस हेड प्रीति गुप्ता ने कहा कि अजीब और असहज माने जाने वाले विषयों को संबोधित करने के लिए भूमि की अनूठी विशेषता है जो उसे लॉन्जरी से जुड़ी बातचीत को सामान्य करने के हमारे प्रयासों के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है। परंपरागत रूप से, महिलाओं ने कभी भी अपनी ब्रा के बारे में बात नहीं की है क्योंकि अंडरडेवलप्ड रिटेल, कॉम्प्लीकेटेड कैटेगरी, और टैबू टॉपिक बातचीत को बेहद कठिन बना देते हैं।

# न्युवोको विस्टास ने उत्तर भारत में अपनी स्थिति मजबूत की

## क्षेत्र में डबल बुल सीमेंट के लॉन्च के साथ डीलर नेटवर्क में जबरदस्त वृद्धि देखी गई

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**भारत** का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्व में अग्रणी सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने प्रीमियम सीमेंट पोर्टफोलियो की शुरुआत के साथ उत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। उत्तरी क्षेत्र में विशेष रूप से हरियाणा, पश्चिमी यूपी, पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में रेवेन्यू मजबूत डीलर नेटवर्क के माध्यम से ट्रेड चैनल और ब्रांड बिल्डिंग पर केंद्रित है।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड हरियाणा के भिवानी में अपने मौजूदा संयंत्र में 1.2 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ एक ग्राइंडिंग इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है। यह उत्तर क्षेत्र में कंपनी के विस्तार की दिशा में पहला कदम है। यह ग्राइंडिंग इकाई क्षेत्र में क्लिंकर उत्पादन के पूर्ण उपयोग में सहायता करेगी। न्युवोको का उत्पाद पोर्टफोलियो ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी), पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट (पीएससी), पोर्टलैंड पॉज़ोलाना सीमेंट (पीपीसी) और पोर्टलैंड कम्पोजिट सीमेंट (पीसीसी) के साथ अपने ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा करता है, साथ ही बीआईएस मानकों और प्रीमियम कच्चे माल की गुणवत्ता के साथ उद्योग में सर्वश्रेष्ठ में हैं। इसके प्रमुख ब्रांड कंक्रीटो, ड्यूरागार्ड और डबल बुल के बीच कीमतों का सही तालमेल हैं। डबल बुल देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाला सीमेंट ब्रांड है, इसने पांच साल की छोटी अवधि में 5 मिलियन टन से अधिक की बिक्री हासिल की है। कंक्रीटो एक प्रीमियम उत्पाद की पेशकश है, यह पूर्वी भारत में सबसे आगे है और उत्तरी भारत में विशेष वेरिएंट प्रदान करता है। ड्यूरागार्ड उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो तकनीकी रूप से उन्नत हैं और आधुनिक निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

# इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी ने नई दिल्ली में किया एक्सप्रेस स्टोर का शुभारंभ

## 1100 वर्गफीट में फैले इस व्यापक स्टोर में अग्रणी ओईएम ब्राण्ड्स, एक ही छत के नीचे हैं मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**इलेक्ट्रिक** वन मोबिलिटी प्रालि नये जमाने के इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट की तेजी से आगे बढ़ रही कंपनियों में से एक और भारत व विदेशों में परिचालन कर रही देश की सबसे बड़ी ईवी सुपर स्टोर चेन, ने न्यू वर्ल्ड टेक्नोलॉजीज एलएलपी 94, ग्राउंड फ्लोर, मेन रोड विलेज अदचिनी, नई दिल्ली में बिलकुल नए, शानदार और विशाल स्टोर का शुभारंभ किया है।

यह स्टोर 1100 वर्गफीट के क्षेत्र में फैला हुआ है और इन स्टोर्स के खुलने से दिल्ली एवं एनसीआर में कंपनी की खुदरा मौजूदगी सुदृढ़ हुई है। इस एक्सप्रेस स्टोर के साथ कंपनी के दिल्ली एवं एनसीआर में परिचालन वाले 6 स्टोर हो गये हैं, यह जानकारी कम्पनी प्रतिनिधि रविंदर यादव ने दी। दिल्ली, एनसीआर में अपनी विस्तार योजनाओं के बारे में इलेक्ट्रिक वाहन मोबिलिटी प्रालि के फाउंडर अमित दास ने कहा, दिल्ली और एनसीआर हमारे ब्राण्ड के लिये बड़ी संभावना की पेशकश करते हैं, क्योंकि यहां इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये छुपी हुई मांग है। इसलिये सही पार्टनर को चुनना हमारे लिये महत्वपूर्ण था और इससे हम अपना बिजनेस मॉडल भी बढ़ा सकते हैं।

भारत में एक नई क्रांति हो रही है और ऑटोमोटिव उद्योग टेक्नोलॉजी और पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने की अपनी योग्यता के मामले में तेजी से बदल रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्वच्छ ऊर्जा की एक परियोजना के तौर पर प्रस्तुत हुए थे, क्योंकि वे कम उत्सर्जन करते हैं और अब ओईएम की व्यवसाय रणनीति का एक महत्वपूर्ण भाग बन चुके हैं। कामकाजी लोगों को प्रदूषण-रहित और कम खर्चीला परिवहन प्रदान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़ी संख्या में वे लोग परिवहन के नये तरीके खोज रहे हैं। दिल्ली एवं एनसीआर में फ्रेंचाइजी के रास्ते से विस्तार के बारे में समझाते हुए श्री दास ने कहा, 'जब आप हमारे पार्टनर बनते हैं, तब हम वाहनों के सबसे बढ़िया दाम तय करने, संपूर्ण गुणवत्ता परीक्षण, गुणवत्ता आश्वासन, आसान ईएमआई, व्यक्तिपरक ब्यौरों और उत्पादों पर विस्तारित वारंटी की पेशकश करने में आपकी सहायता करते हैं।' जब आप हमारे उच्च-गुणवत्ता के मानकीकृत खुदरा तंत्र के साथ काम करते हैं, तब हम सभी ब्राण्ड्स के लिये एक जैसी रणनीति बनाने में आपकी सहायता करते हैं। इलेक्ट्रिक वन मोबिलिटी की शुरूआत अगस्त 2020 में ऑटोमोबाइल और इंटरनेशनल इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों ने की थी।

इसके फाउंडर अमित दास का भारतीय स्टार्टअप्स में 15 वर्षों से ज्यादा का अनुभव है। वे मल्टीनेशनल कंपनियों के ग्रोथ इनैबलर और लीडरशिप रोल्स में रहे हैं। कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर गिडो क्विल जर्मनी से हैं, जिन्हें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ग्रीन एनर्जी सेगमेंट्स में 30 वर्षों से ज्यादा का वैश्विक अनुभव है। कंपनी टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर सेगमेंट में इलेक्ट्रिक परिवहन के लिये भारत के पहले प्रभावशाली इकोसिस्टम की पेशकश करती है।

# हिंदूवादी संगठनों ने आतंकवाद का पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

## उदयपुर में दिनदहाड़े युवक की नृशंस हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर 12 जिला विश्व हिन्दू परिषद एवं हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता।

**विश्व** हिन्दू परिषद फरीदाबाद पूर्व संगठनात्मक जिला ने आज सेक्टर 12 जिला लघु सचिवालय में उदयपुर में दिनदहाड़े हिंदू युवक की इस्लामिक जिहादी द्वारा दुकान में घुसकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन करने के उपरांत सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। तेज बरसात में भी पूर्व निर्धारित विरोध प्रदर्शन टाउन पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक निकाला गया। इसके अतिरिक्त बल्लभगढ़ में हिंदू जागरण मंच, गो सेवा संगठन ने विश्व हिंदू परिषद के साथ संयुक्त रूप से मिलकर विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम बल्लभगढ़ को ज्ञापन सौंपा।

जिला मुख्यालय पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर, विहिप फरीदाबाद पूर्व जिला के कार्याध्यक्ष गुलशन सिंघल ने कहा कि जिहादी द्वारा हत्या करने के बाद एक वीडियो जारी किया गया जिसमें भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धमकी दे कर देश की संप्रभुता को चुनौती दी है। इस घटना से सम्पूर्ण हिन्दू समाज आहत हुआ है, पिछले कुछ वर्षो से राजस्थान के हिन्दू समाज को षड़यंत्र पूर्वक आतंकित व प्रताड़ित किया जा रहा है। इस्लामिक आतंकियों को राज्य सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है। राजस्थान में योजनापूर्वक हिन्दुओं पर हमले किये जा रहे हैं। रामनवमी पर भी यात्रा पर पथराव हुआ। हनुमान जन्मोत्सव पर भी शोभायात्रा पर भी पथराव हुआ। विश्व हिन्दू परिषद मांग करता है कि कन्हैया लाल हत्याकांड कि सीबीआई जांच करवा के हत्यारों को मृत्युदंड दिया जाए। राजस्थान में रहने वाले राष्ट्र विरोधी असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन सभी पर कानूनी कार्यवाही की जाए। प्रदर्शन में रमेश भारद्वाज, टीपरचंद शर्मा, दीपक यादव, राकेश गुर्जर, सुखबीर मलेरना, गोपाल शर्मा, अरुण दिवेदी,योगेश शर्मा, डॉ चंद्रशेखर, राजेंद्र जैन, कुशलपाल, संजय, विजय पाल, राजेंद्र, लक्ष्मण, अवधेश एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बीके चौक पर हुए प्रदर्शन में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने अपना रोष प्रकट किया। बड़खल एसडीएम ऑफिस में जाकर वहां तहसीलदार पूर्ण सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संजय अरोड़ा, अश्वनी, राजकुमार मदान, अशोक सोनी, कर्नल समर वीर सिंह, राजकुमार वोहरा, सुरेंद्र जांगड़ा, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, अमित आहूजा, सत्येंद्र पांडे, प्रतीक सहगल, बूटा सिंह, बिट्टू बजरंगी, सविता कश्यप, राजेश खन्ना, आशा भाटिया, दीपा भाटिया, अनिल खत्री भगवान सिंह, मनोज बालियान, वीर सिंह नैन, आसाराम शेखावत, जयवीर खटाना, महेंद्र पाल भाटिया, लविश मदान,राज वोहरा, राज कुमार मदान, अर्जुन सिंह, अशोक प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# बुढ़ापा पेंशन बनाने में नूंह जिला प्रदेश भर में अव्वल

**रिजवान कासिम।** मेवात



जिला समाज कल्याण अधिकारी नूंह सरफराज खान।

**समाज** कल्याण विभाग की प्रोएक्टिव योजना हरियाणा के सबसे पिछड़े नूंह जिले के लोगों को खूब रास आ रही है। विभाग द्वारा अब तक स्कीम लागू होने के बाद से जारी की गई दो सूचियों में जिले के 1346 लोगों को चिह्नित किया गया है।

प्रदेशभर से इस सूची में कुल 9000 लोग हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा नूंह जिले के बुजुर्ग लोगों का है, जो बुढ़ापा पेंशन के लिए पात्र माने गए हैं। आपको बता दें कि पहली सूची में 667 तथा दूसरी सूची में 679 लोगों को समाज कल्याण विभाग ने पेंशन योजना का लाभ देने के लिए पात्र पाया है। इन बुजुर्ग लोगों की सूची समाज कल्याण विभाग ने जिला समाज कल्याण अधिकारी नूंह को भेज दी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सरफराज खान व उनकी टीम इन लोगों को घर बैठे बुढ़ापा पेंशन योजना का लाभ देने के लिए जुटी हुई है। अब तक तकरीबन 70-80 फीसदी लाभार्थियों को पेंशन का लाभ दे दिया गया है, बाकि बचे लोगों को भी अगले कुछ दिनों में पूरी तरह से योजना का लाभ दिया जाएगा। सरफराज खान जिला समाज कल्याण अधिकारी नूंह ने बताया कि जिन लोगों की आयु 60 साल हो चुकी है। परिवार पहचान पत्र के आधार पर उनकी पहचान विभाग द्वारा की जा रही है। उन लोगों को पात्र मानकर पेंशन दी जा रही है। सरफराज खान के मुताबिक जिले के तकरीबन 29 लोग ऐसे हैं, जिन्होंने बुढ़ापा पेंशन का लाभ लेने से मना कर दिया है। इनमें अधिकतर लोग या तो सरकारी सेवानिवृत्त हैं या फिर उनकी आमदनी 2 लाख रुपए सालाना से अधिक है। कुल मिलाकर नूंह जिला शैक्षणिक, आर्थिक रूप से भले ही पिछड़ा हुआ हो, लेकिन समाज कल्याण विभाग की प्रोएक्टिव योजना का लाभ लेने में अव्वल पायदान पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत दस पुलिस कर्मियों को आयुक्त ने दी शुभकामनाएं



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूरी करने के पश्चात बृहस्पतिवार को 10 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त इन पुलिसकर्मियों में इंस्पेक्टर सोहनपाल, मदन गोपाल व चेतराम तथा सबइंस्पेक्टर भोलाराम, नगेंद्र कुमार, चंद्रपाल, बिशन सिंह व राकेश कुमार तथा हवलदार सुरेश कुमार व सत्यनारायण का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिसकर्मियों की सेवानिवृत्ति पर पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21सी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल तथा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। पुलिस आयुक्त ने पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस विभाग में दी गई सेवाओं के लिए, उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने पुलिस के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी हैं। इन्होंने अपने जीवन में बहुत सारी विपरीत परिस्थितियों का सामना भी किया है और इन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने के पश्चात ही यह आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं कि सैकड़ों लोग इन्हें जानते हैं और समाज के श्रेष्ठ व्यक्तियों में इनका भी नाम शामिल है। इन्होंने पुलिस विभाग में रहते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याओं का हल करने में अपना अहम योगदान दिया है जिसके लिए यह प्रशंसा के पात्र हैं। इसी प्रकार निवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए पुलिस आयुक्त ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पानी का टैंकर बुक करने के लिए ऐप लांच : उपायुक्त



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने बताया कि जल संकट से निपटने के लिए सरकार पानी की एक-एक बूंद का हिसाब रखेगी, ताकि भूजल का दोहन न हो पाए। इसके लिए सरकार ने अब पानी सप्लाई करने वाले टैंकरों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। शहर में टैंकरों द्वारा धड़ल्ले से पानी की सप्लाई की जा रही है। ऐसे में टैंकरों का पंजीकरण और उन पर जीपीएस लगने से इनकी पूरी निगरानी रखी जा सकेगी। ताकि यह पता चल सके कि टैंकर कहां से पानी सप्लाई कर रहा और कहां ले जा रहा है। इसके साथ-साथ किस काम के लिए कितना पानी चाहिए और वह कितने रुपये में मिल सकेगा, इसकी पूरी जानकारी ऐप पर उपलब्ध होगी। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने आगे बताया कि सभी ट्रांसपोटर को ऐप पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। ऐप के माध्यम से घर बैठे ही अब शहर के लोग पीने का पानी मंगवा सकते हैं। रिहायशी, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और निर्माण कार्य के लिए भी पानी उपलब्ध होगा। इसके लिए रेट भी तय कर दिए गए हैं। जो लोग ऐप से टैंकर बुक करेंगे, उसकी सूचना टैंकर संचालक के पास जाएगी। संचालक एफएमडीए के सोर्स से पानी भरकर लोगों तक पहुंचाएंगे। ऐप के माध्यम से टैंकर बुक करने व्यक्ति को पानी की कीमत और क्वालिटी की भी पूरी जानकारी हासिल होगी। इससे अवैध भूजल दोहन पर लगाम लग सकेगी। उन्होंने कहा कि एफएमडीए ने एक लिंक वेबसाइट पर जारी किया है, जहां जाकर टैंकर संचालक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा https://onemapfmda.gmda.gov.in/gmws/authentication-signup.html लिंक पर भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद एक बार कोड भी दिया जाएगा, जो टैंकर पर लगाया जाएगा। ऐप के जरिए पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस टैंकर पर लगे बार कोड को स्कैन कर उस टैंकर के वैध या अवैध होने की जानकारी प्राप्त कर सकेगी।

### बैंक की तिजोरी तोड़ी, लेकिन कैश सुरक्षित





**मेवात।** दि गुड़गांव सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पिनगवां में बीती रात दो अज्ञात चोरों ने बैंक की पीछे से दीवार तोड़कर एंट्री कर सरिया, पेचकस इत्यादि से लैस होकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की पूरी कोशिश की, लेकिन गनीमत रही कि बैंक में करीब 9 लाख 83 हजार का कैश बताया जा रहा है, जो सुरक्षित है। चोरों ने कैश निकालने का काफी प्रयास किया, तिजोरी इत्यादि को तोड़ दिया, लेकिन केस निकालने में असफल रहे। यह घटना करीब रात्रि दो बजे की बताई जा रही है। बैंक के अंदर दो चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी में कैमरे में कैद हो गई। चोरों द्वारा लॉकर के ताले तोड़े गए। फाइलों के साथ छेड़खानी की गई। बैंक प्रबंधक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि बैंक मैनेजर द्वारा उन्हें सूचना मिली कि बैंक में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। उन्होंने ने कहा कि अभी उन्हें शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत प्राप्त होते ही चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने गश्त बढ़ाने की बात कही है।

### 24 घंटे में 13 मुकदमे दर्ज कर 14 आरोपी किए काबू

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा तथा थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद के विभिन्न स्थानों पर शराब तस्करी करने वाले 14 आरोपियों के खिलाफ 13 मुकदमे दर्ज किए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस के द्वारा शराब तस्करों पर कार्यवाही करते हुए 24 घंटों में 13 मुकदमे दर्ज करके 14 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सुरेंद्र, पवन, सूरजपाल, करण, लखनपाल, अशोक, शिवम, कुलदीप, धर्मवीर, संजय, सागर उर्फ जावेद, राजू, प्रिंस तथा सन्नी का नाम शामिल है। दर्ज किए गए इन 13 मुकदमों में फरीदाबाद के थाना सिटी बल्लभगढ़ में 4, थाना कोतवाली में 3, थाना सेक्टर 8 और 58 में 2-2 एवं थाना सेंट्रल और ओल्ड में 1-1 मुकदमा शामिल है। आरोपियों के खिलाफ दर्ज किए गए इन 13 मुकदमों में 212 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है जिसमें पुलिस थाना कोतवाली की टीम ने सबसे अधिक 5 पेटी अवैध शराब बरामद करते हुए आरोपी सागर तथा राजू को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव ने 3, थाना सेक्टर 58 और कोतवाली ने 2-2, क्राइम ब्रांच सेंट्रल, क्राइम ब्रांच सेक्टर 56, थाना ओल्ड, थाना सेंट्रल, थाना सेक्टर 8 और थाना सिटी बल्लभगढ़ में 1-1 मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा ऊंचा गांव द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सबसे अधिक तीन मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस द्वारा आरोपियों को अदालत में पेश कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा शहर को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत सभी पुलिस अधिकारियों को नशा तस्करी में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसके तहत फरीदाबाद पुलिस इन नशा तस्करों पर शिकंजा कसके नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के बेहतरीन प्रयास कर रही है।

# शिक्षकों की एनजीओ से नहीं सीधी की जाए भर्ती: विधायक



उपायुक्त नूंह मिलने पहुंचे आफताब अहमद विधायक सीएलपी उपनेता।

**रिजवान कासिम।** मेवात

## सीएलपी उपनेता और विधायक आफताब अहमद ने की डीसी से मुलाकात

**सीएलपी** उपनेता विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उपायुक्त अजय कुमार से एक विशेष मुलाकात शिक्षा के मुद्दे पर हुई है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला होने के बावजूद भी चार साल हो चुके हैं, लेकिन शिक्षा का स्तर बढ़ने के बजाय घटता जा रहा है। 12वीं के परीक्षा परिणाम आए हैं, उसमें नूंह सबसे निचले पायदान पर है। यह बहुत ही चिंता का विषय है। जिसकी वजह से विशेष तौर पर साथियों के साथ उपायुक्त से मुलाकात की है।

साथ ही उनसे जानने की कोशिश की है कि इस मामले की जांच की जाए साथ ही पता लगाया जाए कि क्या ऐसे कारण हैं, जो इतने निराशाजनक परीक्षा परिणाम सामने आ रहे हैं। आफताब अहमद ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के बार-बार तबादले हो रहे हैं, सरकार की सोच पर सवालिया निशान लग रहे हैं। सरकार का उदासीन रवैया है या शिक्षा विभाग की एक विफलता है, जिसकी वजह से निराशाजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विस्तार पूर्वक चर्चा होने के साथ-साथ मांग पत्र भी उपायुक्त को सौंपा गया है। आफताब अहमद ने कहा कि शिक्षकों की कमी की लंबे समय से मांग चली आ रही है। शिक्षा सहायक के रूप में जो एनजीओ से भर्ती की है, इससे काम चलने वाला नहीं है। नियमित भर्ती कराई जाए और उसके लिए सरकार पर दबाव बनाया जाए ताकि पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि टेस्ट दोबारा से लिया जाए, जो बच्चे रह गए हैं, उनसे फिर से टेस्ट लिया जाए ताकि स्थानीय बच्चों को रोजगार मिल सके और कम वेतन पर भी नौकरी मिल सके। आफताब अहमद ने कहा कि स्थाई समाधान तो नियमित भर्ती है, लेकिन अस्थाई तौर पर मेवात के बच्चों को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि यह जिले की बुनियादी सुविधा है। उसका पता लगाना जरूरी है ताकि दोबारा बैठक की जा सके। इसके अलावा तकरीबन 30000 एकड़ गेंहू इत्यादि फसल जलभराव की वजह से पिछले सीजन में खराब हुई थी। जिसके लिए धरना-प्रदर्शन भी किया गया। सरकार तक बात पहुंचाने की कोशिश की। सरकार ने माना कि नुकसान हुआ है, उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सभी ड्रेनों की सफाई कराई जाए ताकि ऐसे हालात ना बने कि किसानों की फसलों का खराबा हो और किसानों को बड़ा नुकसान हो। विधायक ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया जाए कि इस तरह की नौबत जिले में बरसात के मौसम में न हो, इन दो विशेष मुद्दों पर बातचीत हुई है।

# दीक्षांत समारोह शिक्षा की पहली सीढ़ी : कृष्णा श्योराण

## महाविद्यालय की 463 छात्राएं स्नातक की उपाधि से अंलकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



दीक्षांत समारोह में स्नातक की उपाधि धारक छात्राओं के साथ हैं कृष्ण श्योराण, रीतिका गुप्ता और प्रीति रैना।

**सेक्टर-16ए** स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को 27वें दीक्षांत समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुषमा स्वाराज राजकीय कन्या महाविद्यालय, बल्लभगढ़ की प्राचार्या कृष्णा श्योराण मुख्यातिथि रही। समारोह में सत्र 2017.20 के सभी विषयों की 210 छात्राओं एवं 2018.21 सत्र की 253 छात्राओं को स्नातक की उपाधि से नवाजा गया।

उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह का अर्थ शिक्षा का अंत नहीं हैए यह तो शिक्षा की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा मानव जीवन में हर समय शिक्षा का दौर जारी रहता है । इसलिए हमें हर समय नई चीजें एवं ज्ञान अजृत करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। किसी परीक्षा में अंक का कम या अधिक आना कोई सफलता का पैमाना नही है । जब तक आप अपने निर्धारित लक्ष्यों का हासिल न कर लें तबतक प्रयास जारी रखें।

कार्यवाहक प्राचार्या रीतिका गुप्ता ने मुख्या अतिथि का स्वागत किया तथा डिग्री लेने वाली एवं पुरस्कार विजेता छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मुख्यातिथि के सामने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं वरिष्ठ प्राध्यापिका अर्चना वर्मा ने मुख्य वक्ता का एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूमिका अदा करने वाले सभी स्टॉफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन भूगोल विभाग की प्राध्यापिका डाण् पारूल राणा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापिका सतविंद्र कौरए बलवीर दहिया ने भी छात्राओं को बधाई दी।

### तीन छात्राओं को रॉल ऑफ ऑनर

**महाविद्यालय** की तीन छात्राओं को सत्र 2019-20 एवं 2020-21 में विश्वविद्यालय स्तर पर अकादमिक एवं स्पॉर्टस में बेहतर प्रदर्शन के लिए रॉल ऑफ ऑनर की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

जिसमें सत्र 2019-20 के लिए बीजेएमसी की छात्रा सोनिया को विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में द्वितीय स्थान हासिल करने के लिए एवं सत्र 2020-21 में बीजेएमसी की ही छात्रा हिमानी कपूर को विश्वविद्यालय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करने लिए रॉल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है। वहीं उर्वशी भारद्वाज को विश्वविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक एवं अंतर्विश्वविद्यालय स्तर पर कांस्य पदक जीतन के लिए रॉल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। वहीं सत्र 2019-20 के लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की 6 छात्राओं को विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में चौथे से 15वां स्थान पाने पर चुना गया।

# चोरी की बाइक सहित युवक को दबोचा, केस

**तावडू।** शहर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक युवक को दबोचा है, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को पुलिस नूंह रोड बाईपास पर मौजूद थी। तभी गुप्तचर द्वारा सूचना मिली की छारोडा निवासी एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर सोहना की ओर जाएगा। बाईपास पर नाकाबंदी कर युवक को चोरी की मोटरसाइकिल सहित दबोचा जा सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर नाकेबंदी कर दी। 10-15 मिनट बाद नूंह की ओर से एक मोटरसाइकिल आई, जिसके चालक ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस जवानों ने उसे काबू कर लिया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान हसन निवासी छारोडा बताई।

# बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत, फसलों को होगा फायदा

## जगह-जगह कीचड़ व जलभराव की समस्या से भी लोग जूझते रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



तावडू के मुख्य बाजार में भरा पानी।

**गुरुवार** को इलाके में हुई बारिश से आमजन को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। बीते एक हफ्ते से लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल एवं पसीने-पसीने हो रहे थे, लेकिन सुबह से लेकर शाम तक रुक-रुककर हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इसके साथ ही बारिश किसानों के लिए लाभकारी मानी जा रही है। बरसात के कारण जगह-जगह कीचड़ व जलभराव की समस्या से भी लोग जूझते रहे। इलाके में अधिकांश किसान प्री मानसून की बारिश के बाद खरीफ फसल की बुवाई कर चुके थे। फसल खेतों में उगने भी लगी थी, लेकिन, बरसात में देरी एवं तापमान में वृद्धि होने पर खरीफ फसल मुरझाने की स्थिति पर पहुंच रही थी। लेकिन गुरुवार को हुई बारिश फसल के लिए अमृत बनकर बरसी है।

वहीं पिछले एक हफ्ते से उमस भरी गर्मी एवं तेज तपन ने जनमानस को भारी प्रभावित कर रखा था। दिनभर उमस भरी गर्मी के साथ रात्रि में भी गर्मी का असर देखा जा रहा था। विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के कारण लोगों के लिए समस्या और भी जटिल बन गई थी, लेकिन गुरुवार को बारिश का सिलसिला दिनभर जारी रहने से जहां गर्मी से राहत मिली है, वहीं फसलों को भी फायदा हुआ है।

# सीपी ने धौज थाने का किया औचक निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



थाना धौज का निरीक्षण कर पुलिस के जवानो को संबोधित करते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोडा।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा थाने का निरीक्षण के लिए पुलिस थाना धौज पहुंचे। जहां उन्होंने थाना परिसर तथा पुलिस रिकॉर्ड की चेकिंग करते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी एनआईटी नीतीश कुमार अग्रवाल भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि थाना प्रबंधक महेंद्र पाठक ने पुलिस आयुक्त को गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया। जिसके पश्चात पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने थाना परिसर के भवन, कार्यालय, बैरक, मालखाना, पार्क इत्यादि की चेकिंग की। थाने के एंट्री पॉइंट पर दाएं तथा बाईं तरफ बनाए गए पार्क की सुंदरता तथा पेड़ पौधों का रखरखाव करने के लिए पुलिस आयुक्त ने थाना प्रबंधक महेंद्र पाठक की प्रशंसा की। इसके पश्चात वह रिकॉर्ड चेक करने के लिए रिकॉर्ड रूम में पहुंचे। जहां पर उन्होंने वर्ष 2018 में थाना खुलने से अब तक के सारे रिकॉर्ड चेक किए जो दुरुस्त पाए गए। मालखाने की चेकिंग की गई जिसमें रखा गया। सामान व्यवस्थित पाया गया। पुलिस आयुक्त ने थाने के कार्यालय तथा पुलिसकर्मियों के आवास के लिए बनाई गई बैरक का भी निरीक्षण किया।

पुलिस आयुक्त ने थाना प्रबंधक को हिदायत दी कि यदि थाने में किसी भी प्रकार की मरम्मत या स्टेशनरी की आवश्यकता है तो वह खरीदकर इसका बिल जमा करवाएं। उन्होंने कहा थाने में आए पीड़ित को शिकायत दर्ज करवाने के लिए पेन पेपर थाने से उपलब्ध करवाए जाने चाहिए, जिससे पीड़ितों को भी सुविधा मिलेगी। किसी दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब पीड़ित व्यक्ति को अपनी शिकायत देने के लिए कंप्यूटर सेंटर वाले के पास जाना पड़ता है। जिससे उसकी जेब पर भार बढ़ता है इसलिए उन्हे शिकायत लिखने के लिए पेन पेपर थाने से उपलब्ध करवाया जाए और थाना प्रबंधक इसका बिल पुलिस आयुक्त कार्यालय से विड्रॉ करवा सकते हैं।

निरीक्षण के पश्चात पुलिस आयुक्त ने थाने के सभी पुलिसकर्मियों, सफाई कर्मचारी तथा कुक सहित पूरे स्टाफ के साथ मीटिंग की और पुलिसकर्मियों कर्मचारियों को आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के बारे में उनके साथ साझा करने के लिए कहा।

# 153 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

**नूंह।** एनटीपीसी समर्थित जन आरोग्यम कार्यक्रम के तत्वावधान में बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान यानी कि बीएसजीएसएस ने गुरुवार को गांव बझेड़ा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

डॉक्टरों और तकनीशियनों की टीम ने सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस शिविर में 153 लोगों की विभिन्न जांच की। एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच के साथ बीपी और ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल की जांच के अलावा ब्लड टेस्ट भी किए गए। लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार और स्वच्छ प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता स्पष्ट की गई। उन्हें कम लागत वाले पोषण और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए संतुलित आहार के बारे में भी जागरूक किया गया। दवाएं, पोषाहार पूरक और फेस मास्क का वितरण किया गया। एनटीपीसी से प्रवीण गर्ग, शीवम और जिला स्वास्थ्य प्रशासन से एसएमओ डॉ गोबिंद शरण ने शिविर में भाग लिया। अनूप कुमार निदेशक-संचालन बीएसजीएसएस और जन आरोग्यम टीम ने शिविर से संबंधित गतिविधियों का समन्वय किया।



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते ग्रामीण।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## जी-7 बैठक

### प्रभावी कदम आवश्यक

**यूक्रेन** पर रूस के बर्बर हमले के खिलाफ जी-7 समूह को तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने रूस पर युद्ध अपराधों का आरोप उचित ही लगाया है। उनकी प्रतिक्रिया एक घटना के बाद आई है जिसमें यूक्रेन में एक भीड़ भरे शापिंग माल पर मिसाइल हमले के बाद 18 लोग मारे गए तथा 59 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की 'क्रूरता और जंगलीपन' की निन्दा की। सोमवार को जारी संयुक्त बयान में जी7 नेताओं ने 'यूक्रेन के साथ एकजुटता' पर जोर देते हुए 'यूक्रेन की जनता व सरकार द्वारा अपने देश की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता' की पुष्टि की जो 'शांतिपूर्ण, समृद्ध व लोकतांत्रिक भविष्य के लिए संघर्ष कर रही' है। इससे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की का उत्साह बढ़ेगा जो ज्यादा बड़े व ज्यादा शक्तिशाली रूस के खिलाफ वीरता से युद्ध कर रहे हैं। घेरेबंद पूर्वी यूरोपीय देश के लिए अमेरिका-नीत पश्चिम का समर्थन प्रशंसनीय रहा है जिन्होंने अपने वित्तीय प्रभुत्व को हथियार में बदला तथा उसका प्रयोग मास्को के खिलाफ किया। इसके साथ ही नवीनतम हथियारों व उपकरणों के माध्यम से यूक्रेन को हथियारबंद करने की सहायता भी प्रशंसनीय है। लेकिन यही बात उसकी प्रभावशीलता के बारे में नहीं कही जा सकती है। रूस के खिलाफ कई महीने से जारी विकलांगकारी प्रतिबंधों के बावजूद उसकी युद्धक क्षमता अभी मजबूत है। एक शताब्दी से अधिक समय बाद रूस 100 मिलियन डालर से अधिक भुगतान नहीं कर सका है। इसका कारण यह नहीं है, लेकिन उस कर्जदाताओं को भुगतान की अनुमति नहीं है। इसका असर मास्को के बजाय उसके कर्जदाताओं पर पड़ेगा और निश्चित रूप से पुतिन इससे इतने मजबूर नहीं होंगे कि युद्ध समाप्त करने की घोषणा कर दें।



जी7 नेता क्रेमलिन पर दबाव डालने के अन्य तरीके भी अपना रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि रूसी ऊर्जा के आयात पर वैश्विक सीमा निर्धारित करने के बारे में विचार किया जा रहा है ताकि मास्को की यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने की क्षमता प्रभावित हो। रायटर्स की एक खबर के अनुसार वे वैश्विक खाद्य सुरक्षा में सहायता के लिए भी 5 बिलियन डालर का योगदान देंगे। लेकिन वे अपनी इस भूमिका से इनकार नहीं कर सकते हैं जिसके चलते पुतिन इस सीमा तक समृद्ध व दुःसाहसी हुए कि यूक्रेन पर हमले की हिम्मत कर सकें, भले ही यह भूमिका परोक्ष रही हो। पर्यावरण एक्टिविस्टों के आंदोलनों से अमीर देश इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने फासिल ईंधनों का प्रयोग नियंत्रित करने के लिए अपने देशों में उसका उत्पादन हतोत्साहित किया। उदाहरणार्थ, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ऊर्जा का शुद्ध आयातक बन गया, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित की थी। इसका कारण यह है कि बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी उग्र वामपंथी समूहों से लगातार प्रभावित रही। पिछले साल बाइडेन ने रूस को यूरोप में भी तेल बेचने की अनुमति दी। कहने का यह अर्थ नहीं कि पर्यावरण सरोकारों को अनदेखा किया जाए, लेकिन यह कार्रवाई जल्दबाजी के बजाय सुनियोजित रूप से होनी चाहिए। विकसित देश यह समझ नहीं पा रहे हैं कि हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया एक शताब्दी में नष्ट हो सकती है, वहीं नाभिकीय युद्ध से यह काम एक ही दिन में हो सकता है, जिसकी संभावना है। एक छोटे से देश का आत्मसमर्पण न होने से गुस्सा पुतिन युद्ध के विस्तार का फैसला कर सकते हैं। इसके विनाशकारी परिणाम न केवल यूक्रेन और यूरोप, बल्कि सारी दुनिया के लिए हो सकते हैं। जी7 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रूस के खिलाफ उसकी कार्रवाइयां न केवल प्रभावी हों, बल्कि इनसे युद्ध का विस्तार भी नहीं होना चाहिए।

# संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

**सरकार द्वारा ईंधन मूल्यों पर नियंत्रण की इच्छा के कारण बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री में बाधा आई है। जब तक यह सोच नहीं बदलती तब तक किसी भी लोक उपक्रम का निजीकरण संभव नहीं हो पाएगा।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)





पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग व मार्केटिंग के क्षेत्र में कार्यरत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में सरकार ने लगभग तीन साल पहले अपना 53.29 प्रतिशत का पूरा हिस्सा बेचने का निर्णय किया था, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। इसके कारण सरकार ने बिक्री पर विराम लगाने का फैसला किया। इस कदम के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजीकरण के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया था जिसका अर्थ पीएसयू में अपना अधिकांश हिस्सा बेच कर उसे निजी उद्यम में बदलना था। इसके लिए केन्द्रीय पीएसयू को मोटेतौर से दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक में बांटा गया था। रणनीतिक क्षेत्रों को चार उप-समूहों में बांटा गया था जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार तथा बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाएं शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र आते हैं जिनमें होटल व पर्यटन सेवाएं, औद्योगिक व उपभोक्ता उत्पाद, व्यापार व मार्केटिंग शामिल हैं। योजना के अनुसार सरकार का इरादा गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सभी उद्यमों का निजीकरण था। इसके साथ ही इस श्रेणी में सभी नुकसान वाले उद्यमों को बंद करने का फैसला भी शामिल था। रणनीतिक क्षेत्र के सीपीएसयू में उसका एक शर्त के साथ निजीकरण करना था कि सार्वजनिक क्षेत्र में उसके कम से कम एक या अधिकतम चार उद्यमों को बनाए रखना था।

बीपीसीएल उप-समूह 'ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज' में आता था। इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। अतः सरकार संभवतः इसे ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में बनाए रखना चाहती थी। लेकिन यह 2019-20 में बीपीसीएल निजीकरण फैसले के विपरीत था जिसे 2021-22 में बजट घोषणा के बहुत पहले लिया गया था। शायद यह नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन था। इसका दूसरा प्रमुख कारण अनुमतियों व लाल फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया थी। अनुमति की पुरानी प्रक्रियाओं में नीति आयोग ने रणनीतिक विनिवेश के लिए उन कंपनियों की पहचान की थी जिन पर बिक्री पर सचिवों की प्रमुख समिति-सीजीडी को विचार करना था। यह अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया थी। इसके पश्चात इसे अनुमति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में जाना होता था जो वित्त तथा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रियों समेत मंत्रियों का एक समूह था। एएम की अनुमति के बाद बिक्री व सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम को एक प्रस्ताव बनाना होता था जिस पर आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए को सैद्धान्तिक सहमति देनी होती थी।

संक्षेप में कहा जाए तो इस प्रकार रणनीतिक बिक्री में 12 चरण थे जिनके कारण प्रक्रिया शुरू होने में स्वाभाविक रूप से विलम्ब होता था। इस कारण जब सरकार बाजार में प्रवेश करती थी तब स्थितियों का अनुकूल होना जरूरी नहीं था। बीपीसीएल जैसे मामलों में चुनौती और बड़ी थी क्योंकि खरीदारों का बहुत अमीर होना जरूरी था। उदाहरण के लिए, 2019-20 में रणनीतिक निवेशक को 60,000 करोड़ रुपये निवेश करने की जरूरत थी। उस वर्ष बाजार परिवेश सकारात्मक था क्योंकि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 70 डालर प्रति बैरल के आसपास थे। यदि सरकार चाहती तो उसे पूरा हिस्सा खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि जमा करने वाले रणनीतिक निवेशक मिल जाते। लेकिन नौकरशाही इसके लिए तैयार नहीं थे। लेकिन 2020-21 में कोविड वैश्विक महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर मांग लगभग समाप्त हो गई थी और कच्चे तेल की औसत कीमतें लगभग 40 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं, जबकि अप्रैल 2020 में तो ये सबसे निचले स्त 20 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं। इस कारण बाजार का परिवेश भयानक रूप से नकारात्मक हो गया था। इसके साथ ही पूरी सरकारी मशीनरी वैश्विक महामारी के परिणामों से निपटने में अत्यधिक व्यस्त थी जिसका लक्ष्य लोगों का जीवन व उनकी आजीविका बचाना था।

2021-22 में मूल्यों में सुधार आया और वे 70 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए। इससे अधिकांश समय तक बाजार के परिवेश में महत्वपूर्ण सुधार आया। लेकिन अधिकारी फिर तैयार नहीं थे जिसके कारण बिक्री को 2022-23 तक टाल दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में यूक्रेन युद्ध, अमेरिका व यूरोपीय संघ द्वारा रूस के खिलाफ लगाए आर्थिक प्रतिबंधों तथा इसके कारण तेल व गैस की सप्लाई में बाधा से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कच्चे तेल की कीमत 120 डालर प्रति बैरल से 140 डालर प्रति बैरल तक जा चुकी है। इसके साथ ही तेल कंपनियों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई। यह समय बिक्री के लिए बहुत अच्छा था, पर ऐसा नहीं हो सका। सरकार ने बीपीसीएल की बिक्री ऐसे मोड़ पर स्थगित रखने का निर्णय किया है जब बाजार की स्थितियां सकारात्मक हैं तथा इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। यह निर्णय थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है। यह पहेली समझने के लिए निम्न बातों पर विचार किया जा सकता है।

सिद्धान्त रूप से पेट्रोल व डीजल की कीमतों को क्रमशः जून, 2010 तथा नवंबर, 2014 में नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया। तेल कंपनियों को एक फार्मूले के आधार पर अपने खुदरा मूल्य तय करने की स्वतंत्रता दी गई जिसमें उनके संबंधित इंपोर्ट पैरिटी प्राइस-आईपीपी व एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस-ईपीपी को 80:20 में रखना था। लेकिन व्यावहारिक रूप से पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों पर राजनीतिक नियंत्रण अभी बना हुआ है। सरकार ऐसा इसलिए कर सकती है कि उसकी तीन तेल मार्केटिंग केन्द्रीय पीएसयू-इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल व बीपीसीएल का घरेलू ईंधन खुदरा नेटवर्क पर लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है। हालांकि, तकनीकी रूप से एचपीसीएल तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी की सहायक कंपनी है, लेकिन ओएनजीसी स्वयं एक केन्द्रीय पीएसयू है। ओएनजीसी-एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल के प्रबंधनों को उनके स्वामियों से प्रत्यक्ष निर्देश मिलते हैं कि वे इच्छित स्तर पर कीमतें बनाए रखें, यानी यह स्तर राजनेताओं की इच्छा पर निर्भर करता है। अक्सर इसका बाजार द्वारा निर्धारित मूल्य से कोई संबंध नहीं होता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली में पेट्रोल की पंप पर कीमत 97 रुपये प्रति लीटर है जिसका संबंध कच्चे तेल की 90 डालर प्रति बैरल कीमत से है, जबकि भारत के लिए इसका वर्तमान समय में मूल्य 115 डालर प्रति बैरल है।

यदि ये उद्यम वास्तव में उपरोक्त फार्मूले के आधार पर कीमतें तय करने के लिए स्वतंत्र होते तो पंप पर इसकी कीमत 110 रुपये प्रति लीटर होती। इस पृष्ठभूमि में देखें तो यदि इन तेल पीएसयू का एक हिस्सा निजी हाथों में चला जाए जो लगभग 25 प्रतिशत खुदरा बिक्री का जिम्मेदार है तो ईंधन की कीमतें तय करने की सरकार की क्षमता में काफी कमी आएगी। वर्तमान परिदृश्य में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बने रहने की आशा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईंधनों की खुदरा कीमतों में बेलगाम वृद्धि की अनुमति नहीं दे सकते हैं। यह बात खासकर आने वाले समय में कई राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए महत्वपूर्ण है। वे ईंधन की कीमतों पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहेंगे। इसी कारण बीपीसीएल की बिक्री का निर्णय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। लेकिन तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो यह कदम समझदारी भरा नहीं है।

पहले ही खुदरा कीमतों पर कृत्रिम नियंत्रण के कारण निजी फर्में, जैसे आरआईएल व नायरा इनर्जी से ईंधन सप्लाई में भारी कमी आई है। वे एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल द्वारा तय कीमतों का मुकाबला नहीं कर सकती हैं। यहां तक कि सरकारी कंपनियां भी एक बिंदु से अधिक नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं हैं जिसका नतीजा देर-सवेर सप्लाई में कमी के रूप में सामने आएगा। इसके साथ ही इसका असर भविष्य में रणनीतिक बिक्री के समय बीपीसीएल की कीमत पर भी पड़ेगा। रणनीतिक बिक्री में एक बड़ी बाधा अवस्थापना का हमेशा से लिए ड्राइवर सीट पर बने रहने की इच्छा है। जब तक यह सोच नहीं बदलती है, तब तक बीपीसीएल या किसी अन्य पीएसयू का निजीकरण संभव नहीं होगा। यदि बिक्री होती है तो भी ऐसी स्थिति में उसका अच्छा मूल्य नहीं मिलेगा।

# 'ईज़ आफ लिविंग' के लिए बहुत कुछ करना होगा

> **"स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।"**

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



जीवन निरंतर गतिशील मोड में है। गतिशील प्रवाह में अधिक महत्वपूर्ण तत्वों में, भौतिक और संज्ञानात्मक प्रणाली है। शरीर के अंदर और बाहर आवधिक परिवर्तन परिवर्तन के स्पष्ट संकेतक हैं। साथ ही, बौद्धिक और भावनात्मक प्रणालियों में परिवर्तन होता है। जैसा कि होता है, अधिकांश समुदायों के पास इस परिवर्तन के माध्यम से लोगों को पारगमन में सहायता करने के लिए बहुत कम या कोई औपचारिक प्रणाली नहीं होती है।

इस प्रकार, अपने स्वयं के विकास में एक व्यक्ति की भूमिका वास्तविकता से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह वे अनौपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और उस वातावरण से सीखते हैं जिसमें वे अंतर्निहित हैं। स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा और संदर्भ से अनौपचारिक शिक्षा और पर्यावरण परस्पर एक दूसरे का समर्थन कैसे करते हैं, इसका अध्ययन करने में यह एक महत्वपूर्ण तत्व है।

इस प्रकार, यह सब सीखना है जो जीवन जीने की क्रिया का एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण बन जाता है। शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से जो परिवर्तन होते हैं, वे जीवित रहने की कला के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह प्रक्रिया अन्य सुविधाओं में अंतर्निहित है।

कोई बड़ा होकर शादी कर लेता है। बच्चे विवाह से पैदा होते हैं और संदर्भ की इकाई बदल जाती है। बाकी सब की तरह, यह भी एक गुजरता हुआ दौर है; बच्चे बड़े हो जाते हैं और माता-पिता फिर से दो की इकाई बन जाते हैं। यह सब एक गतिशील सामाजिक वातावरण में उलझा हुआ है। बाहरी शासन प्रणाली विकसित होती है। यह नागरिक समाज के निर्माण में दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। एक है संसाधनों तक पहुंच और दूसरा है विकास के अवसर। यदि बहुत अधिक गतिमान भाग हों तो जीवन यापन की चुनौती बड़ी हो जाती है।



जीने की चुनौती जीवन की सुगमता का सुपरसेट है। जीवन की सुगमता अन्य बातों के अलावा, रूपों और स्वरूपों, स्क्रीनिंग और सत्यापन के बारे में है। जीवन की चुनौती ऊर्जा, पानी और सुरक्षा जैसे इनपुट की उपलब्धता के कार्य से संबंधित है। इस सब में, स्वास्थ्य सेवा का कार्य मौलिक है। एक बार जीवन जीने की चुनौती और जीवन की सुगमता के बीच इस अंतर को पहचान लिया जाता है, प्रगति सरल हो जाती है और इसलिए उच्च स्तर के समाधान के लिए उत्तरदायी होती है। उपरोक्त दोनों मुद्दों, चुनौती और जीवन की सुगमता, को संदर्भ की इकाई को समझे बिना नहीं संभाला जा सकता है। संदर्भ की इकाई अक्सर अपरिभाषित होती है। यह समुदाय से समुदाय में भिन्न हो सकता है। कचरा संग्रहण के मूल कार्य पर विचार करें।

यह इतना बुनियादी है कि ज्यादातर लोग इसे हल्के में लेते हैं। यह एक अति सरलीकरण है। नई दिल्ली की एक अपमार्केट कॉलोनी में, एक दशक से थोड़ा अधिक समय पहले, यह पाया गया कि सीवरेज पाइप पानी के पाइप के समानांतर रखी गई थी और मानसून के दौरान, सीवरेज पाइप में प्रवाह से पानी के पाइप में प्रवाह का संदूषण हुआ। बीमारी बह गई। फिर उचित कचरा संग्रहण शुरू किया गया। एक था कचरे का पृथक्करण, बायोमास प्रकार और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रकार के बीच। अलग-अलग कूड़े के निस्तारण की संस्तुति की गई। यह प्रथा अभी तक विकसित शहरों की कई कॉलोनियों में जड़ जमा चुकी है।

इस मान्यता को साथ-साथ चलना होगा कि किस एजेंसी से किस प्रकार के कचरे के संग्रहण के स्तर का आरोप लगाया जाता है। दृष्टांत कई हो सकते हैं। समाधान को संदर्भ की इकाई की मान्यता के साथ करना होगा- कचरा संग्रहण के लिए एजेंसी कैसे तय की जाती है? ऊर्जा, मानो, बिजली का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए कौन जिम्मेदार होगा? पानी की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होगी? सीधे शब्दों में कहें, तो स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जितना कि किसी अन्य स्तर पर। कुछ काम शुरू हो गया है, और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## आप की बात

### जेनरिक दवाएं

**केंद्र** सरकार ने आमजन को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिये जन औषधि केंद्रों की स्थापना किया था। जिससे लोगों को महंगी दवाओं से निजात मिले। लेकिन सरकारी अस्पतालों में बाहर से ब्रांडेड महंगी दवायें लिखी जाती थी जब इस मामले को मीडिया ने उठाया तो उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का संज्ञान लिया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने सभी चिकित्सकों को जेनरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया। जन औषधि केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। स्वास्थ्य मंत्र ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार सबको सस्ती दवाएं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है। डॉक्टरों को पहले भी इस बात के निर्देश दिए गए थे कि वे दवा के साथ साल्ट का भी नाम लिखे। इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिये डीएम और मण्डलायुक्तों को निर्देश दिया गया। अस्पतालों में बैठे सीएमएस और सीएमओ की जिम्मेदारी है कि वे सरकार के आदेश का पालन करें। लेकिन हर जगह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग में देखने को मिल रही है। मुझे नहीं लगता मंडलायुक्त कभी अस्पताल देखने जाएंगे। सरकार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें। गड़बड़ी होने पर उन्हें सीधे पदावनत कर दिया जाए।

- कुलदीप मोहन त्रिवेदी, जरगांव

### देशहित में है अग्निपथ

**आज** अग्निपथ योजना का जिस तरह से कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है तब हम कांग्रेसियों से पूछना चाहते हैं कि आपने जब से बीजेपी की सरकार आई है उसका सिवा विरोध के कुछ भी काम नहीं किया है। आज भारत सरकार देश की खुशहाली के लिए, एक के बाद एक कई तरह की योजनाएं ला रही है जिससे नौजवानों को काम मिल सके ऐसी योजना का कांग्रेस द्वारा विरोध करना अनुचित बात है। क्योंकि सरकार की इन योजनाओं का जनता द्वारा स्वागत भी किया जा रहा है स्टार्टअप के जरिए देश में कई हजार नौजवानों को आज काम मिल चुका है इसी तरह से कोरोना काल के चलते काफी समय से सेना की भर्ती में रुकी हुई थी सब काफी सोच विचार कर सरकार ने इस क्षेत्र में अग्निपथ योजना लाई है जिसे सेना के तीनों अंगों ने भी स्वीकृति देकर इसका स्वागत किया है। आज तीनों सेना के अध्यक्षों ने भी नौजवानों से इसमें भाग लेने की अपील भी की है। तब इस योजना स्वागत किया जाना चाहिए इस योजना में नौजवानों के लिए 4 साल काम करने का अवसर दिया गया है इसमें वेतन भी भरपूर है आज स्वयं नौजवान इसमें भाग ले रहे हैं।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

### वीभत्स घटना

**उदयपुर** की इस वीभत्स घटना को हत्या नहीं बल्कि आतंकी घटना कहना होगा क्योंकि जिस तरह से कन्हैया लाल की गर्दन रेती गयी और इसके बाद हंसते हुए रिआज़ अख्तरी और गौस मोहम्मद ने जिस तरह का वीडियो बनाया वह काफी आतंकी संघटनों के अतीत में हुए इस तरह की घटनाओं से मिलता जुलता है। यह शर्मनाक है की कन्हैया लाल ने अपनी हत्या से कुछ ही दिन पहले पुलिस में जाकर अपनी जान के खतरे को लेकर अर्जी दी थी और अपने पड़ोसी का साफ़ साफ़ जिक्र किया था और किस तरह से उनकी दूकान की रेकी की जा रही है, और उनकी हत्या कभी भी हो सकती है। इस सबके बावजूद पुलिस ने इसका संज्ञान न लेते हुए कन्हैया लाल का नो कोई सुरक्षा प्रदान की बल्कि नाजिम के भाई को सुरक्षा प्रदान कर दी। इससे राजस्थान पुलिस के इरादों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह उठता है। वैसे नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है और हमें आशा करेंगे की इस घटना की तह तक जांच होनी चाहिए और इन दोनों को मृत्यु दंड अवश्य मिलना चाहिए।

- बाल गोविंद, सेक्टर 44, नोएडा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**हमें** कभी आपातकाल का वह खतरनाक समय नहीं भूलना चाहिए जिससे हम बाहर निकले हैं। इतिहास के हर चरण से सीखना महत्वपूर्ण है।

- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



**सरकार** व रुपये के बीच प्रतियोगिता है कि किसकी कीमत ज्यादा तेजी से गिरती है। सुशासन के प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए।

- राहुल गांधी
कांग्रेस नेता



**राष्ट्रपति** चुनाव में समर्थन के लिए में भाजपा में अपने पूर्व सहयोगियों से संपर्क करूंगा।

- यशवंत सिन्हा
संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार

# गीता संपूर्ण दुनिया को मानवता का सार देने वाला ग्रंथ

### आरएसएस के सर संघचालक, राज्यपाल मुख्यमंत्री, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने जीओ गीता द्वारा पवित्र ग्रंथ गीता पर तैयार आनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का किया शुभारंभ

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र



गीता ज्ञान संस्थान में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डॉ. मोहन भागवत राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद।



कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने कहा कि गीता किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं है बल्कि संपूर्ण दुनिया को मानवता का सार देने वाला ग्रंथ है। हिंदू परंपरा को यद्यपि गीता मिली है लेकिन उस पर किस प्रकार का कोई पेटेंट नहीं है, यह तो विश्वधर्म है। उन्होंने कहा कि सृष्टि में जब तक मानव जाति विद्यमान है तब तक गीता की प्रासंगिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सृष्टि की समस्याओं का उत्तर देने वाला और संपूर्ण मानवता की समस्याओं का समाधान करने वाला तथा कभी फीका न पड़ने वाला सुख का ज्ञान श्रीमद्भागवत गीता में है, जिसे हर मानव जाति को समझने की जरूरत है। गीता के इस ज्ञान के कारण ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र महाभारत की धरती के अलावा सबसे विश्व में गीता की अवस्थली के रूप में जाना जाएगा।

सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर स्थित गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित भगवत गीता की वर्तमान प्रासंगिकता पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस के सरसंघचालक डा. मोहन राव भागवत, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र में जीओ गीता की तरफ से पवित्र ग्रंथ गीता के सर्टिफिकेट कोर्स का विधिवत रुप से शुभारंभ किया। इस संस्थान की तरफ से आने वाले समय में पवित्र ग्रंथ गीता के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स को वैश्विक स्तर पर शुरू किया जाएगा। कोर्स को शुरू करने पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रशंसा की है। गृह मंत्री अनिल विज, पर्यटन मंत्री कंवर पाल, राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा, सांसद नायब सिंह सैनी, सांसद रतनलाल कटारिया, सांसद संजय भाटिया, विधायक सुभाष सुधा, विधायक लीला राम, विधायक प्रमोद विज, विधायक महिपाल ढांडा आदि उपस्थित रहे। डॉ. मोहन राव भागवत ने कहा कि गीता हमें सिखाती है कि जीवन में जो भी कार्य करो वह बिना किसी द्वेष और दुश्मनी के करो। गीता में कहा गया है कि समस्याओं से भागो मत उनका सामना करो। इसलिए अपनी बुद्धि को स्थिर करो। इसका ज्ञान गीता के 12वें अध्याय में मिलता है, जिसमें बताया गया है कि आचरण कैसा होना चाहिए। मनुष्य जीवन को सफल कैसे करना है और इस सृष्टि के साथ कैसे चलना है यह भी गीता हमें सिखाती है।

**कुरुक्षेत्र पूरे विश्व में जाना जाएगा गीता के केंद्र के रूप में : दत्तात्रेय**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा की धरती हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने और बौद्धिक चिंतन के उन्नयन का प्राचीनतम केंद्र रहा है। यह वह महान भूमि है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने बार-बार गमन किया। ऐसी माना जाता है कि श्रीकृष्ण ने पहली बार जैसे ही अपने यान को इस पवित्र धरती पर उतारा तो उसे हरि-याना कहा गया, जिसको कालांतर में हरियाणा पुकारा जाने लगा। यह भूमि भगवान श्रीकृष्ण के पदचिह्नों की साक्षी रही है। उन्होंने कहा कि कृष्णा सर्किट योजना के तहत हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र को ऐसा तीर्थ स्थल बनाया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र बनेगा।

**सितंबर में कनाडा में भी मनाया जाएगा गीता महोत्सव : ज्ञानानंद**

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कुरुक्षेत्र अपने इतिहास को धीरे-धीरे खो रहा था, लेकिन वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद नई आभा के साथ, नई प्रेरणा लेकर सरकार ने कुरुक्षेत्र ही नहीं 48 कोस के तीर्थों का जीर्णोद्धार करने का काम किया। सरकार के प्रयासों से गीता जयंती के छोटे से समारोह को मॉरिशश और इंग्लैंड में मनाया गया और 16 से 18 सितंबर तक कनाडा में भी गीता महोत्सव मनाया जाएगा। आरएसएस से सीताराम व्यास, पंवन जिंदल, विजय कुमार, सुरेंद्र पाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा महामंत्री सुशील राणा, करनाल की मेयर रेणू बाला गुप्ता, उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला, प्रमोद गुप्ता, अशोक आदि उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की तरह श्रीकृष्ण उत्सव भी मनाया जाएगा : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि ज्योतिश्वर की पावन धरा का अपना एक महत्व है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की नगरी का विकास करने के लिए कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया। इस बोर्ड द्वारा 48 कोस सर्किट के तहत 164 स्थानों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इन स्थानों पर स्थित मंदिरों और सरोवरों को विकसित किया जा रहा है। जिस प्रकार अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य तरीके से आयोजन किया जाता है उसी प्रकार आने वाले समय में श्री कृष्ण उत्सव भी मनाया जाएगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### शिक्षक भाग सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई पार्टी



**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय फौजी कॉलोनी से प्राथमिक शिक्षक भाग सिंह 18 वर्ष की प्राथमिक शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय फौजी कॉलोनी की मुख्य शिक्षिका दर्शना देवी ने स्कूल में सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया। इसमें उनके परिवार से उनके भाई, उनके पुत्र, उनके जमाई और गांव से मौजिज लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रविदत्त ने किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के सदस्यों को आमंत्रित किया गया था जिसमें जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, पूर्व प्रधान विनोद चौहान, महासचिव संदीप चौहान, थानेसर प्रधान नरेश फूले, शाहबाद अध्यक्ष सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश भारद्वाज, राज्य प्रेस प्रवक्ता सूबे सिंह सुजान, रामकुमार,नरेश कुमार, अमरजीत पांचाल, रविदत्त,सुरेश कुमार,अनिल मैहला, दिलीप कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला प्रधान राजेंद्र टंडन, विनोद चौहान, सूबे सिंह सुजान ने संबोधित किया और भाग सिंह को सेवानिवृत्त होने पर शुभकामनाएं दी।

### गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने किया मतांशु रंगा को सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** स्टालवार्ट फाऊंडेशन के तत्वावधान में लाडवा के शिवाला रामकुंडी में समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा के जन्मदिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने पहुंचकर समाजसेवी संदीप गर्ग को आशीर्वाद दिया। वहीं स्वामी ज्ञानानंद ने हलका लाडवा के होनहार बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसमें बजीदपुर के मतांशु रंगा जो राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता जो मध्यप्रदेश प्रदेश में कांस्य पदक लेकर आये थे। उनको स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### पॉलीथिन बैग रखने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

**सोनीपत।** नगर निगम आयुक्त धमेन्द्र सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा सरकार द्वारा पॉलिथीन बैग पर प्रतिबंध कैरी बैग के निर्माण, विक्रय, वितरण, भण्डारण, परिवहन तथा पुर्ननिर्मित प्लास्टिक कैरी बैग व पुर्ननिर्मित प्लास्टिक कैन्टेनर के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए अधिसूचना जारी की है। उन्होंने बताया कि विभाग के आर्देशानुसार सोनीपत नगर निगम क्षेत्र में पॉलिथीन बैग रखने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी और उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि चैकिंग के दौरान अगर किसी दुकानदार पर 100 ग्राम तक पॉलिथीन बैग पाए जाते हैं तो उसपर 500 रूपये, 101 ग्राम से 500 ग्राम तक 1500 रूपये, 501 ग्राम से 01 किलोग्राम तक 03 हजार, एक किलोग्राम से उपर और 05 किलोग्राम तक 10 हजार, पांच किलोग्राम से उपर और 10 किलोग्राम तक 20 हजार तथा 10 किलोग्राम से अधिक पॉलिथीन बैग पाए जाने पर 25 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों और जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी इन सभी आदेशों का पालन दृढता से करें और शहर को पॉलिथीन फ्री बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें ताकि हम पॉलिथीन से होने वाले प्रदूषण से अपने आप की रक्षा कर सके।

### गुरुवार को मिले कोरोना के चार पॉजिटिव केस

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना के 04 नये पोजिटिव केस मिले वहीं 06 व्यक्ति भी कोरोना को हराकर स्वस्थ हुए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59221 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 58 हजार 896 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना के 48 एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर कटेंगे चालान : सचिव

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर आज पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस प्रतिबंध की धरातल पर पालना कराने के लिए नगरपालिका ने कमर कस ली है। शाहाबाद नगरपालिका के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे अजीत सिंह द्वारा जारी की गई जन सूचना के अनुसार सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णत: प्रतिबंधित करने के उपरांत जिन होटल, मोटेल, ढाबा, रेस्तरां, मैरिज पैलेस, होलसेल विक्रेता एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा प्लास्टिक व प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाता है, उन सब के चालान काटे जाएंगे। नगरपालिका सचिव द्वारा जारी सूचना में कहा गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ कर सभी यूजर्स प्लास्टिक की जगह कागज अथवा पत्तों से बने प्रोडक्ट इस्तेमाल करें। व्यापारियों तथा दुकानदारों के पास प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से सर्टिफिकेट और व्यापार के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। सूचना में कहा गया है कि नगरपालिका की टीम जब चालान काटने जाएगी तो व्यापारियों तथा दुकानदारों के पास प्रदूषण विभाग से प्राप्त रजिस्ट्रेशन से संबंधित पूरे दस्तावेज होने चाहिए। जिन दुकानदारों के पास पूरे दस्तावेज नहीं होंगे उनके भी चालान काटे जाएंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध की धरातल पर सख्ती पालना करवाने हेतु नगर पालिका प्रतिबद्ध है।

# बैस्ट प्रेसिडेंट अवॉर्ड से नवाजे गए रोटरी क्लब शाहाबाद के प्रधान राजकुमार गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद



सम्मान प्राप्त करते रोटरी क्लब शाहबाद के पदाधिकारी।

**रोटरी** क्लब शाहाबाद को बैस्ट क्लब इन डिस्ट्रिक अवार्ड की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया है। इतना ही नहीं, प्रधान राज कुमार गर्ग को बैस्ट प्रेसिडेंट का अवार्ड तथा उन्हें बैस्ट प्रोजेक्टस इन डिस्ट्रिक के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

यह अवाड्र्स डिस्ट्रिक गवर्नर अजय मदान द्वारा डिस्ट्रिक अवार्ड फंक्शन अम्बाला में प्रदान किए गए। समारोह में रोटेरियनस, प्रेसिडेंटस, सक्रेटरीज और डिस्ट्रिक टीम मैम्बरस को उनकी सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब शाहाबाद के सेकरेट्री सुरेश गोगिया को भी बैस्ट सैकरेट्री इन डिस्ट्रिक के अवार्ड और डॉ. आरएस घुम्मन को चेंज मेकर, अस्सिटेंट ट्रेनर आफ इयर के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसी के साथ ही डॉ. एसएस आहूजा, महेश गोयल, विरेन्द्र ठकराल, कुलदीप गुप्ता, संदीप गर्ग, प्रितपाल सिंह ढिल्लों और एससी सिंगला को चेंज मेकर अवार्ड से नवाजा गया है। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब शाहाबाद टीम की रोटरी क्लब में सेवाएं देने के लिए बहुत प्रशंसा हुई तथा उन्हें और भी कई अवार्डो से नवाजा गया। प्रधान राज कुमार गर्ग ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी रोटरी टीम को दिया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब के सभी सदस्य सभी प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने में पूरा सहयोग करते हैं, जिससे हमारे क्लब को बैस्ट क्लब और अन्य अवार्डों से सम्मानित किया गया है।

## संदीप नैय्यर बने कमेटी बाजार एसोसिएशन के प्रधान

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** संदीप नैय्यर को सर्वसम्मति से कमेटी बाजार एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया गया है।



आर्किटेक्ट राकेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई कमेटी बाजार एसोसिएशन की बैठक में जहां संदीप नैय्यर को सर्वसम्मति से प्रधान नियुक्त किया गया वहीं नवनियुक्त प्रधान ने एसोसिएशन की कार्यकारिणी के गठन की घोषणा करते हुए बताया कि राकेश गोयल कमेटी बाजार एसोसिएशन के नए चेयरमैन होंगे। संजीव हांडा को सचिव तथा अशोक वर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि मोहिंदर अरोड़ा, मनीष नारंग तथा राकेश कामरा कमेटी बाजार एसोसिएशन में कार्यकारी सदस्य के रूप में सेवाएं देंगे।

# गुलशन क्वात्रा ने एसडीएम से लिया जीत का प्रमाण पत्र



एसडीएम कपिल शर्मा नपा अध्यक्ष गुलशन क्वात्रा को जीत का प्रमाण पत्र सौंपते हुए।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** शाहाबाद के उपमंडल अधिकारी कपिल शर्मा ने नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष गुलशन क्वात्रा को जीत का प्रमाण पत्र सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं।

नपा अध्यक्ष ने यह प्रमाण पत्र पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ग्रहण किया। प्रमाण पत्र मिलने के बाद अध्यक्ष एसडीएम कार्यालय से बाहर निकले तभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोशीला स्वागत किया। उन्हें मिष्ठान वितरित किया गया और फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष क्वात्रा ने एक बार फिर से शाहाबाद की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि में हमेशा सभी वर्ग, जाती और धर्म के लोगों का एक जैसा सम्मान करता हूं, इसलिए मेरे कार्यकाल में किसी को भी निराशा नहीं होगी। इस दौरान बालकृष्ण क्वात्रा, तुषार बवेजा, शुभम साहनी, जयनाथ पांडे, जतिन वर्मा, अंकित शर्मा सहित बड़ी संख्या में जजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# गांवों में नहीं रहने दी जाएगी विकास के लिए धन की कमी : रामकरण काला



लुखी के डेरा रामनगर में गली व नाली का उद्घाटन करते विधायक रामकरण काला व डॉ. जसविंदर खैहरा।

**कुरुक्षेत्र।** गांव लुखी के डेरा रामनगर में शाहबाद के विधायक रामकरण काला के साथ शुगर केन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ जसविंदर खैहरा ने नवनिर्मित गली व नाले का उद्घाटन किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक रामकरण काला व डॉ. जसविंदर खैहरा का नीरज भारद्वाज, बलदेव राणा,अनिल राणा, सुशील राणा, , जोगिंद्र सिंह, बलदेव सिंह, हीरा सिंह, पप्पू पन्नू, जरनैल सिंह, संजीव वी जेई नीरज कांत ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया और गली व नाला बनवाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

जननायक जनता पार्टी के हल्का प्रधान जगबीर मोहड़ी भी मौजूद रहे। विधायक रामकरण काला ने कहा कि हलके के किसी भी गांव में विकास कार्य के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रत्येक गांव में भरपूर रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं।ग्रामीणों की डिमांड पर गली व नालों का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सार्वजनिक स्थलों को भी सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रामकरण काला ने कहा कि शाहाबाद हल्के के प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुनकर उसका हल करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जसविंदर खैहरा ने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से प्रत्येक गांव में विकास की गंगा बह रही है। हर वर्ग का विकास किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों को सुंदर बनाया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। खैहरा ने कहा कि उनके द्वारा ग्रामीणों की मांगों को जब भी उपमुख्यमंत्री के पास भेजा गया है

# अमरनाथ यात्रा पर शाहाबाद से दूसरा जत्था रवाना

### इस वर्ष 2500 श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पहुंचने की तैयारी में

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र /शाहाबाद



शाहाबाद से श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था रवाना करते नगर पालिका प्रधान गुलशन क्वात्रा और अन्य।

**बाबा** अमरनाथ बफार्नी की यात्रा 30 जून से शुरू होने जा रही है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने और दो साल कोविड-19 संक्रमण से प्रभावित होने के बाद यह यात्रा का आयोजन है, जिसमें शामिल होने के लिए शाहाबाद के श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। इसमें शामिल होने के लिए शाहाबाद से श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था वीरवार सुबह रवाना हो गया है, वहीं अन्य श्रद्धालु भी तैयारियों में जुटे हैं। आज जाने वाले जत्थे की अगुवाई अमरजीत सिंह मामूमाजरा कर रहे हैं। नगर पालिका के प्रधान गुलशन क्वात्रा ने जत्थे को हरी झंडी देकर रवाना किया है।

गुलशन क्वात्रा ने बताया कि बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए शाहाबाद से पहला जत्था 18 जून को भंडारा लेकर रवाना हुआ था और आज दूसरा जत्था रवाना हो रहा है। हर वर्ष करीब 2000 से 2500 यात्री जाते हैं। धारा 370 हटाने की कवायद के कारण वर्ष 2019 में यात्रा बीच में ही रोक दी गई थी। इसके बाद 2020 और 2021 में कोविड-19 संक्रमण के कारण यात्रा नहीं हुई। इसलिए इस बार श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर हैं, इसी कारण शाहाबाद से इस वर्ष 2500 श्रद्धालुओं की अमरनाथ यात्रा जाने की तैयारी है।

जिक्र योग है कि अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल और पंजीकरण की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो गई थी, वहीं वंचित श्रद्धालु जम्मू और श्रीनगर पहुंच कर मेडिकल और पंजीकरण कराने की तैयारी में हैं। वीरवार को शुरू हो रही यात्रा में शामिल होने के लिए पहला जत्था 29 जून को जम्मू से सेना की सुरक्षा के बीच पहलगांव और बालटाल के लिए रवाना हो गया। इस मौके राजेश कुमार उप्पल, जगतार सिंह, प्रदीप कुकरेजा, दीपक पोपली, विजय हसीजा और दिनेश कुमार मौजूद थे।

**बालटाल मुश्किल, तो चंदनबाड़ी है लंबा रास्ता : अमरजीत सिंह**

यात्रा की अगुवाई कर रहे अमरजीत सिंह मामूमाजरा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा के लिए दो रास्तों में से चंदनबाड़ी से गुफा तक का रास्ता करीब 34 किमी का है, जो दो से तीन दिन में पूरा होता है। इसमें पहला पड़ाव शेषनाग और दूसरा पड़ाव पंजतरणी होता है। वहां से गुफा तक पहुंचा जाता है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, घाटी, नदियां, ऊंचे पहाड़ यात्रा की मुश्किलें आसान बना देते हैं। वहीं बालटाल का रास्ता 14 किमी का है, लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला होने के कारण मुश्किल है। दोनों रास्ते संगम पर मिलते हैं। चंदनबाड़ी और बालटाल से यात्रा के लिए गेट सुबह 6 बजे खुलते हैं, दोपहर 12 या एक बजे तक ही यात्रियों को यात्रा शुरू करने की अनुमति दी जाती है।

## कैथल से आकाश बायजूज के तीन छात्रों ने केवीपीवाई नेशनल फेलोशिप प्रोग्राम 2021 में क्वालीफाई किया

### अदित जिंदल ने टॉप 100 में 8वां स्थान हासिल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



**कैथल** से परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय नेता आकाशबायजूज के तीन छात्रों ने भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा संचालित बुनियादी विज्ञान में फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यक्रम किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) में शानदार परिणाम दिए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार द्वारा वित्त पोषित भारत की फेलोशिप परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए थे। पूरे भारत से आकाशबायजूज के 545 छात्रों ने केवीपीवाई फेलोशिप प्रोग्राम 2021 को पास किया है।

कैथल के शीर्ष छात्रों में अदिति जिंदल, आर्यन कौशिक, और अनिभूति शामिल हैं। केपीवीवाई कार्यक्रम असाधारण स्कूली छात्रों को बुनियादी विज्ञान पाठ्यक्रम और विज्ञान में अनुसंधान करियर बनाने के लिए आकर्षित करने के लिए है। भारत सरकार द्वारा, चयनित केवीपीवाई छात्रों को प्री-पीएचडी स्तर तक फेलोशिप प्रदान की जाती हैं। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाशबायजूज के प्रबंध निदेशक, आकाश चौधरी ने कहा, आकाशबायजूज में हम छात्रों को गुणवत्ता परीक्षण प्रारंभिक सेवाएं प्रदान करने में विश्वास करते हैं। हमें कैथल के अपने छात्रों पर बेहद गर्व है जिन्होंने इस साल केवीपीवाई पास किया है, जिसे भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। केवीपीवाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें बधाई।

## आयुष विवि ने जारी की परीक्षाओं की तिथि

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने बीएएमएस और बीएचएमएस सत्र 2022 प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी है। परीक्षाएं 2 अगस्त से प्रारंभ होकर 22 अगस्त तक चलेंगी।

वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही री-अपीयर की परीक्षाएं भी होनी हैं। इसके साथ ही डॉक्टर ऑफ मेडिसिन इन आयुवेर्दा प्रारंभिक वर्ष, डी-फार्मा आयुवेर्दा प्रथम और द्वितीय वर्ष की री-अपीयर और पंचकर्म सहायक की वार्षिक व अनूपुरक परीक्षाएं 3 अगस्त से होंगी। डेटशीट आयुष विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जहां से विद्यार्थी डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा शाखा नियंत्रक डॉ. सतीश वत्स ने बताया कि आयुष विश्वविद्यालय द्वारा सभी परीक्षाएं निर्धारित समय अवधि पर कराई जा रही हैं। बीएएमएस और बीएचएमएस प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षाओं के साथ ही री-अपीयर की परीक्षाएं भी होनी हैं।

## नारनौल के आकाश बायजूज के नौ छात्रों ने केवीपीवाई नेशनल फेलोशिप प्रोग्राम 2021 में क्वालीफाई किया

### आकाशबायजूज की भाविका कुमार ने टॉप 100 में 12वां स्थान हासिल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नारनौल



**नारनौल** से परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय नेता आकाशबायजूज के नौ छात्रों ने भारतीय विज्ञान संस्थान द्वारा संचालित बुनियादी विज्ञान में फेलोशिप के राष्ट्रीय कार्यक्रम किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) में शानदार परिणाम दिए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, सरकार द्वारा वित्त पोषित भारत की फेलोशिप परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए थे। पूरे भारत से आकाशबायजूज के 545 छात्रों ने केवीपीवाई फेलोशिप प्रोग्राम 2021 को पास किया है।

नारनौल के शीर्ष छात्रों में सुशांत कुमार, भाविका कुमार, मनीष कुमार, हेमित कुमार, छवि कुमार, सुमित चन्दर, खुशी गोयल, परीक्षित और सक्षम गर्ग शामिल हैं।

केपीवीवाई कार्यक्रम असाधारण स्कूली छात्रों को बुनियादी विज्ञान पाठ्यक्रम और विज्ञान में अनुसंधान करियर बनाने के लिए आकर्षित करने के लिए है। भारत सरकार द्वारा, चयनित केवीपीवाई छात्रों को प्री-पीएचडी स्तर तक फेलोशिप प्रदान की जाती हैं।

छात्रों को बधाई देते हुए, आकाशबायजूज के प्रबंध निदेशक, आकाश चौधरी ने कहा, आकाशबायजूज में हम छात्रों को गुणवत्ता परीक्षण प्रारंभिक सेवाएं प्रदान करने में विश्वास करते हैं। हमें नारनौल के अपने छात्रों पर बेहद गर्व है जिन्होंने इस साल केवीपीवाई पास किया है, जिसे भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। केवीपीवाई में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें बधाई। हमें खुशी है कि हमारे छात्रों और शिक्षकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत रंग लाई है।

केवीपीवाई में छात्रों का चयन वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए योग्यता रखने वाले बुनियादी विज्ञान में किसी भी स्नातक कार्यक्रम के ग्यारहवीं कक्षा से प्रथम वर्ष तक पढ़ने वालों में से किया जाता है। आईआईएससी में आवेदनों की जांच करने और देश के विभिन्न केंद्रों पर एक योग्यता परीक्षा आयोजित करने के लिए विशेष समूह और समितियां स्थापित की गई हैं। एप्टीट्यूड टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर, शॉर्ट-लिस्टेड छात्रों को एक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है जो चयन प्रक्रिया का अंतिम होता है।

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

ऐ मेरे हमनवां, ऐ यार मेरे, ऐ मेरे हमदम
तिरँगा रो रहा है देखकर नफ़रती मौसम
भला इससे बुरा कुछ और क्या होगा, यही सच है
यहाँ आपस में दुश्मन देश जैसे लड़ रहे हैं हम

# पानी भरने से वाहनों का आवागमन हुआ ठप

## मानसून की पहली थोड़ी सी बारिश ने खोली पोल

## कहीं जगहों पर कई फुट पानी तो कहीं सड़कें खाली

## निगम के दावे ध्वस्त, जनता परेशान

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत





मानसून की पहली बारिश से जलमगन हुई शहर की सड़क। बारिश के पानी का जायजा लेते भाजपा नेता राजीव जैन।

**सोनीपत** में मानसून की पहली बारिश ने ही सोनीपत प्रशासन की पोल खोल कर रख दी है, जहां शहर में स्थिति यह देखने को मिली कि कहीं सड़कों पर कई फुट पानी भरा हुआ नजर आया तो कहीं बिल्कुल सड़क खाली नजर आई।

लोग गर्मी से पिछले दिनों से काफी परेशान नजर आ रहे थे और मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी करने के बाद सोनीपत में मानसून पहुंचा, लेकिन मानसून पहुंचने से पहले सोनीपत प्रशासन की तैयारियां धरी की धरी रह गई। धरातल पर सारे दावे ध्वस्त हो गए, जहां सोनीपत में ऐसी तस्वीर देखने को मिली कि कहीं जल ही जल नजर आ रहा था तो कहीं सड़कें खाली पड़ी हुई थी। सोनीपत शहर की दो तस्वीरें इस बात की साक्षी है कि सोनीपत नगर निगम ने मानसून आने से पहले कोई भी तैयारी नहीं की है। अगर तैयारी की होती तो इतना पानी नहीं भर रहा होता। सोनीपत के गीता भवन चौक की तस्वीर देखकर आप अनुमान लगा सकते हैं कि लोग किस प्रकार से खासे परेशान है। यह सोनीपत नगर निगम की लापरवाही है, जिसके चलते थोड़ी सी बारिश होते ही सड़कें तालाब में तब्दील हो गई है। लोग अपने वाहन को निकालने के दौरान भी काफी परेशानी उठाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर सोनीपत के मिशन चौक की है, जहां पर दूर-दूर तक पानी नजर नहीं आ रहा। स्थानीय लोगों संदीप बत्रा, निखिल शर्मा, प्रकाश, सन्नी आदि का कहना है कि आज थोड़ी सी बारिश हुई और थोड़ी सी बारिश में ही पानी की निकासी न होने के कारण सडकों पर पानी भरा हुआ है। वही स्थानीय दुकानदारों की दुकानदारी पर भी काफी असर पड़ा है। अभी तो शुरुआत की पहली कम बारिश हुई है। अगर बारिश तेज होती है तो शहर तालाब में तब्दील हो जाएगा और यह लोगों के लिए परेशानी भरा सबब होगा।

### भाजपा नेता ने लिया शहर में जल भराव की स्थिति का जायजा

**पूर्व** मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बरसात के चलते शहर में जल भराव की स्थिति का जायजा लेते हुए निकासी के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि दो माह पूर्व ही उन्होंने नगर निगम को सीवरों-नालों की सफाई के लिए लिखा था, किंतु समय पर सफाई नहीं हो सकी। इस कारण अब विभिन्न क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि उन्होंने निगमाधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर में कहीं भी जल भराव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम को मानसून आने से पहले ही जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए कहा गया था। किंतु निगम पहले सफाई कर्मचारियों के सहारे ही सीवर-नालों की सफाई के लिए प्रयासरत रहा, जिसमें सफलता नहीं मिलने के बाद अब करीब एक सप्ताह पूर्व ही निगम ने नालों की सफाई का वर्क ऑर्डर दिया है। जबकि अब मानसून सिर पर आ चुका है। एक बरसात से ही नगर में विभिन्न स्थानों पर जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है।

भाजपा नेता ने नगर निगम के सफाई निरीक्षक सत्येंद्र दहिया को साथ लेकर सेक्टर-14 व सेक्टर-14 की मार्केट, गांधी चौक, हेम नगर, गीता भवन चौक, गोहाना रोड, ककरोई रोड, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली, ओल्ड रोहतक रोड, कालूपुर चुंगी, रोहतक रोड फ्लाईओवर, आई.टी.आई चौक और ओल्ड डीसी रोड का जायजा लिया। इस दौरान कई प्रमुख क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति मिलने पर उन्होंने निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण छोटी मोटरों की व्यवस्था करें, ताकि जहां भी पानी ठहरता है वहां मोटर लगाकर निकासी की व्यवस्था की जा सके। वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा कि आम जनमानस की सुविधा के लिए वे निरंतर प्रयासरता है। जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जब तक स्थाई समाधान नहीं होता तब तक अस्थाई तौर पर व्यवस्था की जा रही है। लोगों को समस्या नहीं आने दी जाएगी। बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था करवाई जा रही है। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की कि वे भी अपने दायित्व का निर्वहन करें। सीवरों व नालों की सफाई बनाये रखने के लिए उनमें पॉलिथिन व कूड़ा-करकट न डालें। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाला गिरोह दबोचा

**करनाल।** महिला के गले से चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया।

पुलिस की मानें तो रामपुरा कटाबाग करनाल निवासी शिकायतकर्ता सुमित्रा देवी ने पुलिस को वारदात के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर धरपकड़ के प्रयास तेज कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच एएसआई राजबीर सिंह सीआईए वन की अध्यक्षता में टीम को सौंपी गई। दौराने तफ्तीश टीम के सहयोग से 29 जून को चार आरोपी रामनिवास वासी गांव रांवर जिला करनाल, अनिल वासी बस्ती शालागढ़ कालोनी थाना कैम्प जिला पलवल, नरेश कुमार वासी गांव अतर चड्ढा थाना गदपुरी जिला पलवल, राखी वासी हरिनगर जिला रेवाडी को मधुबन सर्विस रोड से एक गाड़ी सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में जांच में खुलासा हुआ कि इस मामले में आरोपी नरेश मास्टरमांइड आरोपी है। जिसने अपना एक गिरोह बनाया हुआ है।

आरोपी अलग-अलग जिलों में लगने वाले मेलों या भीड़ वाली जगह आदि की जानकारी लेकर एक गाड़ी में सवार होकर वहां पहुंच जाते थे। मेले में भीड़ होने के कारण एक आरोपी किसी महिला के गले में से सोने की चेन तोड़कर फरार हो जाता था। चेन तोड़ने वाले आरोपी को पता होता था कि लोगों द्वारा पकड़ा जाएगा तो वह भीड़ में मौजूद अपने अन्य साथियों के पास चेन को फेंक देता था।

# बारिश से कहीं राहत तो कहीं आई आफत

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भीषण** गर्मी के बाद वीरवार को आई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलवाई, वहीं कुछ लोगों के लिए बारिश आफत बन कर आई। शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। पिछले करीब एक सप्ताह से गर्मी का सितम जारी है।

बुधवार को मौसम में बदलाव आया था। बुधवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे। वीरवार सुबह करीब 7 बजे हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर पूरा दिन जारी रहा। वीरवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। वहीं शहर के शास्त्री मार्केट, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, अंबेडकर चौक, झांसा रोड, कुटिया वाली गली सहित कई जगहों पर जलभराव हो गया। मानसून के शुरुआती पहली बारिश ने ही प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। सुबह से ही तेज बारिश आने के कारण सड़कों पर चारों ओर पानी जमा हो गया जिसके कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और दर्जनों वाहन इस जमा पानी में फंसे नजर आए। स्थानीय राहगीरों का कहना है कि पिछले काफी सालों से पानी की निकासी ना होने के कारण हल्की सी बारिश में भी थानेसर झांसा मार्ग पर पानी जमा होकर लोगों के लिए परेशानी बन जाता है जबकि प्रशासन बार-बार पानी की निकासी को लेकर बड़े-बड़े दावे करता है मगर बारिश के दिनों में प्रशासन के यह दावे खोखले नजर आते हैं।



झांसा रोड पर भद्रकाली मंदिर के समीप सड़क पर जमा बारिश का पानी।

**प्रशासन के दावों की निकली हवा :** प्रशासन लंबे समय से बारिश की तैयारी का दम भर रहा था, लेकिन पहली ही बारिश ने पोल खोल दी। शहर की कई कॉलोनियों ने जलभराव हो गया। शहर में बारिश से पहले नालों व सीवर की सफाई नहीं की गई है। बारिश से गांव की सड़कों व खाली पड़े मैदान के गड्ढों में पानी भर गया, जिससे राहगीरों की परेशानी बढ़ गई। साथ ही गर्मी से निजात मिलने से आम लोग भी बारिश से खुश हैं। हालांकि ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी।

**झमाझम बारिश से खेतों में भरा पानी :** मूसलाधार बारिश ने लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई वही किसान इस बारिश को कृषि के लिए फायदेमंद बता रहें है। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों की मानें तो इससे धान की फसल को फायदा पहुंचा है। किसान मायाराम ने बताया कि धान की फसल के लिए आज की बारिश अमृत के समान है।

# किसानों के समक्ष बीज की समस्या जल्द होगी दूर : प्रो. सिंह

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

## विवि के कान्फ्रेंस हॉल में एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोले कुलपति प्रो. समर सिंह

**महाराणा** प्रताप हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय करनाल के कान्फ्रेंस हॉल में एमओयू पर हस्ताक्षर करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिद्धी विनायक एग्री लि. से मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत गौड़ ने कुलपति प्रो. समर सिंह का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह एवं सिद्धी विनायक एग्री लि. से मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत गौड़ की गरिमामयी उपस्थिति में एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल द्वारा एमओयू पर विवि की ओर से हस्ताक्षर किए। मंच संचालन डॉ. विजय अरोड़ा ने किया।

कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि प्रदेश में धान-गेहूं का फसल चक्र टूटे, इनकी जगह किसान दूसरी फसलों को लगाएं। प्रदेश में आलू के बीज को लेकर बड़ी समस्या है, उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पहल है कि किसान परपंरागत खेती में बदलाव करें। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। सरकार किसानों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है, जिससे किसान फसल विविधिकरण की तरफ अग्रसर होगा। यहीं नहीं सरकार हरियाणा के किसानों को दूसरे प्रदेशों से ज्यादा सब्सिडी दे रही है। ये शुरुआत है बदलाव की ताकि किसान सब्जियों-फलों की खेती की तरफ लौटे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा प्रोसेसिंग प्लांट लगने चाहिए। एमएचयू व सिद्धी विनायक एग्री प्रालि के बीच एमओयू साइन हुआ है, जिसके आने वाले समय में दुरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।



किसानों को सम्मानित करते कुलपति प्रो समर सिंह।

**वि.वि का उद्देश्य किसानों को अच्छी से अच्छी रिसर्च मिले :** वि.वि का उद्देश्य है कि विश्व की बेस्ट रिसर्च पर यूनि. शोध कर बेहतर परिणाम आने पर किसानों को उपलब्ध कराएगी। बढ़िया वैरायटियां किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। विवि कुलपति ने जोर देकर कहा कि इस वक्त टेक्नोलॉजी तो बहुत है, लेकिन वे किसानों तक नहीं पहुंच पा रही। जिससे ज्यादा किसानों को नई टेक्नोलॉजी का फायदा नहीं मिल रहा। आने वाला समय हार्टिकल्चर वैजिटेबलस का होगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे नई तकनीकों का उपयोग करें जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे, पानी का दोहन कम से कम हो साथ ही वातावरण भी सुरक्षित रहें। अनुसंधान निदेशक ने भी विचार व्यक्त किए।

सिद्धी विनायक एग्री प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत गौड़ ने बताया कि आने वाले समय में किसानों के पास अनेको वैरायटियां आलू की होगी। यूनि. के साथ मिलकर आलू की विभिन्न किस्मों पर ट्रायल किए जाएगे। अगले 10 साल हरियाणा में आलू बीज के रूप में उभर कर सामने आएगा।

# एक अवैध पिस्तौल के साथ एक आरोपी पकड़ा एक दिन के रिमांड पर

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा एक आरोपी को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। 29 जून को शाम के समय एएसआई देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम अपराध रोकथाम हेतु घीड गांव के पास मौजूद थे। उसी समय टीम आरोपी को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीम अकरम वासी दौलतपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल .315 बोर बरामद हुई व आरोपी की मोटरसाइकिल को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना कुंजपुरा में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्राध्यापकों की स्थायीकरण सूची शीघ्र जारी करे शिक्षा विभाग



**कुरुक्षेत्र।** सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी संबंधित विभाग में दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के पश्चात स्थायी कर दिया जाता है तथा स्थायी कर्मचारी की सेवापंजिका में इसे इंद्राज कर दिया जाता है ताकि संबंधित कर्मचारी को स्थायीकरण का लाभ मिल सके। सेकेंडरी शिक्षा विभाग हरियाणा में वर्ष 2009 के पश्चात हजारों प्राध्यापकों की नियुक्ति हुई है तथा उनका परिवीक्षा काल भी पूर्ण हो चुका है परन्तु फिर भी हजारों प्राध्यापक आज भी स्थायीकरण सूची की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान डॉ तरसेम कौशिक ने शिक्षा विभाग से आग्रह किया है कि सेकेंडरी शिक्षा विभाग में परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके प्राध्यापकों की स्थायीकरण सूची शीघ्र जारी करें ताकि वर्ष 2009 के पश्चात नियुक्त हुए हजारों प्राध्यापकों को राहत मिल सके। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि हालांकि शिक्षा विभाग में 2009 के पश्चात लगभग 20000 से ज्यादा प्राध्यापकों की नियुक्ति की गई है परंतु शिक्षा विभाग प्राध्यापकों की कोई भी नई स्थायीकरण सूची जारी नहीं कर पाया। हसला के सलाहकार प्रकोष्ठ के सदस्य राजेश सैनी ने बताया कि नियमानुसार तो परिवीक्षा अवधि के पूर्ण होने के पश्चात स्वत: ही प्राध्यापकों के स्थायीकरण के आदेश संबंधित प्राध्यापक की सेवापंजिका में इंद्राज हो जाने चाहिए। राजेश सैनी ने कहा कि प्राध्यापकों की नवीनतम वरिष्ठता सूची भी शीघ्र जारी होनी चाहिए जिसमें 2016 के पश्चात नियुक्त हुए प्राध्यापकों को शामिल किया जाना चाहिए। डॉ. तरसेम कौशिक ने कहा कि शिक्षा विभाग को इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके पात्र प्राध्यापकों के स्थायीकरण के आदेश पारित करने चाहिए ताकि हजारों प्राध्यापकों को इसका लाभ मिल सके।

### हरबंस लाल की अध्यक्षता में आप की बैठक आयोजित



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आम आदमी पार्टी की बैठक पार्टी कार्यालय किशनगढ़ रोड पर हुईं और इस मीटिंग की अध्यक्षता हल्का अध्यक्ष हरबंस लाल ने की। हरबंस लाल ने नगर पालिका चुनाव में काम करने वाले हर कार्यकर्ता का आभार प्रकट किया। डॉ. रोहताश रंगा नलवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने नगर निकाय चुनाव में झाडू के निशान पर पहला चुनाव लड़ कर 10 प्रतिशत वोट हासिल करके प्रदेश की राजनीति में एक बहुत बड़ा धमाका किया है और आगे जो भी चुनाव प्रदेश में होंगे आम आदमी पार्टी प्रदेश की जनता के लिए जोरदार प्रदर्शन करेगी। मीटिंग में मुख्य रूप से मान सिंह, ललित अग्रवाल, बीर सिंह, जितेंद्र बाल्मीकि, पुष्पराज अग्रवाल, लवप्रीत दमली और चरणजीत सिंह ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अपने विचार रखे। मीटिंग में अमरजीत सिंह, ललित अग्रवाल, वीरेंद्र भसीन, दीदार सिंह, तारा चंद, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह और बनारसी दास मौजूद रहे।

### टेंपो चालक से मारपीट, नगदी छीनने वाले दो आरोपी जेल भेजे

**करनाल।** टेंपो चालक के साथ मारपीट कर नकदी व मोबाइल फोन छीनने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की माने तो लूटपात के संबंध में कतलेहड़ी वासी रणजोर सिंह ने असंध पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज आगामी कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस के अनुसार मामले की तफ्तीश उप निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में कार्यरत स्पेशल यूनिट असंध की टीम को सौंपी गई। एएसआई कुलदीप सिंह स्पेशल यूनिट असंध की अध्यक्षता में टीम द्वारा आरोपी श्याम, सावन वासियान गांव फफडाना जिला करनाल को फफडाना शुगर मील चौक नजदीक नर्दक नहर पुलिया से विश्वसनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

### डीएवी स्कूल में शिक्षक कार्यशाला का हुआ समापन



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय कार्यशाला का आज समापन हुआ। स्कूल प्रधानाचार्य कंवल गाबा ने दूसरे दिन के कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को जानकारी दी कि यह दो दिवसीय कार्यशाला क्षेत्रीय अधिकारी एवं कार्यशाला संयोजिका सुमन निझावन के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई है। क्लस्टर हेड रेनू राघव प्रधानाचार्या पुलिस पब्लिक डीएवी स्कूल कुरुक्षेत्र, डीएवी पिहोवा के प्रधानाचार्य एनसी बिंदल, लुक्खी के प्रधानाचार्य गजेंद्र शर्मा, डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र की प्रधानाचार्य गीतिका जसूजा, डीएवी पब्लिक स्कूल इस्माईलाबाद की प्रधानाचार्या साधना चौहान की देखरेख में विभिन्न विषयों में अलग-अलग स्तर पर विभिन्न स्कूलों के लगभग 170 के करीब अध्यापकों ने अलग-अलग विषयों में जानकारी प्राप्त की और समय-समय पर शिक्षा नीति में किए गए बदलाव और नियमों के बारे में चर्चा की और अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संयोजिका सुमन निझावन ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी प्रबंधन समिति नई दिल्ली के प्रधान पद्मश्री डॉक्टर पूनम सूरी जी की शिक्षा के क्षेत्र में और शिक्षार्थी के लिए नए-नए आयाम एवं 21वीं शताब्दी में आगे बढ़ने की जो सोच है, उसी उद्देश्य को सामने रखकर समय-समय पर डीएवी संस्थानों में कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। इस अवसर पर स्कूल की तरफ से सुमन निझावन को स्नेह -स्वरूप पौधा प्रदान किया गया। अन्त में शांति पाठ के साथ इस कार्यशाला का समापन हुआ।

# फोक्सवैगन ने वर्टूस के लिए मेगा डिलीवरी कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**फोक्सवैगन** पैसेंजर कार्स इंडिया ने हाल ही में प्रीमियम मिडसाइज सेडान सेगमेंट में नई फोक्सवैगन वर्टूस लॉन्च की। इसकी शुरुआत के बाद से, फोक्सवैगन वर्टूस को एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया और ग्राहकों की मांग मिली है, जिसके कारण भारत में ब्रांड ने भारत भर में अपना बिग बाय डिलीवरी, मेगा डिलीवरी कार्यक्रम शुरू किया है।

नई फोक्सवैगन वर्टूस की शुरुआत के साथ, अभूतपूर्व प्रतिक्रिया ने मेगा डिलीवरी कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारत में फोक्सवैगन वर्टूस की 2,000 से अधिक इकाइयों की डिलीवरी की है। फोक्सवैगन वर्टूस ने हाल ही में केरल में एक दिन में एक ही डीलरशिप द्वारा 150 ग्राहकों को वितरित की जाने वाली सबसे अधिक सेडान बनकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

घोषणा पर बात करते हुए, फोक्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया के ब्रांड निदेशक, आशीष गुप्ता ने कहा, फोक्सवैगन इंडिया में, हम नई वर्टूस को अपने आकर्षक डिजाइन, शानदार प्रदर्शन और जर्मन-इंजीनियरिंग के माध्यम से अपने ग्राहकों का दिल जीतते हुए देखकर बेहद खुश हैं। हमारे ग्राहकों द्वारा फोक्सवैगन वर्टूस के लिए प्यार, प्रशंसा और अभूतपूर्व प्रतिक्रिया को पूरे भारत में आयोजित मेगा डिलीवरी कार्यक्रम के माध्यम से देखा जा सकता है। हम अपने नए ग्राहकों का बड़ी विनम्रता के साथ स्वागत करते हैं और उन्हें फोक्सवैगन द्वारा सर्वोत्तम उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए तत्पर हैं।

नई फोक्सवैगन वर्टूस भारत में 152 बिक्री टचप्वाइंट्स पर 11.21 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

# गोशाला, धर्मार्थ संस्थान पोल्ट्री फार्म पर मिलेगा 40 प्रतिशत अनुदानी

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त करनाल डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नवीन एवं नवीनकरणीय उर्जा विभाग की तरफ से गोशालाओं, संस्थाओं व डेयरियों में संस्थागत बायोगैस प्लांट लगाने के लिए सरकार द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने और जैविक खेती के लिए जैविक खाद तैयार करने में बायोगैस प्लांट सहायक सिद्व होगा। गैस का प्रयोग खाना बनाने, अपनी घरेलू बिजली उत्पादन के लिए प्रयोग लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 25 क्यूबिक मीटर के लिए 70 से 80, 35 क्यूबिक मीटर के लिए 100 से 110 तक पशुओं से प्राप्त गोबर की जरूरत होती है। गोशाला, धर्मार्थ संस्थान, पोल्ट्री फार्म, वाणिज्यिक और व्यक्तिगत डेयरियां बायोगैस प्लांट लगाने के लिए लघु सचिवालय, करनाल के दूसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय में कमरा नम्बर 16 में आवेदन 15 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसबीर ने मुफ्त कानूनी सहायता की दी जानकारी

**करनाल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में कहा गया है कि कानून के समक्ष प्रत्येक व्यक्ति के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, और धर्म, जाति के बावजूद सभी के लिए कानून की समान सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

अनुच्छेद 22(1) में कहा गया है कि जिसे गिरफ्तार किया जा रहा है, उसे उसकी पसंद के कानूनी व्यवसायी से परामर्श करने और बचाव करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है और कानून का एक बुनियादी सिद्धांत है, जिसका पालन किया जाना चाहिए, यानी ऑडी अल्टरम पार्टेम, कि कोई भी पक्ष अनसुना नहीं छोड़ा जाएगा। न्याय एक मौलिक अधिकार होने के बाद भी, महंगी कानूनी व्यवस्था को वहन करने में असमर्थता के कारण गरीब लोगों को बहुत कुछ भुगतना पड़ता है और कई बार अन्याय के लिए समझौता करना पड़ता है। सीजेएम ने बताया कि कानूनी सहायता उन गरीब लोगों के लिए पथ प्रदर्शक है, जो अदालती कार्यवाही का खर्च वहन नहीं कर सकते। यह न्यायिक कार्यवाही, प्रशासनिक कार्यवाही, अर्ध-न्यायिक कार्यवाही, या सभी कानूनी समस्याओं के संबंध में किसी भी परामर्श में गरीब लोगों को दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता है।



# उत्कर्ष क्लासेस एंड एडुटेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में भर्तियां बढ़ाएगा

## स्टार्ट-अप इंडस्ट्री में कार्यमुक्त करने के बीच, उत्कर्ष कर रहा है तेजी से भर्तियां

पायनियर समाचार सेवा। हिसार



**उत्कर्ष** क्लासेस एंड एडुटेक, जो भारत के प्रीमियर ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक है, ने वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक टियर 2 और टियर 3 शहरों में तेजी से भर्ती करने की योजनाओं की घोषणा की है। जिसके तहत कंपनी सीनियर लीडरशिप, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों सहित 500 सदस्यों की भर्ती करने की योजना बनाई जा रही है।

वर्ष 2002 में डॉ. निर्मल गहलोत द्वारा स्थापित और उद्योग में अग्रणी उत्कर्ष क्लासेस ने अपने लर्निंग एजुकेशनल एप को नवंबर, 2018 में लॉन्च किया था। वर्तमान में इसके 1,200 से अधिक कर्मचारी हैं, जिनमें विभिन्न विषय विशेषज्ञों के रूप में 170 शिक्षक शामिल हैं। उत्कर्ष तेजी से राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और मध्य प्रदेश सहित हिंदी भाषी राज्यों से भर्तियां करने और छोटे शहरों व कस्बों में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर दे रहा है।

उत्कर्ष क्लासेस एंड एडुटेक के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. निर्मल गहलोत ने कहा, कोविड-19 महामारी से उत्पन्न व्यवधान और अनिश्चितता के बीच, अधिकांश युवा भारतीय अब रोजगार सुरक्षा और उच्च आय के लिए सरकारी नौकरियों को पसंद करते हैं। नतीजतन, हमने पिछले दो वर्षों में ऑनलाइन कोचिंग के लिए 6000 से 1.5 मिलियन भुगतान करने वाले छात्रों के नामांकन में वृद्धि देखी है। इसे देखते हुए, हम टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपनी टीम का विस्तार कर रहे हैं। हम शैक्षिक उत्कृष्टता और समस्या-समाधान के जुनून के साथ नई सोच वाले विचारकों को नियुक्त करना चाहते हैं।

उत्कर्ष केंद्र और राज्य सरकार की परीक्षाओं, जैसे-आईआईटी-जेईई, नीट व क्लैट के लिए ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से तैयारी कराने के साथ-साथ कक्षा 6 से 12वीं सीबीएसई तथा आठ राज्य बोर्डों की स्कूली शिक्षा के लिए भी ऑनलाइन ट्यूशन उपलब्ध करवाता है। इसे आईएएस, बैंकिंग, रक्षा सेवाओं, राज्य लोक सेवा आयोग तथा विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के लिए विशेषज्ञता हासिल है।

# सड़क सुरक्षा उपायों में सुधार से भारत में हर साल बच सकती हैं 30,000 जिंदगियां : अध्ययन

## द लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में भारत के बारे में ऐसा दावा किया गया

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाने से हर साल करीब 30,000 जिंदगियों को बचाया जा सकता है। द लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह कहा गया है। अध्ययन में चार प्रमुख खतरे बताए गए हैं जिनमें तेज गति, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि गति की जांच करने के लिए कदम उठाने से भारत में 20,554 जिंदगियों को बचाया जा सकता है जबकि हेलमेट पहनने के लिए बढ़ावा देने से 5,683 जिंदगियों को बचाया जा सकता है। देश में सीट बेल्ट के इस्तेमाल को बढ़ावा देने से 3,204 लोगों की जान बचाई जा सकती है। अनुसंधानाकर्ताओं का कहना है कि दुनियाभर में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 13.5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जिनमें से 90 फीसदी मौतें कम और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं।



**दुनिया भर में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मरते हैं 13.5 लाख से अधिक लोग**

श्रृंखला के समन्वयक जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी, अमेरिका के प्रोफेसर अदनान हैदर ने कहा, ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं लेकिन दुख की बात यह है कि कम आय वाले देशों में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है जबकि अधिक आय वाले देशों में पिछले दशक में यह संख्या कम हो गई है। वैश्विक रूप से 185 देशों में 74 अध्ययनों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि नियमित तौर पर हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने, गति सीमा का पालन करने और शराब पीकर गाड़ी न चलाने से हर साल दुनियाभर में 3.47 लाख से 5.4 लाख जिंदगियों को बचाया जा सकता है। अध्ययन का अनुमान है कि सड़क दुर्घटनाओं से लगने वाली चोटों और मौतों के लिए चार प्रमुख खतरों से निपटकर दुनियाभर में हर साल 25 से 40 फीसदी के बीच सभी जानलेवा चोटों से बचा जा सकता है।

# जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाओं पर लगे रोक : आलोक कुमार

## अध्यक्ष ने कहा, धार्मिक उन्माद बढ़ातीं ये अवधारणाएं हैं विश्व शांति को गंभीर चुनौती

### उदयपुर कांड के आरोपियों की छह माह में फांसी की सजा की मांग भी की

एजेंसी। बरेली (उत्तर प्रदेश)

**विश्व** हिन्दू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की हत्या के मामले पर बृहस्पतिवार को कहा कि जिहाद की मध्य युगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं और इन पर रोक लगनी चाहिए। उदयपुर की घटना के विरोध में यहां बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा जिहाद की मध्ययुगीन अवधारणाएं धार्मिक उन्माद को बढ़ा रही हैं।



ये विश्व शांति व मानवता के लिए गंभीर चुनौती हैं। इन पर रोक लगनी चाहिए, चाहे इसकी कोई भी कीमत क्यों ना चुकानी पड़े। उन्होंने उदयपुर कांड के आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की फास्ट ट्रैक अदालत में सुनवाई तथा छह माह में फांसी की सजा की मांग भी की।

कुमार ने कहा मुसलमानों का एक वर्ग जिहाद को जिस प्रकार समझता है, वह बेहद खतरनाक है। उसे लगता है कि गैर इस्लामिक लोगों पर हमला, हत्या व उनका माल लूटना उचित है। इसी अवधारणा के कारण विश्व के अनेक भागों में हिंसा व अशान्ति फैली हुई है।

विहिप नेता ने कहा कि कुछ इस्लामिक संस्थाओं ने उदयपुर की घटना की निंदा तो की मगर जब तक जिहाद के संबंध में मध्ययुगीन अवधारणाएं फैलाई जाती रहेंगी तब तक ना तो विश्व में शांति रहेगी और ना ही सांप्रदायिक सद्भाव। सरकारें तो इनको कानून-व्यवस्था का मामला मान कर निपटेंगी हीं, मगर यह एक वैचारिक युद्ध है जिसे विश्व भर के सम्पूर्ण सभ्य समाज को लड़ना है। गौरतलब है कि राजस्थान के उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने कथित तौर पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डाला था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है और राजस्थान पुलिस का आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) जांच में मदद कर रहा है।

### मदरसे और अन्य संस्थाएं इस्तेमाल ना हों आतंकवाद की नर्सरी के रूप में

विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकुमार ने मुस्लिम समाज का भी आह्वान करते हुए कहा कि वह वर्तमान समय के प्रवाह को समझकर अपनी विचारधारा को दुरुस्त करे। उन्हें इस बात की भी सावधानी बरतनी पड़ेगी कि मदरसे तथा अन्य संस्थाएं आतंकवाद की नर्सरी के रूप में इस्तेमाल ना हों।

### विहिप और बद समाज की सुरक्षा में मुस्तैद

विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी आलोक कुमार ने यह भी कहा कि विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल निर्भयतापूर्वक समाज की सुरक्षा के लिए अग्रिम मोर्चे पर मुस्तैद रहेंगे।

# अगर बागी विधायक भाजपा से समझौता करते हैं तो हम बाधा नहीं बनेंगे : संजय राउत

एजेंसी। मुंबई

**शिवसेना** नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि बागियों ने स्वयं अपना रास्ता चुना है और पार्टी की ओर से उनके भाजपा से गठबंधन करने पर कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि शिवसेना नई सरकार में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। शिवसेना के अधिकतर विधायकों के बगावत के बाद पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राउत ने कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि बागी नेताओं को शिवसेना से अलग होने के अपने फैसले पर अफसोस होगा। राउत ने कहा कि वह शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय भी जाएंगे जिसने उन्हें समन जारी किया है। उन्होंने कहा कि वह एजेंसी के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। राउत ने कहा, आपको (बागी नेताओं को) इसके लिए अफसोस होगा। एकनाथ शिंदे (बागी विधायकों के नेता) कट्टर शिवसैनिक थे और कई सालों तक उन्होंने पाटी के लिए काम किया। चाहे वह



(विधायक) गुलाबराव पाटिल, संदीपन भुमरे और अन्य (जिन्होंने शिंदे का पक्ष लिया) हो, उन्होंने पार्टी के लिए कार्य किया और उसके लिए संघर्ष किया... उन्होंने अपना रास्ता स्वयं चुना है। उन्होंने कहा, हम उनके रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। वे अपना गठबंधन (भाजपा के साथ) कर सकते हैं। हम अपना काम करेंगे। अब रास्ते अलग हैं...हम सकारात्मक विपक्ष की तरह काम करेंगे। भाजपा का नाम लिए बिना राउत ने कहा कि वह उन लोगों को जानते हैं जिन्होंने शिवसेना के विधायकों पर दबाव डाला और जिसकी परिणीति पार्टी में बगावत के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा कि सभी को उद्धव नीत सरकार में भरोसा था...। फिर चाहे वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार हो या कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सभी को उद्धव ठाकरे पर भरोसा था।

## संक्षिप्त समाचार

### दर्जी कन्हैयालाल के घर परिजनों से मिलने पहुंचे सीएम गहलोत



**उदयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बृहस्पतिवार को दर्जी कन्हैयालाल के उदयपुर स्थित घर पर उनके परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्व मंत्री रामलाल जाट सहित पार्टी के कई अन्य नेता और पुलिस महानिदेशक एम. एल. राठौड़ मौजूद थे। उन्होंने कन्हैयालाल के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। गौरतलब है कि दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम युवकों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी और उन्होंने इस नृशंस हत्या का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर डाला था। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच अब राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है और राजस्थान पुलिस का आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) जांच में मदद कर रहा है।

### कुछ दिन तो तैरिए गोरखपुर में : अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुजरात पर्यटन के विज्ञापन में बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन की मशहूर पंक्ति कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में की तर्ज पर गोरखपुर में बारिश के कारण हुए जलभराव पर तंज कसते हुए कहा, कुछ दिन तो तैरिए गोरखपुर में।यादव ने सोशल मीडिया मंच ट्विटर पर बृहस्पतिवार को जलभराव की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, यह है भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के राज में विकास की झीलों से सजा भाजपाई भ्रष्टाचार का भाजपाताल : जल नगर गोरखपुर। उन्होंने गुजरात पर्यटन की मशहूर पंक्ति कुछ दिन तो गुजारो गुजरात में की तर्ज पर कहा, गोरखपुर पर्यटन आपको आमंत्रित करते हुए कह रहा है : कुछ दिन तो तैरिए गोरखपुर में। गौरतलब है कि गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है।

### काबुल में मारे व्यक्ति की अस्थियां लेकर भारत पहुंचेगा समूह

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के 11 सिख काबुल में एक गुरुद्वारे पर हमले में मारे गए सविंदर सिंह की अस्थियों के साथ बृहस्पतिवार को भारत पहुंचेंगे। उनके आगमन के लिए भारत सरकार के साथ समन्वय कर रहे लोगों ने यह जानकारी दी। सरकार ने 19 जून को अफगानिस्तान के 111 हिंदुओं और सिखों को आपात ई-वीजा दिया था। यह कदम तब उठाया गया था जब कुछ घंटों पहले अफगानिस्तान में कार्ते परवान गुरुद्वारे में आतंकवादी हमले में सविंदर सिंह समेत दो लोगों की मौत हो गई थी। सविंदर सिंह काबुल में पान की दुकान चलाता था और गुरुद्वारे में रहता था। उसका परिवार दिल्ली में रहता है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (एसजीपीसी) ने इंडियन वर्ल्ड फोरम और भारत सरकार के साथ मिलकर 11 अफगान सिखों के आने की व्यवस्था की है। इंडियन वर्ल्ड फोरम के एक प्रतिनिधि ने कहा, अफगानिस्तान के 11 सिख सविंदर सिंह की अस्थियों के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पहुंचेंगे। हमले में घायल हुए रकबीर सिंह भी इस समूह का हिस्सा हैं। हवाई अड्डा पर पहुंचने के बाद समूह यहां तिलक नगर में गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव जाएगा। उनकी यात्रा का खर्च एसजीपीसी उठा रही है। वह भारत में पुनर्वास की मांग कर रहे लोगों को वित्तीय सहायता भी देगी।

### बागी विधायकों के खिलाफ याचिका राजनीति से प्रेरित : कोर्ट

**एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे और पार्टी के अन्य असंतुष्ट विधायकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए सात नागरिकों द्वारा दायर जनहित याचिका को बृहस्पतिवार को राजनीतिक रूप से प्रेरित मुकदमा बताया। कहा कि अगर याचिकाकर्ता जमानत राशि के तौर पर एक लाख रुपये जमा कराते हैं तो वह याचिका पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की पीठ ने राजद्रोह और सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे और पार्टी नेता संजय राउत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का अनुरोध करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत पाटिल द्वारा दायर एक अन्य जनहित याचिका भी खारिज कर दी। दोनों याचिकाएं इस हफ्ते की शुरुआत में दायर की गई थीं।

### लोगों ने कहा कि मॉनसून में उनके जिले में होता है जलभराव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर पर किए गए एक अध्ययन में कम से 86 प्रतिशत लोगों ने कहा कि मॉनसून के मौसम में उनके जिलों में जलभराव हो जाता है, जिससे यातायात संचालन प्रभावित होता है, कामकाज पर असर पड़ता है और दुर्घटनाएं होती हैं। एक बयान में यह जानकारी दी गई। सर्वेक्षण के निष्कर्ष ऐसे समय में सामने आए हैं जब दिल्ली में मॉनसून की पहली बारिश हुई और जगह-जगह जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ। सामुदायिक सोशल मीडिया मंच लोकल सर्किल्स ने यह राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण किया था। जिसका मकसद जलभराव और इससे जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव का पता लगाना था। देश के 304 जिले के 29,000 लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। रिपोर्ट के अनुसार इस सर्वेक्षण में पहला प्रश्न यह था कि नागरिकों को अपने पुराने अनुभवों के आधार पर बताना था कि क्या उनके शहर अथवा जिले में मॉनसून के कारण जलभराव होता है। इसके जवाब में 53 प्रतिशत लोगों ने कहा हां...बहुत बुरी तरह से ,वहीं 33 प्रतिशत लोगों ने अपने जवाब में कहा, हां, थोड़ा बहुत।

# मुंबई में इमारत ढहने की घटना में मृत यूपी के लोगों के परिजन को सहायता का ऐलान

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में हाल ही में एक इमारत ढहने की घटना में मारे गए उत्तर प्रदेश के मृत लोगों के परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को सिलसिलेवार किए ट्वीट में कहा, मुंबई के कुर्ला क्षेत्र में इमारत ढहने की घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजन के साथ हैं। हादसे में मारे गए उत्तर प्रदेश के लोगों के परिवार को राज्य सरकार की तरफ से दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश सरकार घायलों के समुचित उपचार के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए यदि उनके परिजन शव को उत्तर प्रदेश लाना चाहते हैं, तो उसकी समुचित व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। गौरतलब है कि मुंबई के उपनगर कुर्ला की नाइक नगर को-ओपरेटिव सोसायटी में बनी तीन मंजिला इमारत सोमवार देर रात ढह गई थी। इस घटना में 19 लोग मारे गए थे और 15 अन्य घायल हो गए थे। मुंबई पुलिस ने इस सिलसिले में कुछ फ्लैट मालिकों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है।

# सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह का सिर कलम करने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सिर कलम करने की धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर कथित तौर पर एक पोस्ट करने वाले व्यक्ति को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी ने अपने पोस्ट में कहा था कि आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को पार्टी की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादित टिप्पणियों के लिए माफी मांगनी चाहिए, वरना उनका सिर कलम कर दिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मुगलपुरा पुलिस ने उकसावे वाला पोस्ट करने के लिए व्यक्ति के खिलाफ खुद मामला दर्ज किया था।

# अग्निपथ को लेकर हंगामा, मानसून सत्र के अंतिम दिन बिहार विधानसभा स्थगित

## विपक्षी विधायकों ने दर्ज केस रद्द करने की मांग को लेकर नारेबाजी की

एजेंसी। पटना

**बिहार** विधानसभा में केंद्र की सेना में भर्ती संबंधी नई योजना अग्निपथ को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को मानसून सत्र के अंतिम दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट के भीतर स्थगित कर दी गई।

बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के बार-बार सहयोग का आग्रह करने के बावजूद विपक्षी विधायक शांत नहीं हुए और सशस्त्र बलों में भर्ती की नई योजना को वापस लेने तथा प्रदेश में हाल में किए गए विरोध-प्रदर्शन में भाग लेने वालों के खिलाफ दर्ज मामलों को रद्द करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। अग्निपथ योजना को वापस



लेने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के खिलाफ आपत्ति व्यक्त करने के लिए उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद भी अपनी कुर्सी से उठ खड़े हुए। हंगामा जारी रहने पर हजारी ने सदन की कार्यवाही दोपहर के भोजन तक के लिए स्थगित कर दी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और उसके वामपंथी सहयोगियों ने घोषणा की है कि इस योजना पर उनकी चर्चा की मांग के पूरी होने तक वे सदन को चलने नहीं देंगे। सदन अध्यक्ष ने उनकी मांग को खारिज कर दिया था कि यह मामला राज्य विधानसभा के दायरे से बाहर है।

# उदयपुर के नृशंस हत्याकांड के बाद इंदौर में ओवैसी की चुनावी सभा रद्द

## असदुद्दीन ओवैसी कीचुनावी सभा नगर निगम चुनाव को लेकर होने वाली थी

एजेंसी। इंदौर (मध्यप्रदेश)

**उदयपुर** में एक दर्जी की नृशंस हत्या के बाद इंदौर के एक संवेदनशील इलाके में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की बृहस्पतिवार रात प्रस्तावित चुनावी सभा रद्द हो गई है। यह सभा नगर निगम चुनाव को लेकर होने वाली थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



ओवैसी की चुनावी सभा रद्द होने के बारे में पूछे जाने पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा, इस सभा की अनुमति के लिए आवेदन करने वाले लोगों ने हमें बताया कि अब वे यह कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहे हैं। एआईएमआईएम की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नईम अंसारी ने पुष्टि की कि ओवैसी की बंबई बाजार क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात प्रस्तावित सभा रद्द हो गई है।

अंसारी ने हालांकि सभा रद्द किए जाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन माना जा रहा है कि उदयपुर के हालिया घटनाक्रम के बाद इंदौर के संवेदनशील इलाके में ओवैसी की चुनावी सभा की प्रशासनिक मंजूरी हासिल करना एआईएमआईएम के स्थानीय पदाधिकारियों के लिए कतई आसान नहीं रह गया था। पंढरीनाथ थाने के प्रभारी राकेश मोदी ने बताया कि चूंकि छह जुलाई को होने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए उन्होंने बंबई बाजार में ओवैसी की बृहस्पतिवार रात प्रस्तावित सभा को लेकर प्रशासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। गौरतलब है कि एआईएमआईएम नगरीय निकाय चुनाव से मध्यप्रदेश में अपने चुनावी सफर का आगाज कर रही है। ओवैसी ने पिछले दो दिन में जबलपुर और भोपाल में पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनावी सभाएं की हैं।

# दिल्ली पुलिस की टीम जुबैर के बेंगलुरु स्थित आवास पर पहुंची

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की चार सदस्ईय टीम ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर द्वारा 2018 में कथित तौर पर किए गए एक आपत्तिजनक ट्वीट मामले की जांच के सिलसिले में बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर बृहस्पतिवार को पहुंची। पुलिस ने यह जानकारी दी। जुबैर को ट्वीट के जरिए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया था।

# हिंदुत्व पर विश्वास नहीं करने वाली सरकारें देश में सुरक्षित नहीं : सिन्हा

## सिन्हा ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और गठबंधन की एक बैठक में कहा

एजेंसी। चेन्नई

विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई भी सरकार जो संविधान पर एवं धर्मनिरपेक्षता पर विश्वास रखती है और हिंदुत्व पर नहीं, वह इस देश में सुरक्षित नहीं है। सिन्हा ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसके गठबंधन सहयोगियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें (भारतीय जनता पार्टी को) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की ऊंची कुर्सी हथियाने के लिए एक बलि का बकरा मिल गया है। उन्होंने कहा, लेकिन यह क्या दिखाता है? यह दिखाता है कि केन्द्र की सत्तारूढ़



पार्टी और भारत सरकार को हमारे संविधान के संघीय ढांचे के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

सिन्हा ने कहा, मैं महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के नेता का भाषण सुन रहा था और वह लगातार हिंदुत्व की बातें कर रहे थे और कह रहे थे कि हमने इस सरकार को गिरा दिया क्योंकि वह हिंदुत्व पर विश्वास नहीं करती थी। इसका मतलब है कि कोई भी सरकार जो संविधान पर एवं धर्मनिरपेक्षता पर विश्वास रखती है और हिंदुत्व पर नहीं,वह इस देश में सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा राष्ट्रपति पद के चुनाव में खड़े होने के लिए राजी होना केन्द्र सरकार और भाजपा की कथित ज्यादतियों के खिलाफ सतत संघर्ष है। 2014 तक मैं वित्त पर संसद की स्थाई समिति का प्रमुख था और परंपरा थी कि विपक्ष का कोई सदस्य इसका मुखिया होगा। लेकिन अब सत्तारूढ़ दल का सदस्य समिति का प्रमुख है। यह अलग बात है कि वह मेरा बेटा (जयंत सिन्हा) है। लेकिन मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह गलत परंपरा है।

सिन्हा ने यहां पहुंचने पर द्रमुक प्रमुख एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से मुलाकात की और चुनाव में उनसे समर्थन देने का अनुरोध किया। सिन्हा के द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवालयम पहुंचने पर स्टालिन ने उनका स्वागत किया। स्टालिन ने वहां अपनी पार्टी और सहयोगी दलों की एक बैठक को संबोधित किया और उन्होंने पूर्व केन्द्रीय मंत्री को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

इस दौरान स्टालिन ने सिन्हा को प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया, वहीं एमडीएमके प्रमुख एवं राज्यसभा सदस्य वाइको ने कहा , हम सब आपके साथ हैं। कांग्रेस के नेता के. सेल्वापेरुनथगई सहित द्रमुक के सहयोगी दलों के सभी नेताओं ने भी सिन्हा को समर्थन देने की बात कही। वाम दलों के प्रतिनिधियों और विदुतलाई चिरुताइगल काच्चि ने भी सिन्हा को समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# क्या भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एक उगाही केंद्र बन गया

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के कामकाज की कड़ी आलोचना करते हुए पूछा कि क्या यह उगाही केंद्र बन गया है। अदालत ने बुधवार को एसीबी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को एक दागी अधिकारी बताया और कहा कि यदि उन्हें बचाया जा रहा है तो वह उन्हें तलब करेगी। अदालत ने एसीबी को 2016 के बाद से उन सभी मामलों का ब्योरा पेश करने का आदेश दिया, जिनमें उसने वरिष्ठ नौकरशाहों से जुड़े मामलों में बी रिपोर्ट दायर की है। बी रिपोर्ट का अर्थ है रद्द करने की रिपोर्ट, यानी पुलिस को किसी व्यक्ति के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने और उसके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई सबूत नहीं मिला है।न्यायमूर्ति एचपी संदेश ने कहा, दागी रिकॉर्ड वाले अधिकारियों को एसीबी का प्रमुख बनाया जा रहा है।

# धामी सरकार के 100 दिन मुख्यमंत्री ने अच्छा कार्य करने का दावा किया

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी। देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूसरे कार्यकाल का 100 दिन बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इस मौके पर उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने इस दौरान अच्छा कार्य किया है। साथ ही उन्होंने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

हालांकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार देते हुए कहा कि मात्र घोषणाएं करने से उपलब्धियां हासिल नहीं होतीं। मुख्यमंत्री धामी ने ट्वीट कर कहा, मैं अपने प्रदेश की सवा करोड़ जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं और पूर्ण समर्पण भाव के साथ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार के 100 दिन विकास, समर्पण और प्रयास के रहे हैं। जनता ने हम पर जो विश्वास दिखाया, उस पर हमारी सरकार खरा उतरेगी। हमने 100 दिन में अच्छा कार्य किया है और आगे भी अच्छा कार्य करने के साथ नया कीर्तिमान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षानुसार 2025 तक उत्तराखंड को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए सभी के सहयोग से काम किया जा रहा है और समृद्ध तथा आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपने हर वादे को पूरा करने में जुटे हैं।

लगातार दूसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनकर इतिहास रचने वाले धामी ने 23 मार्च को दूसरी बार पद की शपथ ली थी। साल की शुरूआत में हुए विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को लगातार दूसरी बार जीत मिली थी लेकिन धामी खुद अपनी सीट खटीमा से हार गए थे। बाद में चंपावत सीट पर 31 मई को हुए उपचुनाव में उन्होंने 55 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने धामी सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार दिया और कहा, मात्र घोषणाएं करने से उपलब्धियां हासिल नहीं होतीं। उन्होंने कहा, धामी सरकार चारधाम यात्रा से लेकर विकास के मुददे तक हर मामले में विफल रही है। सरकार का बजट 2000 करोड रुपये के घाटे में है और प्रति व्यक्ति कर्ज के मामले में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है।

# कालिंदी कुंज से पृथला गोलचक्कर तक सिग्नल फ्री ट्रैफिक

## जाम का झंझट हुआ खत्म, शशि चौक और सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन तक हटाई गई लालबत्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा शहर के निवासियों के लिए अच्छी खबर है। कालिंदी कुंज से लेकर पृथला गोल चक्कर तक ट्रैफिक नॉन स्टॉप हो गया है। इस रास्ते में केवल एक तिराहे पर लाल बत्ती थी, उसे हटा दिया गया है।

अब लोगों को सामान्य ट्रैफिक के दौरान इस रूट पर कहीं भी ठहरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

यह फ्लाईओवर बनने के बाद कालिंदी कुंज से लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी चौराहे तक ट्रैफिक सिग्नल फ्री हो जाएगा। नोएडा अथॉरिटी और ट्रैफिक पुलिस मिलकर शहर में यातायात व्यवस्था को सिग्नल फ्री बनाने में जुटे हैं। इसी सिलसिले में कालिंदी कुंज से पर्थला गोल चक्कर मास्टर प्लान रोड-3 पर सेक्टर-39 पीजी कॉलेज तिराहा बंद कर दिया गया है। इस तिराहे और शशि चौक के बीच सेक्टर-36 व 39 के सामने बनाया गया यू.टर्न खोल दिया गया है। इससे वाहन निकलने लगे हैं। अब शशि चौक और सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन की तरफजाने वाला ट्रैफिक बगैर रुके निकलने लगा है। यहां का ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिया गया है। अथॉरिटी के ट्रैफिक सेल के अधिकारियों ने तिराहा बंद करने और यू-टर्न खोलने की पुष्टि की है। अभी तक इस तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगा हुआ था। शशि चौक से सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन और पर्थला की तरफजाने वाले वाहनों या सिटी सेंटर से शशि चौक की तरफ जाने वालों को इस सिग्नल पर रुकना ही पड़ता था। यह ट्रैफिक रोककर सिटी सेंटर की तरफ से स्टेडियम रोड सेक्टर-36, सेक्टर-11, सेक्टर-12, सेक्टर-22, सेक्टर-55, सेक्टर-56 पर जाने वालों को रास्ता मिलता था। अब तिराहे से आगे और शशि चौक से पहले यू-टर्न बना दिया गया है। इस यू-टर्न से वाहन दाहिने मुड़कर कुछ दूर चलने के बाद बाएं मुड़कर स्टेडियम रोड पर निकल जा रहे हैं।

स्टेडियम रोड से आने वाला ट्रैफिक सेक्टर-38 शशि चौक की तरफ इस तिराहे से निकलता था, वह सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के आगे पेट्रोल पंप के सामने बने यू-टर्न से होकर वापस आ रहा है। इस तरह तिराहा बंद होने के साथ इसका ट्रैफिक दोनों यू-टर्न पर डॉयवर्ट हो गया है। तिराहा बंद करने की योजना 6 साल पुरानी थी, लेकिन कई बार टेंडर होने के बाद काम शुरू नहीं किया जा सका था। दरअसल, करीब 10 साल पहले राइट्स ने शहर में ट्रैफिक को निर्बाध करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके तहत शहर में चौराहों व तिराहों पर फ्लाईओवर, अंडरपास, यूटर्न और स्लिप रोड बनाने की सिफारिश की गई थी।

अथॉरिटी मास्टर प्लान रोड-3 कालिंदी कुंज से लेकर परथला गोल चक्कर तक को सिग्नल फ्री बना रही है। इसी सिलसिले में सेक्टर-37 में फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए। सिटी सेंटर और मोरना डिपो के बीच अंडरपास बनाया गया। सेक्टर-71 चौराहे को सिग्नल फ्री किया गया है। पृथला गोल चक्कर पर फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। शहर की एलिवेटेड रोड भी राइट्स की सिफारिशों पर ही बनाई जा रही हैं।

# फिल्म सिटी: फॉक्स और यूनिवर्सल स्टूडियो समेत चार कंपनियों ने टेंडर खरीदे

● यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी 1000 एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे और जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक बसाई जा रही फिल्म सिटी को लेकर देश और दुनिया की कंपनियां दिलचस्पी ले रही हैं। फिल्म सिटी प्रोजेक्ट का टेंडर निकाला गया है।

फॉक्स स्टूडियो समेत चार नामचीन कंपनियों ने टेंडर खरीदे हैं। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यमुना फिल्म सिटी को ना केवल देश बल्कि दुनिया की सबसे शानदार फिल्म सिटी बनाना चाहते हैं। इसके जरिए यूपी में फिल्म उद्योग और टूरिज्म को पंख लगाने की तैयारी चल रही है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी विकसित की जा रही है। जिसके लिए काफी तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। फिल्म सिटी को बनाने के लिए प्राधिकरण द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी, जो 30 जून समाप्त हो गयी। इस टेंडर प्रक्रिया में फॉक्स स्टूडियो समेत कई कंपनियों ने रुचि दिखाई है।

टेंडर प्रक्रिया के बंद होते ही 4 जुलाई को तकनीकी बिड खोल दी जाएगी। फिल्म सिटी बनने से क्षेत्रवासियों को अधिक फायदा होगा। इससे यहां पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे और लोगों के लिए आमदनी के साधन बढ़ जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी 1000 एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है। इस फिल्म सिटी को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। जिसके निर्माण के लिए प्राधिकरण द्वारा ग्लोबल टेंडर जारी किए गए थे। यह ग्लोबल टेंडर 30 जून को बंद हो गया। फॉक्स स्टूडियो और कंसोर्टियम के जरिए यूनिवर्सल स्टूडियो ने भी टेंडर खरीदे हैं। अभी 4 से ज्यादा कंपनियों ने टेंडर खरीदे हैं। अब 4 जुलाई को तकनीकी बिड खोली जाएगी।

यमुना फिल्म सिटी बनाने के लिए हॉलीवुड के नामचीन फॉक्स स्टूडियो और यूनिवर्सल स्टूडियो के सामने आने से यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है।

# बाइक सवारों ने सफाईकर्मी को मारी टक्कर, तीनों की पुल से गिरकर मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में बुधवार रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल के सामने ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर से गिरकर बाइक सवार दो युवकों और सफाई कर्मचारी की मौत हो गई।

बाइक सवारों ने सफाई कर रहे निगम कर्मचारी को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद तीनों पुल से नीचे आ गिरे। थाना कोतवाली एसएचओ अमित खारी ने बताया कि बुधवार रात करीब डेढ़ बजे बाइक सवार दो युवक घंटाघर की तरफ से ठाकुरद्वारा की ओर जा रहे थे। ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर पर जिला एमएमजी अस्पताल के सामने पहुंचने पर बाइक सवारों ने पुल पर सफाई कर रहे सफाई कर्मचारी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सफाई कर्मचारी और बाइक सवार दोनों युवक पुल से नीचे आ गिरे। तीनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ का कहना है कि बाइक सवारों की पहचान रजत और विशाल के रूप में हुई है, जबकि मृतक सफाईकर्मी मोदीनगर के मोहल्ला बिसोखर निवासी अनमोल है। प्रयागराज निवासी रजत परिवार के साथ तुराबनगर में रहता था।

# उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या के बाद नोएडा में अलर्ट

● धर्म गुरुओं के साथ की बैठक, दिया एकता और भाईचारे का संदेश



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राजस्थान के उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल के नृशंस हत्याकांड के बाद नोएडा पुलिस भी अलर्ट पर है। नोएडा के बॉर्डरों और मुख्य स्थानों पर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। पुलिस के आला अधिकारी सभी धर्मो के धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर शांति बनाने की अपील कर रहे हैं साथ ही किसी तरह का माहौल खराब न हो इसके लिए पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर भी निगरानी बनाए हुए है। इस घटना के बाद पूरे देश में तनाव पूर्ण माहौल बना है।

सेक्टर-6 स्थित सभागार में एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह और एसीपी.दो रजनीश वर्मा के नेतृत्व में सभी धर्मों के धर्मगुरु के साथ बैठक की गई। बुधवार को बैठक में सभी धर्मों के धर्म गुरुओं को बुलाया गया था। एक मंच पर सभी को एक साथ लाकर नोएडा पुलिस ने एकता और भाईचारे का संदेश देने का काम किया है।

नोएड पुलिस ने कमिश्नरी में कानून व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की। रणविजय सिंह ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को भी कहा गया है कि वो अपने.अपने क्षेत्रों में सभी सम्मानित प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें और शांति और व्यवस्था बनाने में सहयोग करने के की अपील करें। उन्होंने बैठक में कहा इस बैठक का मकसद जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। सहयोग करने के लिए आप सभी को बुलाया गया है।

# नोएडा-गाजियाबाद में जगह-जगह जलभराव

**पीएनएस।** नोएडा/ गाजियाबाद



**नोएडा** समेत एनसीआर में बारिश दिन भर होती रही। लोगों को दफ्तर तक पहुंचने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा है। जगह-जगह पानी का जलभराव के वजह से वाहन की रफ्तार धीमी पड़ गई। अभी मानसून की शुरुआत हुई है, इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के तमाम दावों की पोल खुल गई है।

नोएडा के निवासी सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो डाल कर प्राधिकरण पर तंज कस रहे हैं। बारिश के कारण सुबह से ही कई सेक्टरों में बिजली और ट्रैफिक सिग्नल पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। जगह जगह जाम की स्थिति देखने को मिली हैं। कुछ सड़कों पर वाहनों की खराब होने की सूचना है। बारिश के कारण शहर से लेकर गांव की कच्ची सड़कों पर पानी भर गया। इससे लोगों को परेशानी हुई। इसके अलावा कई जगह सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर घरों तक पहुंच गया। वहीं गाजियाबाद में पहली बारिश में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कई जगह जलभराव हो गया तो एलिवेटेड रोड के अंडरपास पानी से लबालब हो गए। इसमें कई गाड़ियां फंस गईं।

लोनी सीओ की गाड़ी का पहिया नाले में गिरने से गाड़ी पलटने से बाल.बाल बची। वहीं एक अन्य गाड़ी नाले में घुस गाजीपुर बॉर्डर के नजदीक एलिवेटेड रोड का एग्जिट प्वाइंट है। यह एग्जिट दिल्ली.मेरठ एक्सप्रेस.वे के नीचे अंडरपास बनाकर दिया गया है। इस अंडरपास में बारिश का पानी जमा हो गया। पानी इतना भर गया कि चार पहिया गाड़ियों को निकालना मुसीबत बन गया।

# बॉर्डरों से आने वाले शराब तस्करों पर पुलिस का पहरा, तीन गिरफ्तार



**नोएडा।** शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर की पुलिस लगातार करवाई कर रही है। दिल्ली हरियाणा के बॉर्डरों से लेकर जिले के प्रमुख चौराहे पर पुलिस का पहरा जारी है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने हाल में ही एक सूचना के आधार पर 3 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस मंगलवार की रात तीन शराब तस्करों को धर दबोचा है। यह सभी हरियाणा से शराब लाकर जिले में जगह-जगह तस्करी करते थे। पुलिस इस गैंग में और कितने जने शामिल है पता करने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान संदीप व संदीप पुत्र पवन के रूप में हुई है।

# जुबैर के बेंगलुरु स्थित आवास पर पहुंची दिल्ली पुलिस टीम

● आपत्तिजनक ट्वीट मामले में सोमवार को किया गया था गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की चार सदस्यीय टीम ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर द्वारा 2018 में कथित तौर पर किए गए एक आपत्तिजनक ट्वीट मामले की जांच के सिलसिले में बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर गुरुवार को पहुंची। पुलिस ने यह जानकारी दी।

जुबैर को ट्वीट के जरिए हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने जुबैर की पुलिस हिरासत की अवधि चार दिनों के लिए बढ़ा दी थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमारी चार सदस्यीय टीम जुबैर के साथ उनके बेंगलुरु स्थित आवास पहुंची है। जुबैर इस समय पुलिस हिरासत में हैं। हमारी टीम के सदस्य वहां मामले से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक सबूत एकत्र करने गए हैं। इनमें उसका मोबाइल फोन या लैपटॉप शामिल है जिसका इस्तेमाल उन्होंने उस विवादित ट्वीट के लिए किया है।

पुलिस ने बुधवार को विभिन्न बैंकों को पत्र लिखकर जुबैर के खातों और अन्य वित्तीय लेनदेन की जानकारी देने का अनुरोध किया था। अधिकारी ने यह भी बताया कि जुबैर द्वारा जिस मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जाता था, उसे फॉरमेट कर दिया गया है और मामले से जुड़ी जानकारी उसमें नहीं है। पुलिस के मुताबिक जुबैर ने बताया है कि उनका वह फोन गुम हो गया है, जिसका इस्तेमाल कथित आपत्तिजनक ट्वीट करने के लिए किया गया था।

इस बीच, अज्ञात ट्विटर हैंडल, जिससे की गई शिकायत की वजह से ऑल्ट न्यूज के सह संस्थापक मोहम्मद जुबैर की गिरफ्तारी हुई, अब माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर मौजूद नहीं हैं। पुलिस ने बताया कि जुबैर के खिलाफ 20 जून को भारतीय दंड संहिता की धारा-153ए और 295ए के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# नए संसद भवन में दिखेगी देश की सांस्कृतिक विविधता और भव्यता

## प्रवेश द्वार पर स्थापित होगी प्रतिमा, आंतरिक सज्जा में लोकतंत्र की यात्रा का चित्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रस्तावित सेंट्रल विस्टा का फोटो

**भारतीय** संसद की नई इमारत में भारत की विविधता एवं भव्यता देखने को मिलेगी। नई इमारत के प्रवेश द्वार पर एक पांरपरिक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही संवैधानिक विथिका (गैलरी) होगी, जिसमें भारतीय लोकतंत्र की यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। इमारत की आतंरिक सज्जा में देश की सांस्कृतिक विविधता व परंपराओं को तस्वीरों व कलाकृतियों के जरिए सहेजा जाएगा।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने नई इमारत की आंतरिक सज्जा की योजना बनाने के लिए तीन समितियों का गठन किया है जो कला अधिष्ठापन, पेंटिंग, भित्तिचित्र और लेखों के जरिए भारतीय समाज की विविधता को प्रदर्शित करने की योजना को अमलीजामा पहनाएंगी। इस समितियों में शिक्षाविद, इतिहासकार, कलाकार, संस्कृति और शहरी विकास मंत्रालयों के कई विशेषज्ञ और अधिकारी शामिल हैं जो परिसर को सजाने के लिए संसाधन, निगरानी और कलाकृतियों को स्थापित करने का कार्य करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि इनमें से एक समिति सलाहकार समिति है। उन्होंने बताया कि मोटे तौर पर ढांचे के छह हिस्सों को सजाने के लिए कलाकृतियों पर विचार किया जाएगा जिनमें द्वारों पर द्वारपालों की मूर्तियां (इन्हें अंतिम रूप देना अभी बाकी है), संविधान विथिका जो संविधान की प्रतिकृति होगी, भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली विथिका आदि होंगे।

उन्होंने बताया कि दो समितियों की अध्यक्षता क्रमश: संस्कृति सचिव गोविंद मोहन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सचिदानंद जोशी कर रहे हैं।

इन समितियों का गठन नई संसद इमारत में कला की अवस्थापना के लिए सामग्री की पहचान करने, उन्हें मंजूरी देने और मार्गदर्शन के लिए किया गया है। मोहन की टीम में संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम, पुरातत्ववेत्ता केके मोहम्मद, प्रसार भारती के पूर्व प्रमुख सूर्य प्रकाश और अन्य शामिल हैं। जोशी विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व करेंगे जिनमें इतिहासकार गौरी कृष्णन, वडोदरा स्थित एमएस विश्वविद्यालय के कुलपति वीके श्रीवास्तव और राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय के महनिदेशक अद्वैत गडनायक शामिल हैं। एक समिति के वरिष्ठ सदस्य ने बताया, नई संसद भारत की संस्कृति और विविधता को प्रदर्शित करेगी।

यह इमारत भारत की प्रकृति को प्रदर्शित करेगी जिससे हर भारतीय खुद को जुड़ा हुआ महसूस करे। उन्होंने बताया कि यह पूरे देश के विश्वास को समाहित करेगी लेकिन ऐसा करते वक्त हमारे दिमाग में है कि कलाकृतियां संग्रहालय या प्रदर्शनी के लिए न हों बल्कि संसद के लिए हों और हमें उसकी सुचिता को कायम रखना है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
बुद्धि कौशल दिखाने का अवसर प्राप्त हो सकता है यह सफलता देने वाला होगा। उपयोगिता बढ़ेगी धर्मगुरु के अनुयायीयों की संख्या में वृद्धि होगी। भ्रमण एवं मनोरंजन में समय व्यतीत होगा जो मानसिक शांति देने वाला होगा। कोई बड़ा फैसला बिना सोचे समझे लेने से नुकसान होने की संभावना है। व्यवहार-कुशलता से समस्या का समाधान संभव है।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**भाग्यांक : 7**
**विशेष :** सफेद रंग का झंडा मंदिर में लगाएं।

### वृष
संचार माध्यम से आनंद दायक सूचना मिलेगी मन प्रसन्न रहेगा। पराक्रम से लोग अचंभित रहेगें जो आनंद के क्षण होंगे। नौकर चाकरों का सहयोग अच्छा रहेगा। आज समय कठोर हो सकता हैं। कुछ काम पूरा करने में असमर्थ हो सकते हैं। व्यावसायियों को कुछ श्रम संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वित्तीय बाधाएं हो सकती हैं।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

**भाग्यांक : 7**
**विशेष :** देवी लक्ष्मी की आराधना करें।

### मिथुन
अविवाहितों को विवाह के प्रस्ताव प्राप्त होंगे किसी से भेंट भी हो सकती है। शांति से काम लीजिये भावनाओं में बहना कष्टकारक हो सकता है। सामन्जस्य बढ़ाने के लिये जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते है। समारोह में जाने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी कोई राय देनी चाहिए।

(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

**भाग्यांक : 5**
**विशेष :** घर में इत्र का छिड़काव करें।

### कर्क
घर में कोई सदस्य बढ़ सकता है रिश्तेदार या दोस्त कोई भी हो सकता है। माता की आवश्यकताओ की पूर्ती हो जाने से माता की चिंता कम होगी। चिंता न करें भूमि भवन से संबंधित समस्या हल होगी। बच्चों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। जो छात्र इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उनके लिए दिन शुभ है। कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकता है। मित्रों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

(ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**भाग्यांक : 8**
**विशेष :** चांदी का कड़ा धारण करें।

### सिंह
स्थिति देखते हुए खर्च कीजिये अत्यधिक खर्च आपको विचलित कर सकता है। विद्वान से भेंट संभव है मोक्ष से संबंधित ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। घूमने फिरने की योजना बनेगी व्यवस्थापक आप हो सकते है। । प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो सफल होंगे। करियर को बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। कई यात्राएं हो सकती हैं और वे फायदेमंद भी होंगी। वित्तीय बाधाएं जो झेलनी पड़ी थीं, समाप्त हो जाएंगी। आज भूमि विवाद हो सकता है।

(मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

**भाग्यांक : 7**
**विशेष :** लक्ष्मी मंदिर में देसी घी का दीपक जलाएं।

### कन्या
मन पसंद भोजन की प्राप्ति होने की प्रबल संभावना होगी।परिवार के लोगों से मेल मिलाप के अवसर प्राप्त होंगे जिससे सामंजस्य बढ़ेगा। सत्य का साथ देंगे तो बिगड़ी बन सकती है सत्य का ही साथ देना चाहिये। देरी और बाधाएं भी कई बार चिंता का कारण बनेंगी। धैर्य रखें, क्योंकि समय इतना भी बुरा नहीं है, जितना कि यह आपको इस समय दिख रहा है। खुद को व्यवस्थित रखेंगे और साहस के साथ चीजों का सामना करेंगे। नए संपर्क स्थापित कर पाएंगे।

(टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो)

**भाग्यांक : 5**
**विशेष :** श्रीकृष्ण की उपासना करें।

### तुला
पिता से मदद मिल सकती है लोगों की किसी भी प्रकार की मदद करें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य के लिये सम्मानित हो सकते है। सम्मानकारक समय है यश और कीर्ति का झंडा फहरायेगें। सोच को सकारात्मक रखते हुए सावधानी पूर्वक निर्णय लें। पत्रकार हैं तब दिन श्रेष्ठ व शुभ है। दफ्तर में नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कागजात पर हस्ताक्षर करने से बचें।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

**भाग्यांक : 7**
**विशेष :** लक्ष्मी सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### वृश्चिक
धर्म कर्म में रुचि जागृत होगी। ससुराल के लोगों से मुलाकात हो सकती है वो आ सकते है या आप जा सकते है। अकस्मात किसी तरह से धन लाभ होगा कितना होगा इस पर विचार न करें। आप अच्छी योजनाएं बनाएंगे जिनसे आने वाले दिनों में फायदा होने के योग हैं। जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें। विवेकपूर्ण कार्य लाभ देंगे। भावनात्मक होकर आज कोई फैसला ना लें।

तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

**भाग्यांक : 9**
**विशेष :** श्री सुक्तम का पाठ करें।

### धनु
अकस्मात धन की प्राप्ती हो सकती है। हो सकता है आय का साधन उपयुक्त न लगे। वाहन चलाते समय सावधानी रखिये थोडी सी असावधानी से दुर्घटना हो सकती है लंबी दूरी की यात्राओं की योजना बना सकते है देशाटन के प्रबल योग। मित्रों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन करेंगे। बिजनेस में आगे बढ़ेंगे। नए लोगों से संपर्क बन सकते हैं। कामकाज भी बढ़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा हो सकता है।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

**भाग्यांक : 6**
**विशेष :** संध्या के समय घर में देसी घी का दीपक जलाएं।

### मकर
सकारात्मकता बनाये रखिये आय के स्त्रोत में वृद्धि होगी।भौतिक मनोकामना की पूर्ती संभव है । प्रयास में कोई कमी न आने दें कोई उपलब्धि आपके खाते में जुड़ सकती है। आज जिस काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं। काम के लिये नई योजना बना सकते हैं। मान-प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये समाज के कार्यो में सहयोग देना चाहिए। यात्रा फायदेमंद रहेगी।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

**भाग्यांक : 6**
**विशेष :** सफेद खरगोश को भोजन कराएं।

### कुंभ
ननिहाल के लोगों से भेट हो सकती है संबंधो में प्रगाढ़ता आयेगी। ऋण लेने की योजना फलीभूत होगी योजना के सभी पत्रक ध्यान से पढिये। पुराने रोग के उभरने की संभावना है सावधानी हटी दुर्घटना घटी। प्रतिद्वंद्वी नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे कार्य में प्रगति करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक माहौल सौहार्दपूर्ण होगा परिवार में भविष्य में घटित होने वाला महत्वपूर्ण समारोह की योजना बनाने में शामिल होगा।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

**भाग्यांक : 4**
**विशेष :** देवी लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं।

### मीन
मान सम्मान में वद्धि के अवसर की प्राप्ति होगी जो आपके लिये संतोष कारक होगी। सम्मान बढ़ेगा मनपसंद उपहार की प्राप्ति संभव है। बुजुर्ग से विशेष ज्ञान प्राप्ति का अवसर मिलेगा जो लाभकारी सिद्ध होगा। आज फैसला करना थोड़ा कठिन भी हो सकता है। पैसा आते-आते कहीं रुक सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी। ऑफिस मे ज्यादा काम रहेगा। विवाहितों के लिए दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। समय का सदुपयोग के काफी फायदा होगा।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

**भाग्यांक : 2**
**विशेष :** सोना धारण करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# डायबिटीज कंट्रोल है मुमकिन



अनुमान है कि 2030 तक डायबिटीज मैलिटस भारत के 7.94 करोड़ लोगों को प्रभावित कर सकता है तो चीन के 4.23 करोड़ और अमेरिका के 3.03 करोड़ लोग इस रोग से पीड़ित होंगे। कई ऐसे फैक्टर्स हैं, जो देश भर में इस रोग की मौजूदगी के लिए जिम्मेदार हैं। मसलन, आबादी, शहरीकरण, मोटापा, श्रमरहित लाइफस्टाइल आदि।

डायबिटीज पीड़ित इन आशंकाओं के साथ जीने लगते हैं कि उन की आंखों की रोशनी चली जाएगी या उन की टांग अथवा पैर काटना पड़ सकता है या फिर किडनी फेल्यर के कारण उन की मौत हो जाएगी।

## युवाओं में बढ़ते मामले

भारत में 22 से 30 साल की आयु वाले युवाओं की आबादी सब से अधिक है, जो ऊर्जावान एवं रचनाशील हैं, लेकिन इन युवाओं ने जिंदगी जीने के जिन तौरतरीकों को अपना लिया है, उनसे कई तरह के रोगों का इन पर बुरा असर पड़ने लगा है।

भारत को डायबिटीज की राजधानी कहा जाने लगा है। दरअसल युवा अस्वास्थ्यकर खानपान की आदतों के कारण मोटापे का शिकार हो रहे हैं, जो डायबिटीज और अन्य कार्डियोवैस्क्युलर समस्याओं का मुख्य कारण है। पहले जहां ये रोग 40 से 45 साल की उम्र वाले लोगों को होते थे वहीं अब 22 से 25 साल के युवा भी इन की चपेट में आने लगे हैं और इस का कारण है आज की पीढ़ी द्वारा पश्चिमी लाइफस्टाइल अपनाना।

## संक्रमण का खतरा

थोड़ा सा कटने से ही त्वचा में होने वाले खतरनाक संक्रमण को सैल्युलाइटिस कहा जाता है। यदि आप को डायबिटीज है, तो अपनी त्वचा के प्रति ज्यादा सावधान रहें, क्योंकि ब्लड ग्लूकोस लैवल अधिक रहने पर संक्रमण का अधिक खतरा रहता है।

सैल्युलाइटिस एक गंभीर संक्रमण है, जो त्वचा के अंदर फैलता है और त्वचा तथा उस के अंदर की चरबी को प्रभावित करता है।

> मधुमेह के शिकार लोग भी स्वस्थ जीवन का आनंद उठा सकते हैं, यदि कुछ खास बातों का ध्यान रखें तो...

लोग अकसर सैल्युलाइटिस को सैल्युलाइट मान बैठते हैं। दरअसल, दोनों बिलकुल अलग चीजें हैं। सैल्युलाइटिस चरबी की अंदरूनी परत डर्मीज और त्वचा के अंदर के टिशू का एक बैक्टीरियल संक्रमण होता है जबकि सैल्युलाइट त्वचा के अंदर चरबी जमने के कारण होता है, जो संतरे के छिलके की तरह दिखता है। सैल्युलाइटिस की सब से बड़ी खराबी यह है कि सही समय पर उचित इलाज न होने पर यह बड़ी तेजी से फैलता है। इस वजह से टिशू क्षतिग्रस्त होने लगते हैं और इस का बैक्टीरिया रक्तनलिकाओं के जरीए फैल जाता है।

## सैल्युलाइटिस से सुरक्षा

- त्वचा को नुकसान पहुंचाने वाले कठिन और अधिक कार्य करने से बचें। वही कार्य चुनें, जिन से आप को जल्दी थकान महसूस न हो। सब से महत्त्वपूर्ण बात यह कि ब्लड शुगर का संतुलित स्तर बनाए रखें। ब्लड शुगर लैवल बढ़ने का मतलब है कि शरीर का इम्यून सिस्टम निश्चित रूप से कमजोर होगा और जख्म को भरने में यह असमर्थ हो जाएगा।
- कम कार्बोहाइड्रेट वाला भोजन करें और फाइबरयुक्त फलों का भरपूर सेवन करें। अपने साथ ग्लूकोस टैस्ट मीटर रखने से आप को इस की वृद्धि पर नजर रखने में मदद मिलेगी।
- यदि आप सैल्युलाइटिस के ज्ञात छोटे से छोटे रिस्क फैक्टर की चपेट में हैं तो प्रतिदिन अपनी टांगों पर नजर रखें। जख्म पर भी पूरा ध्यान रखें। त्वचा की सूजन, लाली जैसे लक्षणों पर नजर रखें।
- जख्मों को ठीक करने के लिए डॉक्टर से ही परामर्श लें। याद रखें कि नियमित जांच के अभाव में छोटा सा जख्म भी सैल्युलाइटिस का कारण बन सकता है। जख्म वाले हिस्से को अच्छी तरह साफ रखें ताकि उस में पानी न लगने पाए। कुछ समय के लिए उसे खुली हवा में सुखा लें। डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही जख्म को ड्रैसिंग से ढक कर रखें और स्वच्छ ड्रैसिंग ही इस्तेमाल करें।

ऐसा करने पर आप डायबिटीज होने के बावजूद स्वस्थ व्यक्ति जैसा जीवन जी सकते हैं। लाइफस्टाइल में मामूली बदलाव से आप अपना ब्लड शुगर लैवल भी नियंत्रित रख सकते हैं और बेहतर महसूस कर सकते हैं।

**( डॉ. मीना छाबड़ा, डायबिटीज क्लीनिक, नई दिल्ली )**

# बचपन में ही हो जाता है मिरगी का रोग

मिरगी एक आम मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसका इलाज संभव है। कुल मिला कर प्रति 1000 लोगों में 7–8 लोगों को मिरगी का रोग बचपन में हो जाता है।

**मिरगी** एक आम मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसका इलाज संभव है। कुल मिला कर प्रति 1000 लोगों में 7–8 लोगों को मिरगी का रोग बचपन में हो जाता है। अनुमान तो यह भी लगाया गया है कि दुनिया भर में 50 लाख लोग मिरगी के रोग से पीड़ित हैं।

मिरगी की अभिव्यक्ति के अलग–अलग तरीके होते हैं, जिनमें से कुछ नाम नीचे दिए गए हैं :

शरीर के पूरे या आधे भाग में मरोड़ और अकड़न:

दिन में सपने देखना।

असामान्य अनुभूतियां जैसे डरना, अजीब सा स्वाद महसूस करना, गंध और पेट में झनझनाहट महसूस करना

अत्यधिक चौंकना

फिट आने के बाद रोगी नींद या उलझन महसूस करने लगता है, साथ उसे सिरदर्द की शिकायत भी हो सकती है

## क्या हैं मिरगी के कारण?

मस्तिष्क कई तंत्रिका कोशिकाओं से मिल कर बना हुआ है, जो शरीर के विभिन्न कार्यों को विद्युत संकेतों द्वारा नियंत्रित करता है। यदि ये संकेत बाधित होते हैं, तो व्यक्ति मिरगी के रोग से पीड़ित हो जाता है (इसे 'फिट' या 'आक्षेप' कहा जा सकता है।) मिरगी के जैसे कई अन्य रोग भी होते हैं। मसलन, बेहोश (बेहोशी), सांस रोग और ज्वर आक्षेप।

मगर इन सभी को मिरगी का दौरा नहीं कहा जा सकता। क्योंकि ये मस्तिष्क की गतिविधियों को बाधित नहीं करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि इन की सही पहचान हो और इन की अलग प्रबंधन रणनीति का ज्ञान हो।

कई रोगियों को मस्तिष्क में निशान होने की वजह से मिरगी के दौरे आते हैं। ये निशान उन्हें बचपन में सिर पर चोट लगने या फिर मस्तिष्क में संक्रमण के कारण हो जाते हैं। कुछ लोगों को मस्तिष्क विकृतियों के कारण मिरगी के दौरे पड़ने लगते हैं। कुछ बच्चों की मिरगी के पीछे आनुवंशिक कारण होते हैं। कह सकते हैं कि मिरगी के दौरे पड़ने का सही कारण जान पाना अभी भी आसान नहीं है।

## क्या है मिरगी का निदान?

इलेक्ट्रोइंसेफ्लोग्राफी और मस्तिष्क का एमआरआई जैसे टैस्ट करवा कर भी मिरगी के रोग की पुष्टि की जा सकती है।

## कैसे हो सकता है मिरगी का इलाज?

मिरगी का इलाज जीवनशैली में परिवर्तन लाकर और दवाओं से ठीक हो सकता है। एक सिंगल एंटीपिलैक्टिक दवा लगभग 70 प्रतिशत मामलों में दौरे पर नियंत्रण कर लेती हैं हालांकि कोई भी दवा मिरगी के कारण को पूरी तरह सुधार नहीं सकती है।

यदि एक दवा विफल हो जाती है तो दूसरी और तीसरी दवा का मिश्रण दिया जाता है। सभी दवाओं की तरह एईडीएस के भी दुष्प्रभाव होते हैं। मसलन इस से उनींदापन, व्यग्रता, सक्रियता और वजन बढ़ने जैसी परेशानियां हो जाती हैं।

कुछ मामलों में दवा रोगियों पर असर नहीं दिखा पाती तो उन्हें कैटोजेनिक डाइट के लिए कहा जाता है, मगर चिकित्सक से बिना पूछे दवा अपने मन से बदलना घातक हो सकता है। दवाओं के अलावा इस बीमारी में अच्छी नींद लेना भी बहुत जरूरी है।

एपिलैप्सी के कुछ रिफ्रैक्ट्री केसेज में बच्चे के जीवन को बचाने के लिए सर्जरी भी करनी पड़ सकती है। यह अति विशिष्ट सेवा केवल कुछ ही अस्पतालों में उपलब्ध है। हिंदुजा अस्पताल पैडियट्रिक एपिलैप्सी सर्जरी में माहिर है। इस सर्जरी के लिए हिंदुजा अस्पताल का नाम सभी बड़े अस्पतालों में सब से अव्वल है।

मिरगी रोग से पीड़ित बच्चे आम बच्चों जैसे ही होते हैं, वे उन की तरह ही खेलकूद सकते हैं।

## दीर्घकालिक परिणाम क्या हैं?

अधिकांश बच्चे जिन्हें सही इलाज और दवा मिल रही होती है, वे 3–4 साल बाद मिरगी के रोग से आजाद हो जाते हैं, वहीं मुश्किल मामलों में चिकित्सक मिरगी विशेषज्ञ को केस रैफर कर देते हैं।



# मानसून आते ही गर्भवती महिलाओं के लिए बढ़ जाता है खतरा




> आसमान में छाए बादलों के साथ, मॉनसून अपने साथ मच्छर जनित संक्रमण, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फ्लू , टाइफाइड, हेपेटाइटिस और 'निपा' जैसे मच्छर जनित संक्रमणों, वायरल और बैक्टीरियल बीमारियां लाता है।

**मई**–जून की भीषण गर्मी के बाद मानसून अक्सर तेज गर्मी से राहत दिलाता है, गंदगी और धूल को साफ करने में मदद करता है, जिससे शहर सुंदर और हरा–भरा दिखता है। इसलिए मौसम में परिवर्तन के लिए खुश होना, घर से बाहर पैर निकालना और इन दिनों में चाट के साथ गर्मागर्म चाय पीना आपको एक अभूतपूर्व अहसास देने में मदद करता है। हालांकि कई महिलाओं को अपनी गर्भावस्था के दौरान असुविधा हो सकती है, खासकर मानसून के महीनों में। आसमान में छाए बादलों के साथ, मॉनसून अपने साथ मच्छर जनित संक्रमण, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फ्लू , टाइफाइड, हेपेटाइटिस और 'निपा' जैसे मच्छर जनित संक्रमणों, वायरल और बैक्टीरियल बीमारियां लाता है। गर्भवती महिलाओं में उनकी कम प्रतिरक्षा यानी की इम्यूनिटी के कारण ये बीमारियां अधिक गंभीर होती हैं, जिससे रक्तस्राव की प्रवृत्ति बढ़ जाती है और उन्हें कई गंभीर जटिलताओं के कारण कई प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। इसलिए हम गर्भवती महिलाओं को कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिनके जरिए वे मानसून में खुद को फिट रख सकती हैं और इन बीमारियों से दूर रह सकती हैं। तो आइए जानते हैं कौन से हैं ये तरीके।

## हाइड्रेशन

बारिश के दौरान भी हाइड्रेटेड रहना आवश्यक है। तापमान में गिरावट अधिक तरल पदार्थ पीने की आपकी इच्छा को कम कर सकती है, लेकिन आर्द्रता को हराने के लिए अच्छी तरह से हाइड्रेट रहना बहुत आवश्यक है, क्योंकि ऐसा न करने से आप सिरदर्द और डिहाइड्रेशन से जुड़ी थकान का शिकार हो सकती हैं इसलिए हाइड्रेट जरूर रहें। उबला और ठंडा या शुद्ध पानी का सेवन प्रचुर मात्रा में करना चाहिए। बारिश के दौरान अन्य सुरक्षित विकल्प नारियल पानी, घर का बना नींबू पानी, मक्खन दूध या डिब्बाबंद जूस होंगे।

## डाइट

गर्भावस्था के दौरान किसी एक विशेष प्रकार के भोजन का मन करना असामान्य नहीं है। अपने सलाद में कच्ची सब्जियों से बचना और गर्भावस्था के दौरान कच्चे मांस, अंडे और समुद्री भोजन को न कहना सबसे अच्छा है। इसके साथ ही अपने स्थानीय विक्रेता से आलू चाट खाने से बचें और बाहर का तला–भुना खाना खाने से दूर रहें। पालक और गोभी जैसी सब्जियां बहुत सारी गंदगी लिए हुए होती हैं और कई बार इन्हें स्वच्छ बहते पानी में धोने की जरूरत होती है। अच्छी तरह से धोने के बाद ही इन्हें पकाया और खाया जाना चाहिए। स्वस्थ रहने के लिए फाइबर और प्रोटीन से भरपूर संतुलित भोजन लें। घर के पके हुए भोजन का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि आप अपने भोजन को बनाने वाली सामग्री और स्वच्छता के बारे में जानते हैं।

## मच्छरों के खतरे से बचें

अपने घरों और बगीचे में ठहरे हुए पानी से बचें क्योंकि वे मलेरिया और डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की नस्ल में मदद करते हैं। अपने घर में मच्छर प्रूफ करें। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी, रेपेलेंट, अपने घरों की खिड़कियों और दरवाजों या एयर कंडीशनिंग में जाली लगाएं।

## कपड़े और जूते

ढीले–ढाले आरामदायक कपड़े सूती कपड़े मच्छरों से आपको सुरक्षा प्रदान करेंगे और आर्द्रता को हराने में मदद करेंगे। सिंथेटिक कपड़े और तंग कपड़े पहनने से बचें क्योंकि वे असुविधा और चकत्ते पैदा कर सकते हैं। खूबसूरत मौसम के बीच बाहर रहने की इच्छा, आरामदायक, सपाट फुटवियर के साथ मिल सकती है और ये आपको फिसलन और अचानक गिरने से बचा सकती है। शहरों में सड़कों पर गड्ढे में गिरने की समस्या आम है इसलिए मानसून में बाहर निकलते वक्त फुटवियर का ध्यान जरूर रखें।

## स्वच्छता

हाथों की स्वच्छता और स्वच्छ पेयजल, पानी से होने वाली बीमारियों जैसे हेपेटाइटिस ए, ई और टाइफाइड को रोकने का काम करती हैं, जिनमें से कुछ गर्भवती महिला के लिए घातक हो सकती हैं। प्रत्येक भोजन से पहले दिन में कई बार अपने हाथों को धोना और स्वच्छ पानी के साथ बाकी कमरों का उपयोग करने के बाद अच्छे हाथ स्वच्छता का एक अनिवार्य हिस्सा है।

# मधुमेह को नियंत्रित रखने के लिए अपनाएं यह आसान योगासन



भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। योग के जानकारों का कहना है कि लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान–पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। तो आइए जानते हैं मधुमेह को कंट्रोल करने वाले कुछ योगासनों के बारे में।

## पश्चिमोत्तानासन

इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं।

## सर्वांगासन

यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे–धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें।

## अर्द्ध मत्स्येंद्रासन

यह आसन यकृत और मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सामने की ओर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब दाहिने पैर को मोड़ते हुए बाएं घुटने के बगल में बाहर की ओर रखें। इसके बाद बाएं को दाहिने ओर मोड़िए। एडी दाहिने नितम्ब के पास रहें। बाएं हाथ को दाहिने पैर के बाहर की ओर रखते हुए दाहिने पैर के टखने या अंगूठे को पकड़ें। दाहिना हाथ पीछे की ओर कमर में लपेटते हुए शरीर को दाहिनी ओर मोड़ें। अंतिम अवस्था में पीठ को अधिक से अधिक मोड़ने की कोशिश करें। एक मिनट इस अवस्था में रुकने के बाद धीरे–धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब इसी क्रिया को विपरीत दिशा में करें। गर्भावस्था के दौरान व हृदय रोगियों को यह आसन नहीं करना चाहिए।

## प्राणायाम

प्राणायाम मधुमेह के रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। खासतौर से, भ्रामरी और भ्रस्त्रिका प्राणायाम तो डायबिटिक लोगों को जरूर करना चाहिए। इनके नियमित अभ्यास से स्ट्रेस लेवल कम होता है और शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। भ्रामरी प्राणायाम करने के लिए पद्मासन में बैठ जाएं। अंगूठे से कान बंद करें और ऊपर की तीन अंगुलियों को आंखों पर रखें। अब गहरी सांस लेते हुए गले से उच्चारण करें। भस्त्रिका प्राणायाम के लिए पद्मासन में बैठ जाएं। गहरी सांस लें और उसे जल्दी–जल्दी छोड़ें। इस प्रक्रिया में मुंह बंद रखें और सांस की सारी प्रक्रिया नाक से ही करें।

## सूर्य नमस्कार

अगर आपके पास सभी आसनों को करने का पूरा समय नहीं है तो रोज दो से तीन बार सूर्य नमस्कार अवश्य करें। सिर्फ इस आसन को करने से भी आप काफी हद तक इस रोग को नियंत्रित कर सकेंगे। इससे श्वास, पेट और प्रतिरोधी क्षमता को लाभ पहुंचता है।

### इन बातों का रखें ख्याल

**योगगुरु** कहते हैं कि अगर आप योग द्वारा मधुमेह का उपचार कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्वप्रथम हमेशा खाली पेट ही योग क्रिया करें। साथ ही ढीले, हल्के व आरामदायक वस्त्र पहन कर ही योग करें। ऐसा जरूरी नहीं है कि आप सभी योगासन करें लेकिन जो भी करें, उसे सही ढंग से करें। साथ ही इसे चंद दिनों की चांदनी न बनाएं बल्कि जीवन पर्यन्त हमेशा करने की आदत डालिए। योगासन के अतिरिक्त अगर संभव हो तो सप्ताह में एक दिन नेती क्रिया या कुंजल क्रिया अवश्य करें। इन क्रियाओं को शुरुआत में किसी योगा विशेषज्ञ की देख–रेख में ही करें। जब आप इस अभ्यास में पारंगत हो जाएं तो इन्हें घर पर अकेले भी कर सकते हैं।

# प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा नीदरलैंड, भारत की नजरें पहले खिताब पर

**महिला हॉकी विश्व**

**एजेंसी।** टेरसा (स्पेन)



**विश्व** हॉकी की शीर्ष 16 महिला टीम प्रतिष्ठित एफआईएच विश्व कप खिताब के लिए शुक्रवार से चुनौती पेश करेंगी जिसमें आठ बार के विजेता नीदरलैंड की नजरें खिताबी हैट्रिक पर टिकी होंगी जबकि भारत पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगा।

स्पेन के साथ एक से 17 जुलाई तक होने वाले टूर्नामेंट की सह मेजबानी करने वाला गत चैंपियन नीदरलैंड महिला हॉकी में सबसे अधिक दबदबा बनाने वाली टीम है और उसने आठ बार खिताब जीता है जबकि चार बार उप विजेता रहा। नीदरलैंड की महिला टीम ने चार बार ओलंपिक स्वर्ण, दो बार रजत और तीन बार कांस्य पदक भी जीता और इस बार भी अपने विश्व खिताब की रक्षा करने की प्रबल दावेदार है। अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और जर्मनी की टीम ने दो-दो बार विश्व कप जीता है। टूर्नामेंट की शुरुआत मेजबान स्पेन और कनाडा के बीच पूल सी मुकाबले के साथ होगी।

स्पेन का टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कुआलालंपुर में 1983 में रजत पदक जीतना है। टूर्नामेंट में 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉस ओवर होगा।

क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगी। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। पूल ए में जर्मनी, चिली, पिछले टूर्नामेंट के उप विजेता आयरलैंड और नीदरलैंड को जगह मिली है जबकि पूल बी में भारत, चीन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। पूल सी में अर्जेन्टीना, कनाडा, कोरिया और स्पेन को शामिल किया गया है जबकि पूल डी में आस्ट्रेलिया, बेल्जियम, जापान और दक्षिण अफ्रीका चुनौती पेश करेंगे।

एफआईएच प्रो लीग का खिताब जीतने के बाद नीदरलैंड की टीम टूर्नामेंट में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। इस टूर्नामेंट में बेल्जियम की टीम दूसरे जबकि भारत की टीम पदार्पण करते हुए तीसरे स्थान पर रही। टूर्नामेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में पहले टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहना रहा। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में एतिहासिक चौथा स्थान हासिल करने के बाद भारतीय टीम की दावेदारी भी मजबूत होगी। भारतीय महिला टीम ने इस साल मई में विश्व रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ छठा स्थान हासिल किया और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष टीमों को अच्छी चुनौती देते हुए अर्जेन्टीना, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों को पछाड़कर पोडियम पर जगह बनाई।

## संक्षिप्त समाचार

### चेल्सी से उधार पर इंटर मिलान से जुड़े लुकाकु

**मिलान।** रोमेलु लुकाकु एक बार फिर इटली में वापसी करेंगे क्योंकि वह चेल्सी से एक साल के उधार पर इंटर मिलान से जुड़ गए हैं लुकाकु सिर्फ 10 महीने पहले ही 13 करोड़ 50 लाख डॉलर के करार पर चेल्सी से जुड़े थे। वह उस समय दुनिया के सातवें सबसे महंगे खिलाड़ी थे। इंटर लुकाकु को अपने साथ जोड़ने के लिए चेल्सी को मात्र 84 लाख डॉलर के अलावा टीम से जुड़े बोनस के रूप में 21 लाख डॉलर दे रहा है। लुकाकु प्रीमियर लीग इतिहास में सबसे बड़े फ्लॉप खिलाड़ियों में शामिल रहे और इटली में वापसी के लिए वेतन में कटौती को तैयार हो गए।

### फार्मूला वन रेस की 11 फरवरी को मेजबानी करेगा हैदराबाद

**नई दिल्ली।** फार्मूला ई रेस का आयोजन अगले साल 11 फरवरी को पहली बार भारत में होगा जब हैदराबाद रेस की मेजबानी करेगा। आयोजकों ने इसकी पुष्टि की। बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट में अक्टूबर 2013 में फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री के आयोजन के बाद देश में यह पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेस होगी जो हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। भारत के अलावा ब्राजील भी 25 मार्च को पहली बार फार्मूला ई रेस की मेजबानी करेगा। फार्मूला ई और मोटरस्पोर्ट्स की संचालन संस्था फिया ने आगामी नौवें सत्र (2022-23) का अस्थाई कार्यक्रम जारी किया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दो बड़े मोटरस्पोर्ट्स स्थल पहली बार फार्मूला ई रेस का स्वागत करेंगे। चैंपियनशिप का चौथा दौर भारत के हैदराबाद में 11 फरवरी को होगा जबकि ब्राजील के प्रशंसक 25 मार्च को सातवें दौर में साओ पाउलो ई-प्री देख पाएंगे। इसी साल तेलंगाना सरकार और फार्मूला ई अधिकारियों ने हैदराबाद में रेस की मेजबानी के लिए लैटर आफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए थे।

### दो बार के विंबलडन चैंपियन मरे दूसरे दौर में हारे

**विंबलडन।** दो बार के विंबलडन चैंपियन एंडी मरे को बुधवार को यहां आल इंग्लैंड क्लब पर पुरुष एकल के दूसरे के मुकाबले में जॉन इसनर के खिलाफ चार सेट में हार का सामना करना पड़ा मरे को 20वें वरीय अमेरिकी खिलाड़ी ने 6-4, 7-6 (4), 6-7 (3), 6-4 से हराया। मरे से पहले मेजबान देश की एक और शीर्ष खिलाड़ी और गत अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को भी फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के खिलाफ महिला एकल के दूसरे दौर में सीधे सेट में 3-6, 3-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी मरे 2013 में विंबलडन खिताब जीतने वाले 77 साल में ब्रिटेन के पहले पुरुष एकल चैंपियन बने थे। उन्होंने इसके बाद 2016 में एक बार और विंबलडन का एकल खिताब जीता। पिछले 13 मौकों पर मरे हमेशा विंबलडन के कम से कम तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे थे। उन्हें 2005 में पदार्पण करते हुए और 2021 में तीसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसनर तीसरे दौर में 10वें वरीय यानिक सिनर से भिड़ेंगे। पुरुष वर्ग में बुधवार को तीन बार के गत चैंपियन नोवाक जोकोविच और पांचवें वरीय कार्लोस अल्कराज जीत दर्ज करने में सफल रहे लेकिन फ्रेंच ओपन उप विजेता तीसरे वरीय कास्पर रूड को उगो हंबर्ट ने 3-6, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। पंद्रहवें वरीय रिली ओपेल्का को भी टिम वैन रिथोवन ने 6-4, 6-7 (8), 7-6 (7), 7-6 (4) से हराया दसवीं वरीय राडुकानु के अलावा दूसरी वरीय एनेट कोंटावीट को भी जर्मनी की ज्यूल नीमियर के खिलाफ 4-6, 0-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। 2017 की चैंपियन नौवीं वरीय गरबाइन मुगुरुजा को ग्रीट मिनेन ने 6-4, 6-0 से हराया। महिला वर्ग में 2021 की उप विजेता कैरोलिना प्लिसकोवा, आठवीं वरीय जेसिका पेगुला, तीन बार की मेजर चैंपियन एंजेलिक कर्बर और 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें श्रीलंका के खिलाफ सभी विभागों में सुधार पर

## दो दिग्गज खिलाड़ियों मिताली और झूलन के बिना होगी भारतीय टीम

**एजेंसी।** पालेकल



**मिताली** राज के बिना 50 ओवर क्रिकेट में नए युग की शुरुआत कर रही भारतीय टीम की नव नियुक्त कप्तान हरमनप्रीत कौर शुक्रवार से मेजबान श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में अपनी खिलाड़ियों से सभी विभागों में सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी।

भारतीय टीम अपनी दो दिग्गज – मिताली और झूलन गोस्वामी के बिना होगी। मिताली ने इस महीने के शुरू में क्रिकेट से संन्यास ले लिया जबकि झूलन की मांसपेशियों में खिंचाव है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की दोनों शानदार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति कप्तान कौर के लिए वनडे श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले कई चिंताओं में से एक होगी। भारतीय टीम ने हालांकि दौरे की सकारात्मक शुरुआत की है, उसने टी20 श्रृंखला में 2–1 से जीत दर्ज की। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन परफेक्ट से काफी दूर रहा लेकिन अब जब प्रारूप बदलेगा तो टीम की नियमित खिलाड़ी निचली रैंकिंग (नौंवी) की श्रीलंकाई टीम के खिलाफ दबदबे भरा प्रदर्शन करना चाहेंगी। मिताली के संन्यास लेने के बाद कौर को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी गई। उन्होंने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यह मेरे लिए भी नई यात्रा है।

उन्होंने कहा, मेरा मुख्य लक्ष्य हमारी फिटनेस और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना है। ए दो विभाग हैं जिसमें मैं व्यक्तिगत रूप से टीम से अच्छा प्रदर्शन चाहती हूं। दाम्बुला की धीमी पिच पर बल्लेबाज जूझती नजर आईं जिससे भारतीय टीम सभी तीन टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 140 रन से ऊपर का स्कोर नहीं बना पाई। अब स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा 50 ओवर के प्रारूप में बेहतर और निरंतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाए होंगी। भारत ने पिछला 50 ओवर का मैच मार्च में विश्व कप के दौरान खेला था जब टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही थी। भारतीय बल्लेबाजी इकाई तब बतौर ग्रुप आक्रामक खेल दिखाने में विफल रही थी और टीम अपनी कमजोरियों में सुधार के लिए बेताब होगी। कौर खुद शानदार फॉर्म में हैं। टी20 श्रृंखला में अपनी टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने के बाद अगर कप्तान अपनी शीर्ष फॉर्म बरकरार रख पाती हैं और साथ में आल राउंडर पूजा वस्त्राकर भी अच्छा खेलती हैं तो भारत के लिए यह अच्छा होगा। युवा विकेटकीपर रिचा घोष भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना चाहेंगी। अनुभवी झूलन की अनुपस्थिति में वस्त्राकर, सिमरन बहादुर, मेघना सिंह और रेणुका सिंह वाली युवा और कम अनुभवी तेज गेंदबाजी इकाई की श्रीलंकाई बल्लेबाजी लाइन-अप के सामने परीक्षा होगी जिसमें चामरी अटापट्टू शामिल हैं। स्पिनरों ने अपनी भूमिका अच्छे से निभाई लेकिन तीसरे मैच में वे जूझती नजर आईं। पूनम यादव और राजेश्वरी गायकवाड़ लंबे प्रारूप में अच्छा करने को प्रतिबद्ध होंगी। कौर और हरलीन देओल भी कुछ उपयोगी ओवर डाल सकती हैं।

मेहमान टीम को अपने क्षेत्ररक्षण पर भी काम करना होगा। टी20 श्रृंखला के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने कई रन आउट के मौके गंवाए और कैच भी टपकाए।

### टीम इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, रिचा घोष (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल।

**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करूणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रमा, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी राणासिंघे, इनोकी राणावीरा, सत्या संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवांडी।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।**

# एआईएफएफ महासचिव कुशाल दास ने इस्तीफा दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**विवादों** का हिस्सा रहे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव कुशाल दास ने स्वास्थ्य कारणें से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस तरह उनके 12 साल के कार्यकाल का अंत हुआ जिस दौरान उन पर कई बार वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे।

वर्ष 2010 में पद संभालने वाले दास स्वास्थ्य कारणों से 20 जून से छुट्टी पर थे। फुटबॉल जगत में हालांकि कईयों का कहना है कि प्रशासकों की समिति (सीओए) ने उन्हें काम से अलग रखा था क्योंकि नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) के आडिट में कई वित्तीय अनियमितताओं का पता चला जिनकी जांच चल रही है। एआईएफएफ ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव कुशाल दास ने चिकित्सा कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ उनके फैसले का सम्मान करता है और उनके कार्यकाल के दौरान योगदान तथा मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद देता है। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

बयान के अनुसार, कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर महासंघ के दैनिक प्रशासनिक कार्यों के लिए जिम्मेदार होंगे। दास ने इस्तीफा सीओए को भेजा जो चुनाव समय पर नहीं कराने के कारण उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रफुल्ल पटेल की अगुआई वाले पदाधिकारियों को बाहर किए जाने के बाद फिलहाल भारतीय फुटबॉल का संचालन कर रहे हैं। एआईएफएफ महासचिव के रूप में दास का कार्यकाल अधिकांश समय पटेल की अध्यक्षता के दौरान ही रहा। कैग ने हाल में पटेल के कार्यकाल के दौरान एआईएफएफ के खातों का आडिट किया। दास पर इससे पहले एआईएफएफ की महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। संस्थान को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब आंतरिक शिकायत समिति ने उन्हें पाक साफ करार दिया। इस समिति में शामिल अधिकांश लोग उनके अंतर्गत काम करने वाले व्यक्ति थे।

सीओए को साथ ही पता चला कि एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के भविष्य की भविष्यवाणी के लिए एक ज्योतिष कंपनी को 16 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। हाल में एक अन्य शिकायत सामने आई जिसमें इंडियन एरोज के पूर्व खिलाड़ियों के ट्रांस्फर से जुड़े कुछ संदिग्ध करार में अहदाबाद की फुटबॉल अकादमी का नाम बार-बार आया। वर्ष 2010 में एआईएफएफ से जुड़ने से पहले दास ने दो साल तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में काम किया। दास के कार्यकाल के दौरान भारतीय राष्ट्रीय टीम ने तीन बार एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया लेकिन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले आयोजित नहीं करा पाने के कारण उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।

# अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के कोच को यूरोप से बुलाया



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारतीय** अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के साथ जुड़े कोच को यूरोप के मौजूदा ट्रेनिंग दौरे पर एक नाबालिग खिलाड़ी से दुर्व्यवहार के आरोप में निलंबित किया गया है और नॉर्वे से वापस बुलाया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को इस घटना की जानकारी दी है। सीओए के बयान के अनुसार, अंडर-17 महिला टीम में दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है, टीम अभी यूरोप के अनुभव दौरे पर है। अनुशासनहीनता के मामले में एआईएफएफ की शून्य सहिष्णुता की नीति है। शुरुआती कार्रवाई के तहत महासंघ ने आगे की जांच लंबित रहने तक संबंधित व्यक्ति को अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। इसमे कहा गया, एआईएफएफ ने संबंधित व्यक्ति को टीम के साथ सभी तरह का संपर्क रोकने और भारत तुरंत वापस लौटने को कहा है। उसे स्वदेश लौटने पर आगे की जांच के लिए निजी रूप से पेश होने को कहा गया है।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिए टीम अभी यूरोप दौरे पर है। विश्व कप का आयोजन भारत में 11 से 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। सीओए ने इस मामले में शामिल व्यक्ति के नाम का खुलासा नहीं किया है लेकिन सूत्रों ने दावा किया है कि वह टीम के सहायक कोच एलेक्स एंब्रोस है जिन्होंने नाबालिग खिलाड़ी को अनुचित काम में शामिल होने के लिए बाध्य किया। सूत्र के अनुसार मुख्य कोच थॉमस डेनर्बी स्वयं इस घटना के गवाह थे और उन्होंने तुरंत एआईएफएफ को सूचित किया। सूत्र ने कहा, डेनर्बी के यूरोप से रिपोर्ट भेजने के बाद सीओए ने तुरंत कार्वाई की और साइ को सूचित किया। दोषी को बिना समय बर्बाद किए वापस बुला लिया गया। एम्ब्रोस को आपराधिक आरोपों का भी सामना करना होगा क्योंकि लड़की नाबालिग है।

पिछले कुछ समय में भारतीय खेलों में यौन उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं। हाल में एक महिला साइकिलिस्ट ने राष्ट्रीय कोच पर स्लोविनया के ट्रेनिंग दौरे के दौरान अनुचित बर्ताव का आरोप लगाया था। कोच को बर्खास्त किया गया और वह विस्तृत जांच का सामना कर रहा है। महिला सेलर (नौकायन खिलाड़ी) ने भी विदेशी दौरे के दौरान अपने साथ गए कोच पर उन्हें असहज करने के आरोप लगाए।

# राहुल की जर्मनी में सफल सर्जरी कुछ महीनों तक हो सकते हैं बाहर



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सीनियर बल्लेबाज को कुछ वर्षों से फिटनेस समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है**

भारत के सीनियर सलामी बल्लेबाज और नियमित उप कप्तान लोकेश राहुल का जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया का सफल आपरेशन हुआ और उनके कुछ और महीनों तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहने की संभावना है।

इसी महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर होने को बाध्य हुए राहुल को पिछले कुछ वर्षों में पेट के नीचे के हिस्से से जुड़ी फिटनेस समस्याओं का सामना करना पड़ा है जिसमें ग्रोइन में खिंचाव और पैर की मांसपेशियों की चोट भी शामिल है। राहुल ने ट्वीट किया, पिछले कुछ हफ्ते काफी मुश्किल रहे लेकिन सर्जरी सफल रही। मैं ठीक हो रहा हूं और अच्छी तरह उबर रहा हूं। मेरे उबरने का सफर शुरू हो चुका है। आपके संदेशों और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। जल्द ही मिलते हैं। पिछले आठ साल में 30 साल के राहुल ने भारत की ओर से 42 टेस्ट, 42 एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय और 56 टी20 अंतराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं।

भारत लौटने पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की खेल विज्ञान टीम के प्रमुख डॉ. नितिन पटेल की अगुआई में उनका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। राहुल की वापसी की समय सीमा तय नहीं की जा सकती लेकिन मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का मानना है कि उन्हें भारतीय टीम की ओर से वापसी करने में कुछ और महीने का समय लग सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, वह कुछ दिन आराम करेगा और फिर एनसीए में उसका रिहैबिलिटेशन शुरू होगा। नियमित नेट सत्र शुरू करने से पहले कुछ हफ्तों का समय लगेगा और देखते हैं कि क्या वह एशियाई कप के लिए वापसी कर पाएगा। लेकिन अभी यह तय नहीं है। राहुल खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल हैं।

# रोनाल्डो के वकीलों ने वेगास मामले में महिला की वकील से 626,000 डॉलर मांगे

**लास वेगास।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के वकीलों ने अमेरिकी न्यायाधीश से उस महिला की वकील को इस स्टार फुटबॉल खिलाड़ी को छह लाख 26 हजार डॉलर से अधिक का भुगतान करने का निर्देश को कहा है जिसकी मुवक्किल ने रोनाल्डो पर लगभग एक दशक पहले लास वेगास में बलात्कार का आरोप लगाते हुए अदालत में मामला दायर करके लाखों डॉलर की मांग की थी। कड़े शब्दों में तैयार किए गए अदालती दस्तावेज में रोनाल्डो के वकील पीटर क्रिस्टियनसेन ने अमेरिकी जिला न्यायाधीश जेनिफर डोर्सी से कहा कि महिला की वकील लेस्ली मार्क स्टोवल इस राशि के भुगतान के लिए निजी तौर पर जिम्मेदार हैं। स्टोवल ने बुधवार को फोन या ईमेल संदेश पर प्रतिक्रिया नहीं दी।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर कोविड का साया

## स्ट्राइकर गुरजंत और कोच ग्राहम रीड पॉजिटिव पाए गए

**एजेंसी।** बेंगलुरू



**राष्ट्रमंडल** खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के तैयारी शिविर पर बृहस्पतिवार को कोविड-19 का प्रकोप दिखा जब स्ट्राइकर गुरजंत सिंह और मुख्य कोच ग्राहम रीड सहित पांच खिलाड़ी वायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए।

बुधवार सुबह आरटी-पीसीआर परीक्षण किया गया था। संक्रमित लोगों में हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं और उन्हें यहां पृथकवास पर रखा गया है। हॉकी इंडिया ने बिना किसी का नाम लिए मीडिया विज्ञप्ति में कहा, राष्ट्रमंडल खेल 2022 की तैयारी कर रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के दो खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के तीन सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम के एक सूत्र ने बताया, गुरजंत और ग्राहम रीड संक्रमित हो गए हैं। टीम का वीडियो विश्लेषक अशोक कुमार चिन्नास्वामी भी पॉजिटिव पाया गया है। गुरजंत के अलावा पॉजिटिव पाए गए खिलाड़ी आशीष कुमार टोप्नो हैं।

यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के परिसर में चल रहे शिविर में 31 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिसमें पीआर श्रीजेश, मनप्रीत सिंह, पवन, ललित कुमार उपाध्याय, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार और अमित रोहिदास शामिल हैं। खिलाड़ी एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ खेलने के बाद शिविर में पहुंचे हैं। शिविर 23 जुलाई को संपन्न होगा जिसके बाद टीम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगी।

# टेस्ट टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहा हूं, और प्रभाव डालने के लिए तैयार

**एजेंसी।** बर्मिंघम

भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले भारतीय आल राउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा कि वह टीम में अपनी भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं और जब तक मुख्य गेंदबाज ब्रेक पर हैं तो वह निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर और प्रभाव डाल सकते हैं।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ठाकुर ने बीसीसीआई टीवी से कहा, इस समय हमारे तेज गेंदबाजी विभाग में हर कोई अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें (मोहम्मद) शमी, (जसप्रीत) बुमराह, उमेश (यादव – जब भी उन्हें मैच मिलता है) शामिल हैं। इशांत (शर्मा) इसमें थे और आमतौर पर वे नई गेंद से शुरुआत करते और कई दफा ऐसा होता कि वे पहले स्पैल में दो-तीन विकेट झटक लेते और मुझे बाद में गेंदबाजी का मौका मिलता। ठाकुर अकसर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वह मुश्किल परिस्थितियों में गेंदबाजी करना पसंद करते हैं और वह प्रभाव डालने के लिए इसे सही समय भी मानते हैं। उन्होंने कहा, मौका तब बनता है जब कोई भागीदारी हो रही होती है और मुख्य गेंदबाज को आराम दिया जाना है



और तीसरे और चौथे गेंदबाज को स्पैल में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इस मौके पर, मेरे लिए एक विकेट चटकाने और टीम के लिए कुछ करने का मौका रहता है।

ठाकुर ने कहा, मुझे लगता है कि इस तरह की स्थितियों में गेंदबाजी करना मेरा काम है और मुझे यह पसंद है क्योंकि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे खेल पर असर पड़ता है। पालघर के इस तेज गेंदबाज ने ओवल में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड पर 157 रन की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। ठाकुर उस भारतीय टीम में शामिल हैं जो शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट में खेलेगी। तीस साल के इस गेंदबाज ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड गेंदबाजों के लिए जन्नत की तरह है, वे ऐसा इसलिए कहते हैं क्योंकि गेंद काफी स्विंग करती है और कभी कभार आप एक ही स्पैल में काफी विकेट झटक लेते हो। इसलिए मुझे लगता है कि क्रिकेट खेलने और गेंदबाजी करने के लिए इंग्लैंड मेरे पसंदीदा स्थल में से एक है। इंग्लैंड में काफी लेटरल मूवमेंट होता है और यह आप पर निर्भर करता है कि आप इसका इस्तेमाल किस तरह करते हो।

ठाकुर ने ओवल में चौथे टेस्ट में अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने दो महत्वपूर्ण अर्धशतक जड़ने के साथ दोनों पारियां में अहम विकेट चटकाए थे।